संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 09 जनवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 09 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# आंध्र का विकास हमारा विजन है: पीएम

● पीएम ने मोदी आंध्र प्रदेश में रोड शो किया, 2 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स का किया शिलान्यास-उद्घाटन

**विकास पर बल**

**2024 में लगातार तीसरी बार पीएम का पद संभालने के बाद मोदी का यह राज्य का पहला दौरा है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**विशाखापट्टनमः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण के साथ विशाखापत्तनम में रोड शो किया। इस बीच में मोदी-मोदी के नारे लगे। रैली के बाद पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है। यहां के लोगों की सेवा करना हमारी प्रतिबद्धता है। 2024 में लगातार तीसरी बार पीएम का पद संभालने के बाद मोदी का यह राज्य का पहला दौरा है। उन्होंने 1.85 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं का वर्चुअली शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने पुडीमडका में बन रहे ग्रीन हाइड्रोजन हब प्रोजेक्ट की भी नींव रखी। विकास परियोजनाओं के तहत 300 एकड़ में 25 इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा सड़कें, इंडस्ट्रियल सेंटर, पोर्ट और केमिकल स्टोरेज जैसे प्रोजेक्ट्स की आधारशिला भी रखी गई। ग्रीन हाइड्रोजन हब प्रोजेक्ट 1200 एकड़ में बनेगा ग्रीन हाइड्रोजन हब प्रोजेक्ट को गंगावरम पोर्ट के पास लगभग 1200 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। इसकी लागत 1.85 लाख करोड़ रुपए है। जिसका 20 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी विकसित करना है। यहां रोज 1500 टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन होगा। ग्रीन अमोनिया, ग्रीन मेथनॉल और यूरिया समेत ग्रीन केमिकल्स का उत्पादन भी किया जाएगा। पीएम मोदी प्रोजेक्ट्स का भी शुभारंभ व शिलान्यास किया प्रधानमंत्री 1518 करोड़ रुपए से 2500 एकड़ जमीन पर बने कृष्णापटनम इंडस्ट्रियल हब का वर्चुअली शुभारंभ किया। इससे 50 हजार लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। नक्कापल्ली में 1877 करोड़ रुपए के बल्क ड्रग पार्क की वर्चुअली आधारशिला रखी गई। यह 11542 करोड़ रुपए की लागत से 2002 एकड़ जमीन पर बनेगा। जिससे 54 हजार लोगों को नौकरी मिलने की उम्मीद है। तिरुपति जिले में चेन्नई-बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तहत ग्रीनफील्ड इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी बनाई जाएगी। इससे राज्य में 10500 करोड़ रुपए का निवेश आने और एक लाख लोगों को नौकरियां मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री रेलवे और सड़क परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत 19500 करोड़ रुपए है। गुंटूर, बीबीनगर, गूटी और पेंडेकल्लू के बीच रेलवे डबलिंग वर्क्स की आधारशिला रखी।

**ग्रीनफील्ड इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी बनाई जाएगी**

तिरुपति जिले में चेन्नई-बेंगलुरु इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तहत ग्रीनफील्ड इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी बनाई जाएगी। इससे राज्य में 10500 करोड़ रुपए का निवेश आने और एक लाख लोगों को नौकरियां मिलने की उम्मीद है।आंध्र प्रदेश में बीजेपी, टीडीपी और जनसेना गठबंधन की सरकार आंध्र प्रदेश में एनडीए गठबंधन में शामिल टीडीपी और जनसेना ने मिलकर सरकार बनाई है। 2024 में राज्य की कुल 175 सीटों में से टीडीपी को 135, जनसेना पार्टी को 21 और भाजपा को 8 पर जीत मिली थी।

# एक देश एक चुनाव पर जेपीसी की पहली बैठक




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** एक देश-एक चुनाव के लिए संसद में पेश हुए 129वें संविधान संशोधन बिल पर बुधवार को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की पहली बैठक हुई। मीटिंग में सांसदों को कानून मंत्रालय ने 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट सूटकेस में रखकर दी। मीटिंग के बाद भाजपा सांसद संबित पात्रा, आप सांसद संजय सिंह सहित कई सांसद यह रिपोर्ट सूटकेस में ले जाते दिखे थे। बैठक में कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने प्रस्तावित कानूनों के प्रावधानों पर प्रेजेंटेशन दी। भाजपा ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि यह देशहित में है। वहीं, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इसे संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। जेपीसी को बजट सत्र के पहले हफ्ते के आखिरी दिन तक अपनी रिपोर्ट संसद में पेश करनी होगी। संसद में बिल पेश करने के लिए वोटिंग कराई गई थी। कानून मंत्री मेघवाल ने 17 दिसंबर को लोकसभा में एक देश-एक चुनाव को लेकर संविधान संशोधन बिल रखा था।

**प्रेजेंटेशन**

**सांसदों को 18 हजार पेजों की रिपोर्ट मिली; कांग्रेस ने ड्राफ्ट को संविधान विरोधी बताया**

# पीएम मोदी ने काम करने का नजरिया बदलाः एस. जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**भुवनेश्वरः** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारों के काम करने का नजरिया बदल दिया है। उन्होंने देश को 'चलता है' से 'होगा कैसे नहीं' वाला एटिट्यूड दिया है। जयशंकर ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में बोल रहे थे। भुवनेश्वर में 8 से 10 जनवरी तक 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी 9 जनवरी को सुबह 10:00 बजे इसका उद्घाटन करेंगे। इसमें 50 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। पीएम गुरुवार को भारत की वैश्विक भागीदारी के बढ़ते महत्व और देश के भविष्य को आकार देने में प्रवासी समुदाय की भूमिका पर बोलेंगे। इससे पहले जयशंकर ने बुधवार को वैश्विक विकास को आगे बढ़ाने में भारत की युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु की एक याद साझा की। उन्होंने कहा कि सिंधु ने पीएम को यूथ आइकन बताया था। सिंधु ने कहा था कि पीएम मोदी ने देश को 'चलता है' से 'होगा कैसे नहीं' वाला एटिट्यूड दिया है।



**दो टूक**

**पहले की सरकारें कहती थीं- चलता है, अब होगा कैसे नहीं वाला एटिट्यूड: एस. जयशंकर**

## एसबीआई ने 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.3 फीसदी रहने की उम्मीद जताई है, जो एक दिन पहले जारी सरकार के 6.4 फीसदी के अनुमान से थोड़ा कम है। एसबीआई ने बुधवार को जारी एक शोध रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करने वाली कई चुनौतियों के कारण जीडीपी का 'नीचे की ओर झुकाव' होगा। एसबीआई के जीडीपी का अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के चालू वित्त वर्ष में देखी गई 6.4 फीसदी वृद्धि के नवीनतम अनुमान से भी कम है।



बिछी सफेद चादर। श्रीनगर-लेह रोड, मुगल रोड, सेमथान-किश्तवाड़ रोड बर्फबारी के कारण बंद हैं।

## क्या कमजोर दिमाग की महिला मां नहीं बन सकतीः हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः** महिला के पिता ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि उनकी बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ है। हालांकि वह प्रेग्नेंसी जारी रखना चाहती है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को एक सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से सवाल किया कि मानसिक रूप से कमजोर महिला को क्या मां बनने का अधिकार नहीं है। अगर हम ऐसा कहते है कि कम दिमाग वाले व्यक्ति को पेरेंट बनने का अधिकार नहीं तो यह कानून के खिलाफ होगा। जस्टिस आर.वी. घुगे और जस्टिस राजेश पाटिल की डिवीजन बेंच 27 वर्षीय महिला के पिता की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। महिला के 21 हफ्ते की गर्भवती है और उसके पिता उसे मानसिक रूप से कमजोर बताकर अबॉर्शन कराने की इजाजत मांग रहे हैं। पिता का तर्क था कि उनकी बेटी मानसिक रूप से अस्वस्थ और अविवाहित है। उन्होंने पिछली सुनवाई में बताया कि उसकी बेटी गर्भावस्था को जारी रखना चाहती है। इसके बाद बेंच ने जेजे अस्पताल के चिकित्सा बोर्ड को महिला की जांच करने का आदेश दिया था।
महिला प्रेग्नेंसी जारी रखने के लिए मेडिकली फिट मेडिकल बोर्ड की तरफ से बुधवार को पेश की गई रिपोर्ट के मुताबिक, महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ या बीमार नहीं है, लेकिन 75% कद के साथ बौद्धिक विकलांगता की सीमा पर है।

# विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है और कर्मचारी इस मंदिर के स्तंभः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है और कर्मचारी इस मंदिर का स्तंभ है। किसी भी संस्थान की नींव कर्मचारी होते हैं और यह नींव रूपी कर्मचारी ही किसी संस्थान की मजबूती का प्रमाण होते हैं। इसलिए कर्मचारियों को स्वयं को अधिक से अधिक निपुण बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री आज सेक्टर 26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में हरियाणा विधानसभा के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण और लोकसभा के संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की निदेशक जुबी अमर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम लोकतंत्र के ऐसे मंदिर में काम करते हैं, जहां प्रदेश के विकास से जुड़े जनहित के निर्णय लिए जाते हैं। इस महत्वपूर्ण संस्थान (विधानसभा) को सुचारू रूप से संचालित करने में हम सभी की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि आप सभी की निष्ठा, समर्पण ही इस संस्थान की मजबूती और विश्वसनीयता का आधार है। इसलिए, हम सभी का आचरण मर्यादित होना चाहिए। हम सभी का लक्ष्य विधानसभा की गरिमा को बनाए रखना है।

**कार्यशाला**

**सीएम ने विधानसभा के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए 2 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का किया शुभारंभ**



# राज्यों के पास फ्रीबीज के लिए पैसा हैः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फ्रीबीज मामले पर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि राज्यों के पास मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के लिए पैसे हैं, लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं है। राज्य सरकारों के पास उन लोगों के लिए पूरा पैसा है जो कुछ नहीं करते, लेकिन जब जजों की सैलरी की बात आती है तो वे वित्तीय संकट का बहाना बनाते हैं। जस्टिस बीआर गवई और एजी मसीह की बेंच ने महाराष्ट्र और दिल्ली चुनाव में की गई घोषणाओं का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आता है तो वे लाड़ली बहना जैसी योजनाएं लागू करने के वादे करते हैं। दिल्ली में भी कोई 2100 तो कोई 2500 रुपए देने की बात कर रहा है। यह सुनवाई ऑल इंडिया जजेस एसोसिएशन की तरफ 2015 में दायर की गई याचिका पर हो रही थी, जिसमें जजों की पेंशन और वेतन में सुधार की मांग की गई है। मामले की सुनवाई कल भी होगी।



**कोर्ट बोला- अगर सरकार कोई नोटिफिकेशन जारी करे तो बताए**
अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणि ने कहा कि सरकार ने नई पेंशन स्कीम में वित्तीय दबाव को ध्यान में रखा है। साथ ही उन्होंने मामले की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया। इसे खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह मामला कई सालों से लंबित है और अगर सरकार कोई नया नोटिफिकेशन जारी करती है तो वह कोर्ट को सूचित कर सकती है।

# निराशाजनक आंकड़े नए केंद्रीय बजट के लिए चिंताजनकः कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए केंद्र सरकार द्वारा जीडीपी ग्रोथ में गिरावट के अनुमान को निराशाजनक बताया है। पार्टी का कहना है कि अर्थव्यवस्था से सम्बंधित लगातार सामने आ निराशाजनक आंकड़े आगामी केंद्रीय बजट के लिए चिंताजनक पृष्ठभूमि तैयार करते हैं। कांग्रेस महासचिव (संचार) एवं सांसद जयराम रमेश ने बुधवार को यहां एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025 में सिर्फ 6.4 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का अनुमान है। यह चार साल का सबसे निचला स्तर है और वित्त वर्ष 2024 में दर्ज 8.2 प्रतिशत के ग्रोथ की तुलना में स्पष्ट गिरावट है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के हालिया 6.6 प्रतिशथ के ग्रोथ के उस अनुमान से भी कम है, जो खुद ही पहले के 7.2 प्रतिशत अनुमान से कम है। कुछ ही हफ़्तों में भारतीय अर्थव्यवस्था निचले स्तर पर आ गई है। अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर उस तरह से नहीं बढ़ रहा है, जिस तरह से बढ़ना चाहिए। सरकार अब देश के ग्रोथ में गिरावट की वास्तविकता और इसके विभिन्न पहलुओं से इनकार नहीं कर सकती है।
जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश की उपभोग कहानी रिवर्स स्विंग में चली गई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है।



**रिवर्स स्विंग**

**जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश की उपभोग कहानी रिवर्स स्विंग में चली गई है**

# हरियाणा में इसी साल लागू होगी नई शिक्षा नीति

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। हरियाणा के** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को 2025 में लागू करने के लिए शिक्षा विभाग की पुरजोर तैयारी है। आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, सोनीपत व गुरुग्राम में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों के साथ-साथ शिक्षाविदों के सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे और ऑनलाइन पोर्टल भी जारी किया जाएगा। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा बुधवार को दिल्ली के हरियाणा भवन में एनईपी के संबंध में लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग, रोहतक व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने से पहले स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में सुझाव पेटिका रखने के निर्देश दिए गए हैं।



## यूपी में ठंड से 72 घंटे में 29 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर/नई दिल्ली**
**उत्तर प्रदेश में पिछले 72** घंटे में ठंड से 29 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटे में ही 4 लोगों ने दम तोड़ दिया। यहां 16 जिले में कोल्ड डे का अलर्ट है। 2 दिन बाद कई जिलों में बारिश और ओले भी गिर सकते हैं। मध्य प्रदेश और राजस्थान के भी 35 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के नागौर में तापमान 2.5 डिग्री तक पहुंच गया। तमिलनाडु के उदगमंडलम (ऊटी) में एवलांच भी आया। यहां तापमान जीरो डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। इसके कारण कंथल और थलाईकुंठा जैसे इलाकों में पाले की स्थिति है।

**निर्यात** चिराग पासवान ने इंडसफूड 2025 के 8वें संस्करण का किया उद्घाटन

# प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भारत के विकास की कुंजीः चिराग पासवान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इंडसफूड भारत की सबसे बेहतरीन और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त व्यापार प्रदर्शनियों के एक रूप में उभरा है, जो एफएंडबी क्षेत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार संपर्क प्रदान करता है। इसके साथ ही भारत के एफएंडबी निर्यात को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करता है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में इंडसफूड 2025 के 8वें संस्करण के उद्घाटन के बाद यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में इंडसफूड को एक व्यापक खेत से खाने तक के व्यापार मेले में बदलना भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद का एक दूरदर्शी कदम है। पासवान ने इंडसफूड 2025 को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत अपनी विविधता के लिए जाना जाता है। हमारा लक्ष्य इस विविधता को दुनिया के सभी कोनों तक ले जाना है, इसी सोच के साथ हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर रहे हैं। व्यंजन सीमाओं तक सीमित नहीं हैं।



**विविधता**

**इंडसफूड भारत की सबसे बेहतरीन और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त व्यापार प्रदर्शनियों के एक रूप में उभरा है**

गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में स्थित इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) में आयोजित इंडसफूड 2025 के 8वें संस्करण में बतौर मुख्य अतिथि बाबा रामदेव ने इंडसफूड को आहार का महाकुंभह्व बताया, जहां 130 देशों से आए दुनिया के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शेफ की मौजूदगी इस बात का सबूत है कि दुनिया भारतीय व्यंजनों और भोजन को आजमाने के लिए यहां आई है। उन्होंने कहा कि भारतीय भोजन, भारतीय व्यवहार और भारतीय विचार का दुनियाभर में सम्मान किया जाता है और हम जानते हैं कि यह भारत की ताकत है, जिसे पूरी दुनिया मानती है। इस अवसर पर एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत पहले से ही वैश्विक खाद्य निर्यात में सातवें स्थान पर है, पिछले साल निर्यात में 50 अरब अमरीकी डालर का आंकड़ा छू लिया है।

# गाजियाबाद में वाहन चोरी रैकेट का भंडाफोड़





**गाजियाबाद।** गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने वाहन चोरी करने वाले दो आरोपितों को एक बाइक मैकेनिक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी की 22 बाइकें बरामद की है, जिनको यह गिरोह बेचने की तैयारी में था। पकड़े गए आरोपितों ने दिल्ली, नोएडा सहित एनसीआर के अन्य जिलों से दो साल में सौ से अधिक बाइकें चोरी कर अलीगढ़ में बेची हैं। एक लाख रुपये से अधिक कीमत की बाइकों को महज आठ से दस हजार रुपये में खरीदने वालों ने बाइकों के कागज भी नहीं मांगे। पुलिस को शक है कि सस्ते दाम में जानबूझकर चोरी की बाइकें खरीदी गई हैं। अब इन बाइकों को खरीदने वालों की जानकारी में पुलिस की टीम जुटी है।

**सोनू को कविनगर क्षेत्र से पकड़ा गया-पुलिसः** एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि बुधवार को चेकिंग के दौरान अलीगढ़ के नौगावां के विजय यादव, कासगंज के राणा मऊ गांव के पिंटू सोलंकी और अलीगढ़ के बिजोली नगला के सोनू को कविनगर क्षेत्र से पकड़ा गया है। पूछताछ में विजय ने बताया कि 10वीं तक पढ़ने के बाद वह नोएडा में सेक्टर - 63 में किराए पर कमरा लेकर एक्सपोर्ट कंपनी में प्रेसिंग का करने लगा था। चार साल पहले उसकी मुलाकात लोनी के कृष्णा और राजा से हुई, जो वाहन चोरी का काम करते थे। ज्यादा रुपये कमाने के चक्कर में विजय भी उनके साथ बाइक चोरी करने लगा। कुछ दिन बाद ही कृष्णा और राजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, विजय बचकर गांव भाग निकला था।

**हापुड़ पुलिस ने साल 2022 में किया था गिरफ्तार :** इसके बाद उसे हापुड़ पुलिस ने वर्ष 2022 में गिरफ्तार किया। जेल से छूटने के बाद उसने अपने चार साथी पिंटू सोलंकी , राहुल, अभिषेक व सोनू के साथ एक अलग गिरोह बना लिया और वाहन चोरी की वारदात करने लगा।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 73/2024–2025 दिनांक 19.11.2024**
**ii) निविदा संख्या 15245006 29.01.2025 को देय है।**

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 06.01.2025 से बढ़ाकर 29.01.2025 कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धि पत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 92/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रिंस, पुत्रः** श्री राजिंदर कुमार, **पताः** ए–78बी, द्वितीय तल, ओल्ड स्लम क्वार्टर्स, पश्चिम पुरी, दिल्ली; **अन्य पताः** गली नं. 2, ओझा नगर, फिरोज़ाबाद, उत्तर प्रदेश ने मुकदमा **FIR No. 437/2021, U/s 420/406 IPC, थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रिंस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रिंस** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 437/2021, U/s 420/406 IPC, थानाः तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रिंस** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. अनीज़ा बिश्नोई
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16396/WD/2024
(Court Matter)


# स्टील कारोबारी के परिवार को घर में बनाया बंधक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** कविनगर में स्टील कारोबारी के परिवार को चाकू के बल पर घर में बंधक बनाकर लगभग दो करोड़ रुपये के जेवर और 30 लाख रुपये की नकदी लूट ली गई। बदमाश कारोबारी के परिवार को चाकू भी मार सकते थे, इस डर के कारण परिवार ने लूट का विरोध नहीं किया तो बच गए। वारदात को घर में काम करने वाले नौकर ने अपने दो साथियों से अंजाम दिलाया है। शिकायत के आधार पर कविनगर पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

**चाकू लेकर घर में घुसे दो बदमाश :** कविनगर में स्टील कारोबारी गौरव गुप्ता परिवार के साथ रहते हैं। वह मंगलवार को कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर थे। घर में उनके पिता आरडी गुप्ता, माता और बेटी थी। आरडी गुप्ता ने बताया कि रात को पौने नौ बजे के करीब वह पत्नी के साथ घर में टीवी देख रहे थे। इस दौरान ही दो युवक अंदर दाखिल हुए, उनके हाथ में चाकू थे।

**जेवर और कैश मांगा, सभी को बनाया बंधक :** उनको देकर जब पूछा कि कौन हो, क्या काम है? तो आरोपियों ने बताया कि वो लुटेरे हैं और घर में लूट करने के लिए आए हैं। जो रुपये और जेवर घर में रखे हैं, वो सब उनको दे दें। आरडी गुप्ता के साथ उनकी पत्नी को भी आरोपियों ने गले पर चाकू लगाकर बंधक बना लिया। इसके बाद उनको ड्रेसिंग रूम में ले गए और अलमारी खुलवाई।

**डायमंड के जेवर ले गए :** अलमारी में रखे लगभग 30 लाख रुपये और दो करोड़ रुपये के जेवर लूट लिए। लूटे गए ज्यादातर जेवर डायमंड के हैं, जो कई वर्ष पहले खरीदे गए थे। इसके बाद आरोपित उनको घर में बंद कर भाग गए। रात दस बजे के करीब जब बाहर से आवाज आना बंद हो गई तब आरडी गुप्ता कमरे से बाहर निकले और बेटे को वारदात की सूचना दी।

**चौकीदार ने नौकर के बारे में बतायाः** उन्होंने बताया कि मुख्य दरवाजे पर रात के वक्त चौकीदार की ड्यूटी थी, चौकीदार ने उनको बताया कि घर में कार्यरत नौकर चंदन रात साढ़े आठ बजे घर से बाहर निकला था। जब चौकीदार ने गेट पर ताला लगाने का प्रयास किया तो चंदन ने यह कहते हुए मना किया कि उसके कुछ मिलने वाले लोग आने वाले हैं। चौकीदार ने इस वजह से गेट बंद नहीं किया था। वारदात के वक्त फोन पर भी आरोपियों ने चंदन का नाम लेकर एक व्यक्ति से बात की थी।


**नोएडा** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइटः www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की www.noidaauthorityonline.in एवं http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त Website देखते रहे।

(अ).

| क्र. सं. | जॉब संख्या/कार्य का नाम | कार्य की लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 77/निदे.(उ.)/उ.निदे.(उ.)–III/2024–25, सैक्टर–138 में पार्क, हरित पटिटका एवं पथवृक्षारोपण का 02 वर्षीय अनुरक्षण कार्य। | 27.80 |

जिन्हें दिनांक **15.01.2025 को सांय 5.00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओ की प्री–क्वालीफिकेशन बिड **दिनांक 16.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे** खोली जायेगी।

(ब).

| क्र. सं. | जॉब संख्या/कार्य का नाम | कार्य की लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 2. | 73/निदे. (उ.)/उ.निदे.(उ.)–II/2024–25, नौएडा सैक्टर– 128 स्थित गोलचक्कर पर Clock Tower का निर्माण कार्य। | 25.06 |
| 3. | 49/निदे. (उ.)/उ.निदे.(उ.)–I/2024–25, सैक्टर– 22 के ए. बी. सी एवं डी ब्लाक के पार्को एवं ग्रीन बैल्ट की सिविल अनुरक्षण का कार्य वार्षिक आधार पर कराने का कार्य। | 21.52 |

जिन्हें दिनांक **22.01.2025 को सांय 5.00 बजे तक** अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त निविदाओं की प्री–क्वालीफिकेशन बिड **दिनांक 23.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे** खोली जायेगी।

निदेशक (उद्यान), नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुलदीप सिंह पुत्र** भूरा सिंह **निवासीः** मकान नं. बी–72, बलबीर विहार, किरारी सुलेमान नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 394/2018, U/S 356/379/411 IPC, पुलिस स्टेशन बेगमपुर, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुलदीप सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 394/2018, U/S 356/379/411 IPC, पुलिस स्टेशन बेगमपुर, रोहिणी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुलदीप सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.02.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
उत्तर–पश्चिम जिला, कोर्ट नं0–101,
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/277/RD/2025
(Court Matter)



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः** 25/01 **दिनांकः** 07.01.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20243764A | रिपेयर किट फॉर इपी रिले वाल्व | 357 सेट | 04.02.2025 |
| 2 | 38243087 | वर्टिकल वियर लाईनर फॉर सेंटर पिवेट बॉटम | 10377 नग | 10.02.2025 |
| 3 | 6324RC20 | रेट कान्ट्रैक्ट फॉर मैन्युफैक्चर एण्ड सप्लाइ ऑफ वेरीअस टाइप्स ऑफ डब्ल्यूसीएमएस क्रॉसिंग विद डिफरेन्ट ड्रा. नं. T-6412 & T-6441. | 1593 सेट | 03.03.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **38/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक नमो भारत के सफर पर ब्रेक, केंद्र ने आपत्तियों के साथ लौटाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ग्रेटर नोएडा के रास्ते गाजियाबाद तक की सीधी कनेक्टिविटी देने वाली नमो भारत रेल के डीपीआर को भारत सरकार ने आपत्तियों के साथ लौटा दिया है। गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से नोएडा एयरपोर्ट के बीच के 72 किमी लंबे रूट और स्टेशन को लेकर फिर से विचार करने की सलाह भी दी गई है। ग्रेटर नोएडा से गाजियाबाद और एयरपोर्ट तक प्रस्तावित कनेक्टिविटी को बड़ा झटका लगने के बाद अब राज्य सरकार ने इन आपत्तियों के निपटारे की जिम्मेदारी एनसीआर प्लानिंग बोर्ड को सौंपी है। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड केंद्र सरकार की सभी आपत्तियों के निपटारे के लिए इस परियोजना के सभी हिस्सेदारों से रायशुमारी करेगा। इसमें स्टेशन और रूट को लेकर भी सुझाव मांगे गए हैं। दरअसल, जेवर में एशिया का सबसे बड़े एयरपोर्ट जल्द ही शुरू होने वाला है। नमो भारत ट्रेन को गाजियाबाद से एयरपोर्ट तक दौड़ाने के लिए 72.4 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड ट्रैक का खाका तैयार किया गया है।

# हिंडन से अयोध्या के लिए मिलेगी सीधी फ्लाइट

**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से अयोध्या सहित देश के अन्य क्षेत्रों के लिए अब बड़ी उड़ान भी हो सकेंगी। हिंडन एयरपोर्ट से व्यावसायिक उड़ान का विरोध कर रहे डायल जीएमआर (दिल्ली एयरपोर्ट इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) के इस मामले में हाई कोर्ट दिल्ली में चल रहे वाद को वापस लेने से यह संभव हुआ है। इसकी पुष्टि एपीडी (एयर पैसेंजर ड्यूटी) हिंडन एयरपोर्ट उमेश यादव ने की। उन्होंने मंगलवार को जानकारी दी कि डायल जीएमआर ने इस मामले में हाई कोर्ट दिल्ली में चल रहा अपना वाद वापस ले लिया है।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों पर रेलगाड़ियों का अस्थायी ठहराव**

**महाकुंभ–2025 के अवसर पर रेलवे ने अप दिशा में झूँसी स्टेशन तथा डाउन दिशा में प्रयागराज रामबाग एवं झूँसी स्टेशनों पर इस मार्ग से होकर गुजरने वाली निम्नलिखित रेलगाड़ियों को अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | चलने के तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) | झूँसी स्टेशन पर अस्थाई ठहराव की समय–सारणी | |
|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान |
| 12559 बनारस – नई दिल्ली शिवगंगा सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 12, 13 , 14 , 24, 25, 26 जनवरी एवं 01, 02, 03, 10, 11, 12, 24, 25, 26 फरवरी 2025 को | 23:53 | 23:58 |
| 12581 बनारस – नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 10, 11, 12, 16, 25, 26, 27, 30, 31 जनवरी एवं 02, 13, 14, 15, 22, 23, 27, 28 फरवरी 2025 को | 00:44 | 00:49 |

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | चलने के तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) | प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर अस्थाई ठहराव की समय–सारणी | | झूँसी स्टेशन पर अस्थाई ठहराव की समय–सारणी | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| 12560 नई दिल्ली – बनारस शिवगंगा सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 12, 13 , 14 , 24, 25, 26 जनवरी एवं 01, 02, 03, 10, 11, 12, 24, 25, 26 फरवरी 2025 को | 04:13 | 04:18 | 04:25 | 04:30 |

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखे।

पर हमें फॉलो करें

95/2025
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिले

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. PC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री दुश्यंत सिंह (टिंकू)** निवासी : बी–सी–52, दूसरा तल, सेक्टर–8, सेक्टर–16 मेट्रो स्टेशन, नोएडा, उ.प्र. और बी–1/46 न्यू अशोक नगर, दिल्ली और गुरूजी इंटरियर शॉप नं. 10, याकुमपुर, तिगडी, गोलचक्र सेक्टर–61 नोएडा उ.प्र. और आई–22, सेक्टर–9, नोएडा, उ.प्र. ने **CC No. 11465/19 u/s 138 NI Act** के अंतर्गत **थाना : दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दुश्यंत सिंह (टिंकू)** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दुश्यंत सिंह (टिंकू)** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 11465/19 u/s 138 NI Act थाना : दरिया गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दुश्यंत सिंह (टिंकू)** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 28.02.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रेया सिंह, जेएमएफसी–05
एनआई एक्ट, कमरा नं. 02
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/183/CD/2025
(court matter)



**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09242019C | एडेप्टर नैरो जॉव | 3370 नग | 30–01–25 |
| 02 | 19244005 | रिसिस्टर ग्रिड एलिमेंट असेम्बली | 740 नग | 03–02–25 |
| 03 | 09242672 | इम्प्रेग्नेटेड कंप्रेस्ड फ्लोर बोर्ड | 1808 नग | 17–02–25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 87/2024–2025 दिनांकः– 08.01.2025 94/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :–

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मै जो कि सुरेंद्र सिंह पुत्र तारा चंद निवासी ग्राम फरमाना. जिला सोनीपत का हूँ और अपने हलफ से ब्यान करता हु कि मेरा लड़का विनय मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है , इसलिये मैं अपने लड़के विनय को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हूँ । भविष्य में विनय से कोई भी अगर लेनदेन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नाम परिवर्तन

मै जो कि मयंक दहिया पुत्र बलबीर सिंह निवासी गॉव बिंधरोली तहसील व जिला सोनीपत का हूँ और अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मैने अपना नाम मयंक से बदलकर मयंक दहिया कर लिया है। अब मुझे भविष्य में मयंक दहिया के नाम से जाना जाता है।

# दिल्ली में आप का शीशमहल बनाम भाजपा का राजमहल

## आप नेताओं की पुलिस से झड़प; भाजपा ने आतिशी को बंगले वाली देवी बताया

**सियासत**

**भाजपा लगातार पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शीश महल (सरकारी आवास) पर करोड़ों रुपये खर्च करने को लेकर घेर रही है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से राष्ट्रीय राजधानी में मुख्यमंत्री आवास का मुद्दा गरमा गया है। भाजपा लगातार पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शीश महल (सरकारी आवास) पर करोड़ों रुपये खर्च करने को लेकर घेर रही है। वहीं आम आदमी पार्टी (आआपा) मुख्यमंत्री आतिशी का बंगला खाली कराने को लेकर भाजपा पर हमलावर हो गई है।

इसी क्रम में बुधवार को आआपा सांसद संजय सिंह और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री के सिविल लाइन स्थित आवास के बाहर धरना दिया। इसके बाद दोनों नेता सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के सरकारी आवास के पास धरने पर बैठ गए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री का सरकारी आवास कोरोना काल के दौरान बना था लेकिन इसमें कोई अनियमितता नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री दोनों के सरकारी आवास करदाताओं के पैसे से बने हैं। अगर टैक्स की बबार्दी का सवाल उठता है, तो दोनों आवासों पर उठना चाहिए, ना कि केवल मुख्यमंत्री के आवास पर। उन्होंने कहा कि हमें दिल्ली पुलिस रोक रही है। सवाल यह है कि वे क्यों नहीं चाहते कि जनता प्रधानमंत्री का आवास देखे। धरने पर बैठे संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का काम केवल झूठ फैलाना है।
दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास को लेकर पूरे देश में झूठा प्रचार किया गया है, जिसमें दावा किया गया है कि मुख्यमंत्री आवास में सोने के टॉयलेट, स्विमिंग पूल, मिनी बार और महंगे झूमर लगे हुए हैं। भाजपा को भारतीय झूठा पार्टी कहता हूं, क्योंकि उनका मुख्य काम झूठ फैलाना है। आज हम सब मिलकर यह देखेंगे कि मुख्यमंत्री के आवास में स्विमिंग पूल, सोने के टॉयलेट और अन्य महंगे सामान कहां हैं।

### सचदेवा ने मुख्यमंत्री आतिशी से पूछे चार सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा बुधवार दोपहर कुछ पार्टी कार्यकताओं एवं पत्रकारों के साथ नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के समीप स्थित 17 एबी मथुरा रोड बंगले पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह बंगला मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना को आवंटित है, लेकिन इसमें मुख्यमंत्री स्वयं कभी नही रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी पर सत्ता के दुरुपयोग कर अपने कुछ राजनीतिक साथियों को बंगले में रखने का आरोप लगाया। सचदेवा ने मुख्यमंत्री से चार सवाल भी किए। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि हम यहां मुख्यमंत्री आतिशी से मिलने आये हैं। उनके न मिलने पर सचदेवा ने मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री से चार सवाल पूछे। सचदेवा ने पहला सवाल पूछ कि आतिशी मार्लेना बताएं 17 एबी मथुरा रोड का बंगला किसको आवंटित है ? कि क्या यह सच नहीं है




कि 17 एबी मथुरा रोड से तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने 1998 से 2004 तक सरकार चलाई थी तो आतिशी मार्लेना क्यों नही चला सकतीं ?

# सीईओ ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक



**निष्पक्ष चुनाव**

**चुनाव पूर्व ब्रीफिंग में आदर्श आचार संहिता, चुनाव व्यय निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 की घोषणा के बाद दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर. एलिस वाज ने बुधवार को राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव व्यय निगरानी उपायों के कार्यान्वयन पर पार्टियों को जानकारी देना था। बैठक में सीईओ ने आदर्श आचार संहिता के पालन के महत्व पर जोर दिया। यह आचार संहिता चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद से लागू हो गई। उन्होंने राजनीतिक अभियानों, नैतिक प्रथाओं और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने वाली गतिविधियों के निषेध के लिए प्रमुख दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला। सीईओ ने चुनाव व्यय की निगरानी के उपायों को भी रेखांकित किया, जिसमें व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, निगरानी दल और उल्लंघनों पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्षों की स्थापना शामिल है।




आम आदमी पार्टी कृष्णा नगर और जनकपुरी के कई कार्यकताओं ने केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा (जनकपुरी) और भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर अनिल गोयल की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

# चुनाव में टीएमसी आआपा को देगी समर्थन : केजरीवाल

**आभार**

**विधानसभा चुनाव में तृणमूल पार्टी द्वारा समर्थन दिए जाने पर व्यक्तिगत रूप से ममता बनर्जी का आभार जताया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पार्टी आम आदमी पार्टी (आआपा) का समर्थन करेगी। इसकी जानकारी खुद आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दी है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में तृणमूल पार्टी द्वारा समर्थन दिए जाने पर व्यक्तिगत रूप से ममता बनर्जी का आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ह्यटीएमसी ने दिल्ली चुनाव में आआपा को समर्थन देने की घोषणा की है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं। धन्यवाद दीदी। आपने हमेशा हमारे अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ दिया है और आशीर्वाद दिया है। उल्लेखनी है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को चुनाव आयोग ने तारीख का ऐलान कर दिया है। पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे और 8 फरवरी को मतगणना होगी। आम आदमी पार्टी ने अभी तक सभी 70 सीटों पर

# सिख दंगा : सरस्वती विहार मामले में सज्जन कुमार के खिलाफ 21 जनवरी को फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के एक मामले में पूर्व कांग्रेसी नेता सज्जन कुमार के खिलाफ दर्ज मामले पर 21 जनवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 8 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 4 दिसंबर, 2021 को सज्जन कुमार के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। सज्जन कुमार ने 16 दिसंबर, 2021 को इस मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए ट्रायल का सामना करने की बात कही थी। यह मामला 01 नवंबर, 1984 का है,



जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में शाम को करीब चार-साढ़े चार बजे दंगाइयों की भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह के घर पर लोहे के सरियों और लाठियों से हमला कर दिया। शिकायतकताओं के मुताबिक इस भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद थे। शिकायत के मुताबिक सज्जन कुमार ने भीड़ को हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह को जिंदा जला दिया। भीड़ ने पीड़ितों के घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता की ओर से तत्कालीन रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता वाली जांच आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर उत्तरी जिले के सरस्वती विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 395, 397, 302, 307, 436 और 440 की धाराओं के तहत आरोप लगाए गए।

# भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ के कई सदस्य आप में हुए शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ के कई सदस्यों ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में आआपा की सनातन सेवा समिति में शामिल हो गए। इस मौके पर केजरीवाल ने कहा कि आज वह स्वयं को बहुत सौभाग्यशाली समझते हैं कि पार्टी के मंच पर जगतगुरु, महामंडलेश्वर और संत-महात्मा आए हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली से शिक्षा क्रांति की शुरूआत हुई। ऊपर वाले का शुक्रिया अदा करता हूं कि इस शिक्षा क्रांति की शुरूआत करने के लिए उसने हमें चुना। दिल्ली से स्वास्थ्य क्रांति की शुरूआत हुई, दिल्ली से बिजली के क्षेत्र में इतने बड़े-बड़े सुधार हुए जो कि पूरे देश के लिए एक रोशनी दिखाने वाली बात है। केजरीवाल ने कहा सनातन धर्म के लिए जो लोग (पुजारी-संत वर्ग) 24 घंटे काम करते हैं, जो लोगों और भगवान के बीच एक तरह से सेतु का काम करते हैं, उनकी सेवा करने का मौका भी हमें मिला और हमें इसके लिए निमित्त बनाया। इसके लिए भी मैं अपने आपको और आआपा को सौभाग्यशाली समझता हूं। उन्होंने कहा कि संतजनों ने बताया कि भाजपा का एक मंदिर प्रकोष्ठ है। उस प्रकोष्ठ में वो लोग समय-समय पर कई वादे करते रहे लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। केजरीवाल ने कहा कि आआपा जो कहती है उसे करके दिखाती है।

# 'शीश महल' में लगा है शराब कारोबारी का काला धन : बीजेपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आम आदमी पार्टी (आआपा)** के संयोजक अरविंद केजरीवाल के 'शीश महल' को लेकर लगातार हमलावर है। पार्टी ने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि 'शीश महल' घोटाले में 50 करोड़ का भ्रष्टाचार तो कागजों में हैं लेकिन यह भ्रष्टाचार बहुत बड़ा है। इसके नवीनीकरण में शराब कारोबारी का भी पैसा लगाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि अभी तक कहा जा रहा था कि कागजों पर यह घोटाला 50 करोड़ का है लेकिन अब यह बात सामने आई है कि केजरीवाल के शराब कारोबारी मित्रों ने भी उनके (केजरीवाल) भ्रष्टाचार के इस 'शीश महल' में अपना पैसा लगाया है। जिन ठेकेदारों के लिए ओवर-इनवॉइसिंग और धांधली वाले टेंडर किए गए, जैसा कि कैग रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, उन्होंने भी भ्रष्टाचार के इस 'शीश महल' में अपना पैसा लगाया है।




शीश महल के रेनोवेशन में बढ़ते खर्चे की अनुमति के कागजों में मैडम सीएम की अनुमति ली जा रही थी। यह मैडम सीएम कौन हैं, केजरीवाल को जनता को बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा बहुत जल्द ही पूरे सबूतों के साथ जनता के सामने आएगी। उन्होंने केजरीवाल को चुनौती देते हुए उनसे शीश महल पर जवाब की मांग की। आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए गौरव भाटिया कहा कि जैसा कि हमने आज देखा, संजय सिंह और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज बहुत शोर मचा रहे थे। तो जैसा कि कहावत है, 'चोर मचाए शोर', लेकिन जब जनता सवाल पूछती है, तो केजरीवाल मीडिया के सामने कोई जवाब नहीं देते। आज हमने सोचा कि 'गजनी' को जगाया जाए और सच्चाई दिखाई जाए।
केजरीवाल का हलफनामा दिखाते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि यह हलफनामा केजरीवाल का है जिसमें लिखा है कि 'मैं बड़ा बंगला नहीं लूंगा और एक आम घर में रहूंगा, बिल्कुल एक आम नागरिक की तरह', लेकिन उन्होंने अपने लिए करोड़ों का शीश महल बनवाया।

**आरोप**

**शराब कारोबारी मित्रों ने भी उनके (केजरीवाल) भ्रष्टाचार के इस 'शीश महल' में अपना पैसा लगाया है**

# पूर्व निगम पार्षद हसीब उल हसन ने समर्थकों के साथ आप में की वापसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) को छोड़कर गए हसीब उल हसन बुधवार को पार्टी में लौट आए। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में पटका और टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा कि हसीब उल हसन और उनके साथियों के आने से गांधी नगर समेत आस पास की विधानसभाओं में भी आआपा को बहुत ताकत मिलेगी। ये लोग गांधीनगर से पार्टी के प्रत्याशी दीपू चौधरी को अपने क्षेत्र से भारी




मतों से जिताने का काम करेंगे। संजय सिंह ने आगे कहा कि गांधी नगर से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दीपू चौधरी के प्रयासों से पूर्व निगम पार्षद हसीब उल हसन और उनके साथ सैकड़ों साथी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। इससे न सिर्फ गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में बल्कि आस-पास की विधानसभाओं में भी आआपा को बहुत ताकत मिलेगी। मैं हसीब उल हसन के साथ आआपा में शामिल हो रहे डॉ. रईस हाजी मुस्तकीम, अछन प्रधान, नजाकत हुसैन समेत इनके तमाम साथियों का पार्टी में स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि आप सब आआपा से जुड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे और दीपू चौधरी को अपने क्षेत्र से भारी मतों से जिताने का काम करेंगे। इस दौरान गांधी नगर से आआपा प्रत्याशी दीपू चौधरी ने कहा कि छोटा भाई नाराज होकर चला गया था।

**'आप' के साथ**

**ये लोग गांधीनगर से पार्टी के प्रत्याशी दीपू चौधरी को अपने क्षेत्र से भारी मतों से जिताने का काम करेंगे**

# विजेंद्र गुप्ता की मांग पर केंद्र का मेट्रो को निर्देश



**सौगात**

**येलो लाइन को नरेला तक बढ़ाने के लिए डीपीआर तैयार करें, विपक्षी नेता ने मोदी का जताया आभार**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन को नरेला तक बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। गुप्ता ने इस संबंध में प्रधानमंत्री को 27 दिसंबर को पत्र लिखकर मेट्रो की येलो लाइन का नरेला तक विस्तार करने की मांग की थी। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष की अगुवाई में दिल्ली भाजपा विधायक दल ने भी 6 दिसम्बर को आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से भी भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा था। डीएमआरसी की ओर से विजेंद्र गुप्ता को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नरेला तक मेट्रो के विस्तार को लेकर इस संबंध में डीएमआरसी को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने के लिए कहा गया है। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में विजेंद्र गुप्ता ने कहा था कि वर्तमान में मेट्रो का येलो लाइन कॉरिडोर गुरुग्राम में मिलेनियम सिटी सेंटर से दिल्ली में समयपुर बादली तक संचालित है। सिरसपुर मेट्रो डिपो तक इसके विस्तार का प्रस्ताव पहले ही केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत हो चुका है लेकिन सिरसपुर, खेड़ा, अलीपुर और नरेला जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र अभी भी मेट्रो नेटवर्क से जुड़े नहीं हैं। इसलिए यदि येलो लाइन मेट्रो के बादली-सिरसपुर गलियारे को उत्तरी दिल्ली जिले के नरेला तक बढ़ा दिया जाए तो लाखों लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

# कांग्रेस ने किया 'जीवन रक्षा योजना' के तहत 25 लाख रुपये मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा

## दिल्ली में कांग्रेस सत्ता में आने पर प्रत्येक परिवार के लिए 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सुविधा मुहैया कराएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के एक दिन बाद बुधवार को कांग्रेस ने दिल्लीवासियों के लिए एक और बड़ी गारंटी का वादा किया। यह "जीवन रक्षा योजना" नामक स्वास्थ्य बीमा योजना है। दिल्ली में कांग्रेस सत्ता में आने पर प्रत्येक परिवार के लिए 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज सुविधा मुहैया कराएगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस चुनावी योजना का ऐलान किया। उन्होंने इसे दिल्ली के लोगों के लिए संभावित गेम-चेंजर बताते हुए



कहा कि यह उनकी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को संबोधित करती है। उन्होंने कहा दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने की संभावनाए बढ़ रही हैं। उन्होंने दिल्ली का नेतृत्व करने के बारे में पार्टी और अपने विश्वास को रेखांकित करते हुए कहा कि यह देश के लिए भी आवश्यक है। "जीवन रक्षा योजना" स्वास्थ्य बीमा का उद्देश्य गंभीर बीमारी होने पर अस्पताल में भर्ती होने और आवश्यक उपचारों के खर्चों सहित व्यापक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करना है। इस कार्यक्रम की टैग लाइन है- "होगी हर जरूरत पूरी, कांग्रेस है जरूरी।" अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में हमने स्वास्थ्य को बहुत कवरेज दिया। दिल्ली सरकार की 'जीवन रक्षा योजना' राजस्थान सरकार की 'चिरंजीवी योजना' जैसी ही होगी। मुझे खुशी है कि मुझे यहां इस योजना को लॉन्च करने का मौका मिला। इससे पहले एआईसीसी के दिल्ली प्रदेश प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने कहा कि आज कांग्रेस स्वास्थ्य सम्बन्धी गारंटी को लेकर जनता के बीच जा रही है। जिन स्वास्थ्य गारंटी की बात हम यहां कर रहे हैं, उसे या तो हमारी मौजूदा किसी सरकार ने लागू कर रखी है या फिर किसी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने लागू कर रखी थी।
उन्होंने आरोप लगाया कि कोविड-19 के दौरान जब दिल्ली के तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल शीशमहल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई संसद की इमारत बनवा रहे थे तो उस दौर में राजस्थान के तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत ने एक ऐसा स्वास्थ्य मॉडल विकसित किया, जिसकी विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी तारीफ की थी। इस मौके मौजूद दिल्ली प्रदेश कांग्रेसाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ जो समझौता किया, वह बहुत बड़ी गलती थी। इस बार कांग्रेस सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली के लोगों में आआपा सरकार के खिलाफ तीखी नाराजगी है। लोग कांग्रेस में विश्वास व्यक्त कर रहे हैं, इसलिए 2025 में कांग्रेस सरकार बनाएगी।

**ऐलान**

**गेम-चेंजर बताते हुए कहा कि यह उनकी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं को संबोधित करती है**

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा के गांव हाई स्पीड इंटरनेट से जुड़ेंगे,1 करोड़ लोगों को लाभ स्वनत्र

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**हरियाणा** के गांव हाई स्पीड इंटरनेट से जुड़ेंगे। हरियाणा सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड के साथ मिलकर पंचायतों में सरकारी संस्थानों को फ्री फाइबर–टू–द–होम इंटरनेट कनेक्शन देने की योजना शुरू कर दी है। सरकार की इस योजना से गांवों के सरकारी संस्थानों की चंडीगढ़ या मुख्यालय से फाइलों की ऑनलाइन मूवमेंट में तेजी आएगी। साथ ही किसानों को भी इसका सीधा लाभ होगा। वे गांव में बैठकर ही क्षतिपूर्ति पोर्टल के जरिए अपनी फसलों के मुआवजे के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। सरकार के इस फैसले से एक करोड़ से अधिक लोगों को लाभ होगा, क्योंकि हरियाणा में गांवों में करीब 39% आबादी रहती है। उन्हें शहर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। राज्य की अभी 2.73 करोड़ की आबादी है। इस योजना के तहत हर पंचायत को 2 सालों के लिए 10 फाइबर–टू–द–होम इंटरनेट कनेक्शन दिए जाएंगे। ये कनेक्शन पूरी तरह से निशुल्क होंगे। इन कनेक्शनों के जरिए सरकारी कामों में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना है। इस योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को लेकर मुख्य सचिव विवेक जोशी एक मीटिंग भी कर चुके हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हवन के साथ हुआ, जिसके बाद बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में प्रबंधक रामपाल जागलान, मेहर सिंह और जसबीर ढांडा उपस्थित रहे। इन मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य मनीष घनघस और प्रवीण वर्मा जी ने पुष्पगुच्छ देकर किया। कार्यक्रम में प्रबंधक रामपाल जागलान ने स्वयंसेवकों को अनुशासन के महत्व के बारे में प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जीवन में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है।

### हैप्पी फॉरजिंग बोर्ड ने फोर्ज्ड एवं मशीन्ड कंपोनेंट्स के विस्तार के लिए ₹650 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी

चंडीगढ़: भारत में इंजीनियरिंग–आधारित तकनीक के माध्यम से जटिल, सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण, हैवी–फोर्ज्ड और अत्यधिक सटीकता वाले मशीन्ड कंपोनेंट्स का निर्माण करने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है, जिसके निदेशक मंडल ने आज नॉन–ऑटोमोटिव इंडस्ट्रियल सेक्टर की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अत्याधुनिक फोर्जिंग क्षमता वाले संयंत्र की स्थापना के लिए 650 करोड़ रुपये तक के पूंजीगत निवेश को मंजूरी दी है। यह नया संयंत्र एशिया में इस तरह का पहला और पूरी दुनिया में इस तरह का दूसरा सबसे बड़ा संयंत्र होगा। कंपनी ने औद्योगिक तथा समुद्री उपयोग के लिए बड़े आकार वाले क्रैंकशाफ्ट जैसे हैवी–फोर्ज्ड एवं मशीन्ड कंपोनेंट्स के साथ–साथ एक्सल, गियर, ऑयल एवं गैस वॉल्व, फ्लैंज, स्पिंडल, कनेक्टर और शाफ्ट जैसे हैवी–कंपोनेंट्स के निर्माण पर विशेष ध्यान देते हुए इस पूंजीगत व्यय को मंजूरी दी है। ये सभी कंपोनेंट्स नॉन–ऑटोमोटिव इंडस्ट्री, यानी मोटर वाहनों के अलावा दूसरी इंडस्ट्री के विभिन्न प्रकार की जरूरतों को पूरा करेंगे, जिनमें बिजली उत्पादन, समुद्री, खनन, अधिक हॉर्स–पावर वाली खेती के उपकरण, मटेरियल हैंडलिंग से संबंधित उपकरण और क्रेन, पवन ऊर्जा, तेल एवं गैस तथा एयरोस्पेस, रक्षा एवं परमाणु जैसे विशेष क्षेत्र शामिल हैं। कंपनी इस निवेश के साथ 3,000 किलोग्राम तक के कंपोनेंट्स का निर्माण करेगी और बहुत अधिक वजन वाले सेगमेंट में अपनी गतिविधियों का विस्तार करेगी।

# हीटरों का अत्याधिक प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हो सकता है हानिकारक साबित

**शिविर में ज्यादातर समस्याएं क्रीड, पुलिस, रेवन्यू, बिजली व जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित आई**

**सलाह**

**समस्याओं के समाधान को लेकर जनता समाधान शिविर का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा सरकार आम जन की समस्याओं को गंभीरता से ले रही है। जिले व उपमंडल स्तर पर इन समस्याओं के समाधान को लेकर जनता समाधान शिविर का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। समाधान शिविर में हर विभाग से कोई न कोई अधिकारी रोजाना सवेरे 10 से 12 बजे तक जिला सचिवालय में लगाये जा रहे शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज करते है। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कड़ाके की ठंड में रात्रि के समय बिजली के हिटरों का अत्याधिक प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। कई बार अमूमन यह देखने में आया है कि गहरी नींद में हमारे चदर, कंबल या अन्य कपड़े हिटर के सपंर्क में आ जाते है जिससे आगजनी की घटना घटने की संभावना बन जाती है।

उपायुक्त ने बताया कि ऐसी स्थिति में संपत्ति का नुकसान तो होता ही है साथ ही साथ कई बार जान की हानि की संभावना भी बढ़ जाती है। उपायुक्त ने अंगूठी व बिजली हिटर का प्रयोग न करने की सलाह दी। उपायुक्त ने बताया कि कई बार अंगीठी के प्रयोग से कमरे में मोनोऑक्साइड गैस भर जाती है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उपायुक्त ने नागरिकों को इस कड़ाके की ठंड में गर्म वस्त्र पहनने की सलाह दी।

उपायुक्त ने बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि लोग समाधान शिविर में बेझिझक होकर आएं। समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संवेदनशीलता से कार्य करें और नागरिकों को सरकारी कार्यालय में ज्यादा चक्कर न लगवायें। उनकी जो भी समस्याएं है यथा शीघ्र उनकी समस्याओं का समाधान करें।

समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे राजेंद्र वासी हाउसिंह बोर्ड कॉलोनी में मकान के सामने बदहाल शिवर व नाली को बंद करवाने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि घर के सामने शिवर की व्यवस्था बहुत ही बदहाल है जो मेरे घर के सामने से निकलती है। इसका उपयोग गाय व भैंस पालने वाले मकान मालिक गोबर आदि डालकर करते है। ओवर फलो होने की स्थिति में शिविर जब बैक मारता है तो मेरे घर के अंदर तक पानी पहुंच जाता है। उपायुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को संज्ञान लेने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता यशपाल जागलान वासी गीता कॉलोनी ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि उनकी गली में पिछले 6 महीने से शिवरेज की समस्या है। जो कि दिन प्रतिदिन विकराल होती जा रही है। हर रोज पानी सडक पर आ रहा है। कई बार सिवर को व्यवस्था भी दी गई लेकिन ठोस समाधान न होने के कारण आज भी स्थिति खराब है। घर में पानी व मिटटी के घुसने से घर का माहौल प्रदूषित हो रहा है।

## पानीपत पुलिस का नशा तस्करी पर कड़ा प्रहार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन ) पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए श्री पुलिस टीम ने समालखा नेस्ले फैक्टरी के पास एक नशा तस्कर को 650 ग्राम चरस सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान प्रवीन निवासी मच्छरौली के रूप में हुई। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह खुद नशा करने का आदी है। आरोपी अपनी नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरीके से मोटे पैसे कमाने के लिए 700 ग्राम चरस कुछ दिन पहले हरिद्वार में एक युवक से कम कीमत पर खरीदकर लाया था। आरोपी ने 50 ग्राम चरस का खुद नशा करने में खर्च कर दी। बची चरस को लेकर वह मंगलवार को बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में था। आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने के लिए पुलिस ने बुधवार को आरोपी प्रवीन को माननीय न्यायायल में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी एक टीम मंगलवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान जीटी रोड पर 70 माइल स्टोन ढाबा के पास मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक समालखा दुर्गा कालोनी की और से पैदल कच्चे रास्ते से होते हुए नेस्ले रोड की तरफ आ रहा है।

## अवैध रूप से कॉलोनी काटने वाले क्लोनाइजरों पर होगी एफआईआर दर्जः उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जिला सचिवालय में बुधवार को उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अवैध कॉलोनियों के निर्माण के प्रति सजगता से कार्य करें व जहां जहां अवैध निर्माण से संबंधित सूचनाएं मिलती है तुरंत कार्यवाही कर एफआईआर दर्ज करवायें। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी सूरत में अवैध निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। जो क्लोनाइजर अवैध रूप से आवासीय इकाई निर्मित करता है उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने इसराना व समालखा उपमंडल अधिकारियों को ऐसी कॉलोनियों पर शडयूल बनाकर ठोस कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य में अधिकारियों को और तेजी लानी होगी। इस कार्य में ग्राम सचिवों व पटवारियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि ग्राम सचिव व पटवारी यह सुनिश्चित करें कि उपमंडल स्तर पर कहां पर क्लोनाइजर द्वारा अवैध कॉलोनियां काटी जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध कॉलोनियों का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

## नई सब्जी मंडी से अवैध कब्जे हटवाने के लिये संघर्ष मोर्चा ने सचिवों को मांग पत्र सौंपा

**मांग**

**दोनो विभागों के अधिकारियों के खिलाफ लोकायुक्त कोर्ट में केस दर्ज कराने की चेतावनी भी दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**समालखा** बचाओ संघर्ष मोर्चा ने सब्जी मंडी के पार्किंग एरिया व जीटी रोड़ फलाई ओवर के नीचे से अवैध कब्जे हटवाने के लिये मार्केट कमेटी सचिव व नगर पालिका सचिव को मांग पत्र दिये हैं । माँगें जल्द पूरी न होने पर दोनो विभागों के अधिकारियों के खिलाफ लोकायुक्त कोर्ट में केस दर्ज कराने की चेतावनी भी दी है ।
संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने आरोप लगाया कि नई सब्जी मंडी में पार्किंग एरिया पर अवैध कब्जे करके करीब दो दर्जन लोग बिना लाइसेंस लिये सब्जी फ्रूट की अवैध आड़त का कारोबार कर राजस्व को चूना लगा रहे हैं । मार्केट कमेटी कर्मचारियों की मिलीभगत से नई सब्जी मंडी में बने व्यवसायिक बूथों में प्रतिबंध के बावजूद सब्जी की अवैध आड़त का धंधा धडल्ले से जारी है । जिस कारण नई सब्जी मंडी के मान्यता प्राप्त दुकानदार बर्बाद हो चुके हैं । आरोप लगाया कि मार्केट कमेटी के अधिकारियों के भृष्टाचार के कारण यह अवैध कब्जे नहीं हटाए जा रहे यहाँ दूसरे शहरों से सब्जी फ्रूट लाकर अवैध आड़त का कारोबार भी चल रहा है । रेहड़ी पटरी वालों के कारण सारा दिन जीटी रोड़ पर व फलाई ओवर के नीचे ट्रैफीक जाम लगा रहता है, बदबू फैली रहती है। आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है और अक्सर दुर्घटनायें होती है ।
**मुख्य मांगें:–** संघर्ष मोर्चा ने मार्केट कमेटी सचिव सविता जैन व पालिका सचिव मनीष रेड्ड को मांग पत्र देकर तुरंत नई सब्जी मंडी पार्किंग एरिया से अवैध कब्जे हटवाने, फलाई ओवर के नीचे से सभी रेहड़ी पटरी मार्केट वालों को नई अनाज मंडी शेड में शिफ्ट करने, अवैध आड़तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई करने व फलाई ओवर के नीचे सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग की है ।
आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर के साथ विजेंद्र धीमान,रोहित लाहोट बाल्मीकि, रामफल सैनी,हँस राज पहल, प्रदीप आदि मौजूद थे ।

## सीएम ने गौशालाओं के लिए 216.25 करोड़ रुपये की चारा अनुदान राशि की जारीः महिपाल

**आवंटित**

**गौ–चरान की भूमि को गौशालाओं की इच्छा अनुसार चारा उगाने के लिए भूमि आवंटित की जा सकेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश में गोवंश के संरक्षण की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए यह निर्णय लिया है कि प्रदेश भर में गौ–चरान की जितनी भूमि है, उसे चिह्नित किया जाएगा और इस भूमि को जो पंचायतें ठेके पर देती हैं, अब उस पैसे का उपयोग गौशालाओं की गतिविधियों के लिए प्रयोग किया जाएगा। इसके अलावा, अधिकारियों को भी एक रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत गौ–चरान की भूमि को गौशालाओं की इच्छा अनुसार चारा उगाने के लिए भूमि आवंटित की जा सकेगी। मंत्री ने बताया कि गौशालाओं के लिए 216.25 करोड़ रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की। मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी दिशा में गौशालाओं को बायोगैस प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और बायोगैस बनाने के लिए तकनीकी सहायता सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, गाय के गोबर से तैयार होने वाले प्रोमो खाद की विधि भी गौशालाओं के साथ साझा की जाएगी, ताकि प्रोमो खाद डीएपी के विकल्प के रूप में उपयोग हो सके। इतना ही नहीं, गाय के गोबर से पेंट, गौमूत्र से फिनायल, साबुन, शैंपू आदि उत्पाद बनाने के लिए भी गौशालाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। इन उत्पादों की बिक्री के लिए सरकार की ओर से मार्केटिंग में सहयोग किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 330 गौशालाओं में सोलर ऊर्जा प्लांट लगाये गये हैं। शेष बची गौशालाओं में भी सोलर पावर प्लांट लगाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि गौशालाएं आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि सरकार गौशालाओं में 2 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध करवा रही है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गौ संवर्धन एवं गौ संरक्षण योजना के अंतर्गत देसी नस्ल की गायों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे ए-टु दूध के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और इसके लाभकारी मूल्य मिलें।

## विभिन्न विभागों के अधिकारियों की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की

**तैयारियां**

**सभागार में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियां शुरू**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने एवं इसके भव्य आयोजन के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के अधिकारियों की आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये ताकि इस पर्व को गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि शिवाजी स्टेडियम में 22 व 23 जनवरी को रिहर्सल आयोजित की जाएगी। 24 जनवरी को फुल ड्रेस फाईनल रिहर्सल होगी। उन्होंने मार्च पास्ट, पीटी शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भी संबंधित अधिकारियों की विशेष तौर पर कमेटियां बनाकर उनको पूर्व से ही इस दिशा में तैयारियां करने के निर्देश दिये। इसके साथ साथ साफ सफाई, पुरुषों एवं महिलाओं के लिये अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था, पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, जलपान, साज सजा, वाहन पार्किंग व अन्य गतिविधियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को, जो उन्हें सौंपे गये है, निष्ठा, लग्न व ईमानदारी के साथ निर्वहन करें। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

### युवक पर तेजधार हथियार से हमला

**सोनीपत :** शहर की बीज मार्केट के पास किसी काम से आए एक युवक पर कई युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल है। आसपास के लोगों के आ जाने से आरोपित मौके से भाग गए। जिसके बाद घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे खानपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिक्का कॉलोनी का रहने वाले सौरव सोमवार की रात को किसी काम से बीज मार्केट के पास आए थे। इसी दौरान वहां किसी बात को लेकर उसकी युवकों से कहासुनी हो गई। इसी दौरान युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग आए तो आरोपित मौके से भाग गए।

## प्रवासी पक्षी हजारों किमी का सफर तय करके उसी जगह पहुंच जातें है

**खूबी**

**प्रवासी पक्षी अपनी इसी खूबी के कारण मौसम में होने वाले बदलाव को महसूस कर लेते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत** जिले के गांव सैय्या खेड़ा में हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड पंचकूला के डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर श्यो प्रसाद ने गांव के मुखिया अत्तर सिंह की अध्यक्षता में जैव विविधता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्यो प्रसाद ने सभा में शामिल ग्रामीणों को बताया की सर्दियों की शुरूआत होते ही दुनियाभर से पक्षियों की 100 से अधिक प्रजातियां उड़कर भारत पहुंचती है। ये प्रवासी पक्षी (ट्रॅ१३ङ्ग१८ इ१रि) यहां भोजन और रहने की तलाश में पहुंचते हैं। ये नदियां, समुद्र और पहाड़ों को पार करते हुए हजारों किलोमीटर का सफर तय करके भारत पहुंचते ह। एक तय समय के बाद ये प्रवासी पक्षी फिर अपने घर वापस लौट जाते है। सबसे चौंकाने वाली बात है कि आखिर ये ऐसा कैसे कर लेते है। हजारों किलोमीटर का सफर तय करने के बाद भी ये वापस उसी रास्ते पर कैसे चले जाते हैं और अपना पुराना शहर कैसे ढूंढ लेते है। उन्होंने तर्क देते हुए लोगों को समझाया की प्रवासी पक्षी ऐसा क्यों कर लेते हैं इसे समझने के लिए वैज्ञानिकों ने रिसर्च की धरती का अपना एक चुम्बकीय क्षेत्र होता है पक्षियों में इस चुम्बकीय क्षेत्र को समझने की खास क्षमता होती है प्रवासी पक्षी अपनी क्षमता का ठीक वैसे ही इस्तेमाल करते हैं जैसे इंसान कम्पास का इस्तेमाल करके दिशा को समझता है। प्रवासी पक्षी अपनी इसी खूबी के कारण मौसम में होने वाले बदलाव को महसूस कर लेते हैं और उन्हें कब दूसरे देश के लिए रवाना होना और कौन सा रास्ता चुनना है यह तय कर लेते है। आसान भाषा में समझें तो पक्षियों में जन्म से भी एक इनबिल्ड जीपीएस होता है।

## इंटर्नशिप कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का किया गया आयोजन




**पाठ्यक्रम**

**आईसीटी अकैडमी से ट्रेनर अनुपम और आशिया को तुलसी का पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
आई.बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटर्नशिप सेल, आईसीटी अकैडमी, इन्फोसिस फाउंडेशन कैपेजमिनी टेक्नोलॉजी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में चलने वाले इंटर्नशिप कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग , इंटर्नशिप सेल की संयोजिका माधवी , हिमांशी, मिस शिखा द्वारा, आईसीटी अकैडमी से आए अभिनंदन पांडे, स्टेट हेड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन अकादमिक ऑपरेशनस, रिलेशनशिप मेनेजर शुभम वर्मा, आईसीटी अकैडमी से ट्रेनर अनुपम और आशिया को तुलसी का पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया` इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस प्रतिस्पर्धा के युग में विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की जरुरत के हिसाब से खुद को तैयार करना होगा और उसके लिए उन्हें अपनी स्किल्स को निखारना होगा` इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थी अपने कौशल को विकसित कर सकते है` महाविद्यालय विद्यार्थियों को समय ऋसमय पर ऐसे अवसर प्रदान करता है और विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है कि वे इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाए` आईसीटी अकैडमी से आए अभिनंदन पांडे ने कहा कि इंटर्नशिप में विद्यार्थियों को व्यावसायिक कार्यों का व्यावहारिक अनुभव मिलता है, जो वो पाठयक्रम से नहीं सीख पाते` उन्होंने यह भी कहा कि आज के युग में बिना कौशल के विद्यार्थी मार्किट में नहीं बने रह सकते` इसलिए इंटर्नशिप विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभदायक होते है जिससे वो विभिन्न प्रकार के कौशल सीखते है` इंटर्नशिप सेल की संयोजिका सुश्री माधवी ने सभी का धन्यवाद देते हुए कहा कि आईसीटी अकैडमी उच्च शिक्षा क्षेत्र में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में आए इस डिजिटल अंतर को कम करने का प्रयास करती है। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत छात्रों के लिए इंटर्नशिप करनी अनिवार्य है जिसका एकमात्र उद्देश्य छात्रों कि स्किल डेवलपमेंट है` इंटर्नशिप सेल विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है`
इन्फोसिस फाउंडेशन में बी.ए. और बी.बी.ए. फाइनल के 65 तथा कैपेजमिनी में बी.कॉम फाइनल के 60 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन सुश्री आंचल बत्रा ने किया ।

## बचपन बचाएं, भविष्य संवारें बाल विवाह को जड़ से करें खत्म:उपायुक्त

**भूमिका**

**अपना योगदान देना चाहिए व बाल विवाह को रोकने के प्रति लोगों को जागरूक कर अपनी भूमिका निभानी चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा है कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो बच्चों के भविष्य और उनके मौलिक अधिकारों पर गहरा असर डालती है। अभिभावकों और समाज के जिम्मेदार नागरिकों को इसमें अपना योगदान देना चाहिए व बाल विवाह को रोकने के प्रति लोगों को जागरूक कर अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए।

उपायुक्त ने कहा है कि यह प्रथा न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बाधित करती है, बल्कि उनके शिक्षा के अधिकार और स्वच्छंद जीवन जीने के अवसरों को भी छीन लेती है। बाल विवाह एक प्रकार का लैंगिक-आधारित हिंसा भी है, जो विशेष रूप से लड़कियों को असमानता, शोषण और अत्याचार का शिकार बनाता है। लड़कियां शिक्षा से वंचित हो जाती हैं, स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करती हैं, और उनके आत्मनिर्भर बनने का सपना अधूरा रह जाता है। उपायुक्त ने कहा है कि इसके साथ ही, यह लडकों के लिए भी जिम्मेदारियों का असमय बोझ बन जाता है, जो उनके भविष्य को अनिश्चित बना देता है। बाल विवाह न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि समाज के विकास में भी बाधा डालता है। हमें समझना होगा कि बच्चों की शादी कराना उनकी खुशी का कारण नहीं, बल्कि उनके सपनों का अंत है।

उपायुक्त ने कहा कि लैंगिक समानता और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिए यह जरूरी है कि हम इस कुप्रथा को समाप्त करें।

# प्रेस व पुलिस के संबंधों को मजबूती देने का करेंगे हरसंभव प्रयास: गंगाराम

## नए कानूनों पर हुई चर्चा, गैंगस्टर को महिमामंडित करने से बचें पत्रकार

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने कहा कि वे जिले में प्रेस और पुलिस के सम्बन्धों को मजबूती देने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे, क्योंकि प्रेस व पुलिस एक मिशन के तहत काम करती है। वर्तमान युग तकनीकी युग है। प्रेस के साथी शहर की किसी भी सूचना को पुलिस से किसी भी समय साझा कर सकते हैं। उन्होंने प्रेस व पुलिस को सकारात्मक दृष्टिकोण से सोचते हुए बिना पक्षपात के समाजहित में काम करने पर बल दिया। नए कानूनों की महत्ता को बताते हुए एसपी ने प्रेस के साथियों से साफतौर से कहा कि गैंगस्टरों को महिमामंडित करने से बचें। महिमामंडित अच्छे व सकारात्मक कामों को करें न कि प्रतिस्पर्धा की दौड़ में नेगेटिव न्यूज को हाईलाईट करें। पुलिस अधीक्षक बुधवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस सभागार में हरियाणा पत्रकार संघ द्वारा आयोजित प्रेस-पुलिस सम्बन्ध विषय पर आयोजित सेमिनार में पत्रकारों व पुलिस अधिकारियों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने सेमिनार में पत्रकारों को नए कानूनों की बारीक जानकारी देते हुए उन्हें समझने व अपने काम में उतारने की अपील की। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के बारे में जनता को जागरूक करने की जरुरत है। उन्होंने प्रेस का आह्वान किया कि वे भी नए कानूनों को जनता तक पहुंचाने के लिए अपने-अपने मीडिया प्लेटफार्मस का उपयोग करें। आज के सेमिनार की खासियत यह रही कि सेमिनार में पत्रकारों के अलावा करनाल जिले के सभी



**जागरूक करें**

**प्रेस के साथी शहर की किसी भी सूचना को पुलिस से किसी भी समय साझा कर सकते हैं**

छह उप-पुलिस अधीक्षक और विभिन्न पुलिस स्टेशनों के एसएचओ भी उपस्थित रहे। सैकड़ों की संख्या में आए पत्रकारों में से अधिकतर पत्रकारों ने सेमिनार में प्रेस व पुलिस के गैप को कैसे कम किया जा सके, सूचना के साथ-साथ वर्जन कैसे मिल सके और बड़ी घटना की जानकारी किस तरह मुहैया हो के साथ-साथ जागरूकता व अन्य संबंधित विषयों को पुलिस अधीक्षक के सामने रखा।

गंगाराम पूनिया ने कहा कि गुंडा तत्वों को यह पता चल गया है कि पब्लिसिटी कराने का सबसे बड़ा साधन मीडिया है। उनका मुख्य उद्देश्य जनता में भ्रम की स्थिति पैदा करना है। इसलिए प्रेस को ऐसे असमाजिक तत्वों को हतोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय में उप-पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार प्रेस के बीच समन्वय का कार्य देखेंगे और उनके पीआरओ विजय कुमार अपराधों सबंधी जानकारी देने के लिए मीडिया की सहायता करेंगे जल्द ही एक वट्सअप ग्रुप बनाया जाएगा जिसमें सभी पत्रकारों को अपराधों व घटनाओं से संबंधित जानकारी मिला करेगी।

# हरियाणा वाल्मिकी महासभा का मनाया गया 33वां स्थापना दिवस

**धूमधाम से**

**केक काटकर बड़े ही धूमधाम से करनाल शहरी प्रधान विशाल चिनालिया की देखरेख में मनाया गया,**



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** हरियाणा वाल्मिकी महासभा का 33वां स्थापना दिवस वार्ड-14 वाल्मिकी मंदिर मे केक काटकर बड़े ही धूमधाम से करनाल शहरी प्रधान विशाल चिनालिया की देखरेख में मनाया गया, जिसमें महासभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। विशाल चिनालिया ने बताया कि महासभा करनाल के हर वार्ड व गांव के वाल्मिकी मौहल्लों में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के सहयोग से लाईब्रेरी तथा जिम खुलवाने का अथक प्रयास किया जाएगा, ताकि वाल्मिकी समाज का युवा संस्कारी व शिक्षित बने साथ ही खेलों के प्रति भावना पैदा हो, इस पर काम करना शुरू कर दिया है

कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों ने हरियाणा में नौकरियों में अनुसूचित जाति वर्गीकरण डीएसएसी लागू करने पर मनोहर लाल, नायब सिंह सैनी व कृष्ण कुमार बेदी का हार्दिक धन्यवाद किया गया और सरकार के इस क्रान्तिकारी कदम के लिए वाल्मिकी समाज भाजपा का हमेशा आभारी रहेगा

इस मौके पर महासभा के पदाधिकारी सत्यवान ढिलौड, संजीव जलमाणा, सुभाष चावरिया प्रधान, आजाद बलडी, राजकुमार बराड, लक्ष्य बराड, प्रदीप बोहत, रवि चौहान एडवोकेट, संदीप जानी ब्लाक समिति मैंबर, सतबीर लोहट, विनोद पार्षद जलमाणा, सतीश कुमार बुटाना, सतीश जुण्डला, नवीन चिड़ाव, बलविंदर, सन्नी, कपिल बग्गा, शुभम, बलविंदर मूसेपुर, संदीप चौहान, राकेश जुण्डला, विनोद पार्षद, जोनी ठरी, संदीप चिनालिया, सुभाष ठरी आदि मौजूद रहे।

# आशीष मलिक एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के स्टेट चेयरमैन नियुक्त




टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने हरियाणा टीम का विस्तार करते हुए करनाल के युवा समाजसेवी आशीष मलिक को फाउंडेशन का स्टेट चेयरमैन, हरियाणा नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा ने आशीष मलिक को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। आशीष मलिक ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जाएंगे और अपनी टीम का देश भर में विस्तार करेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन की टीम देश के सभी राज्यों में

**जिम्मेवारी**

**फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जाएंगे**

स्थित है। फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण, स्लोगन, ड्राइंग, निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, हस्ताक्षर अभियान चलाए जाते हैं एवं सत्यनिष्ठा शपथ अभियान के माध्यम से लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई जाती है एवं उनसे सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाएं जाते हैं।

उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देशभर में सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जाता है।

# नॉन स्टॉप विजन से आगे बढ़ रहा हरियाणा: जगमोहन

**समस्या सुनीं**

**सरकारी नौकरियों की लिस्ट जारी होने से पहले ही अखबारों की हैडलाइन बन जाती थी**



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नॉन स्टॉप विजन से हरियाणा आगे बढ़ रहा है। कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं। हर क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास हो रहा है। विधायक जगमोहन आनंद बुधवार को कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याओं को सुनने के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए यह बयान दिए। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में सरकारी नौकरियों की लिस्ट जारी होने से पहले ही अखबारों की हैडलाइन बन जाता थी। ऐसी व्यवस्था से पात्र युवा नौकरी से वंचित रह जाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस व्यवस्था को बदलने का काम भाजपा सरकार ने किया है। आज हरियाणा में बिना खर्ची-पर्ची के गरीब परिवार का युवा मेरिट के आधार पर एचसीएस भर्ती हो रहा है। अब किसी भी युवा को नौकरी के लिए किसी की सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ती। वर्तमान सरकार ने नौकरियों में पारदर्शी भर्ती सिस्टम खड़ा करके युवाओं की मेहनत को सम्मान दिया है। मेरिट के आधार पर खर्ची-पर्ची के बिना नौकरी का यह अधिकार वर्तमान सरकार ने उपलब्ध करवाया है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि नॉन स्टॉप गति से विकास कार्य हो रहे हैं। हर इलाके में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने अपने कैंप कार्यालय में आमजन की समस्याओं को भी सुना।

# विदेश भेजने के नाम पर 1 करोड़ 35 हजार की ठगी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में विदेश भेजने का झांसा देकर 1 करोड़ 35 हजार रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने 70 दिन पहले शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब जाकर एफआईआर दर्ज हुई है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से उसके रिश्तेदारों को विदेश भेजने के नाम पर फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया। एसपी से शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पानीपत जिले के एक गांव का निवासी है और वर्तमान में करनाल की नई अनाज मंडी में रहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि 8 लोगों ने आपस में मिलीभगत कर उसके रिश्तेदारों को विदेश भेजने के नाम पर एक करोड़ पैंतीस हजार रुपए हड़प लिए। आरोपियों ने विदेश भेजने का प्रलोभन देकर न केवल पैसों की ठगी की बल्कि फर्जी दस्तावेज भी तैयार किए। पीड़ित ने बताया कि उनके रिश्तेदारों को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने विश्वास जीत लिया और एक सुनियोजित साजिश के तहत रकम ऐंठ ली।

# उप पुलिस अधीक्षक ने किया गांव बुटाना व युनिसपुर का दौरा

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** आज उप पुलिस अधीक्षक नीलोखेड़ी विक्रम भादू द्वारा थाना बुटाना क्षेत्र के गांव बुटाना और गांव युनिसपुर का दौरा किया गया। यहां पर गांव के सरपंच व अन्य ग्रामीणों से उनके गांव के अपराधी किस्म के व्यक्तियों, गांव में बने गुटों, नशे, गांव के भौगोलिक क्षेत्र व अन्य आपराधिक गतिविधियों बारे विस्तार से चर्चा करके ग्रामीणों को नशे से दूर रहकर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने बारे जागरूक किया गया। दौरे के दौरान पुलिस




की कार्यशैली तथा बढ़ रहे भ्रष्टाचार को रोकने बारे विचार-विमर्श किया गया। इस दौरे के दौरान गांव के आम व्यक्तियों द्वारा पुलिस की इस प्रकार की कार्यशैली को सराहनीय बताया।

# दुकान में चोरी का वीडियो आया सामने, 18 दिन बाद दूसरी बार चोरी

**जांच जारी**

**चोर को दुकान में कैश नहीं मिला तो वह महंगी चॉकलेट, काजू, बादाम, कलाकंद लेकर फरार हो गया।**



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में चोर ने बीती रात एक बार फिर हलवाई की दुकान को टारगेट किया। चोर को दुकान में कैश नहीं मिला तो वह प्लास्टिक के कट्टे में महंगी चॉकलेट, काजू, बादाम, कलाकंद और अन्य सामान लेकर फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इससे पहले 20 दिसंबर की रात को भी इस चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना घरौंडा में रेलवे रोड चौक की है। पीड़ित दुकान मालिक ने मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक बीती रात एक चोर पहले पान की दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास करता है। पिछली बार भी चोर ने पहले पान शॉप के ताले तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन कामयाब नहीं हुआ। इस बार भी वह पान शॉप को खोलने में कामयाब नहीं हुआ। उसने फिर से साथ लगती मिठाई की दुकान को अपना निशाना बनाया। पीछे के गेट का ताला तोड़ा और दुकान के अंदर दाखिल हो गया। चोर ने सबसे पहले पेस्टी केक खाया। उसके बाद दुकान में रखी मिठाई खाई और दुकान में चोरी शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक चोर की नजर सीसीटीवी कैमरों पर पड़ती है। सीसीटीवी में कुछ कैद न हो, इसके लिए वह डीवीआर को ढूंढने लगता है। उसकी नजर एक बॉक्स पर पड़ती है, उस बॉक्स से लटकती तार को चोर निकाल देता है, लेकिन वह वाईफाई की तार थी। वह समझ रहा था कि अब कुछ भी रिकॉर्ड नहीं होगा, लेकिन चोर की हरकत कैमरों में रिकॉर्ड हो रही थी। चोर ने तार निकालने के बाद चोरी की प्रोसेस शुरू की। उसे दुकान में कहीं पर भी कैश नहीं मिला। उसने फिर एक प्लास्टिक का कट्टा उठाया और उसने काजू, बादाम, चॉकलेट भरने शुरू कर दिए। इतना ही नहीं एक प्लास्टिक की पॉलीथिन में चोर ने कलाकंद भी भरे। करीब एक घंटे तक वह दुकान के अंदर रहा। दुकान मालिक सुबह दुकान पर पहुंचा तो उसे सामान बिखरा देखा। जैसे ही वह पीछे वाले गेट पर पहुंचा तो वहां गेट खुला था और ताला टूटा था। उसने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो चोरी की वारदात का पता चला। दुकानदार उमंग ने बताया कि बीती 20 दिसंबर को भी चोर दुकान में चोरी करके गया था और आशंका है कि वहीं चोर दुकान में दोबारा आया है। मामले की शिकायत पुलिस को की है।

# दो कारों में हुई आमने-सामने टक्कर, आग लगने से एक बीच रोड पर जली

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** करनाल-कुरुक्षेत्र बॉर्डर पर इंद्री-उमरी-कुरुक्षेत्र रोड पर 2 कारों की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक कार टूट गई, वहीं दूसरी कार में टक्कर के बाद आग लग गई। हालांकि दोनों कारों में सवार लोगों की जान बच गई। उन्हें समय रहते गाड़ी से निकाल लिया गया। दोनों गाड़ियों के 3 सवारों को हल्की चोटें आई थीं। उन्हें अस्पताल ले जाकर मरहम.पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई। यह हादसा गन्ने भरकर ले जा रही एक ट्रॉली को ओवरटेक करने के दौरान हुआ है। मौके पर मौजूद रहे लोगों ने बताया है कि बुधवार



सुबह इंद्री क्षेत्र में भादसों की ओर से एक कार कुरुक्षेत्र की तरफ जा रही थी। जब कार सोढ़ी गांव के पास पहुंची तो पहले से आगे चल रही एक ट्रॉली को उसने ओवरटेक करने का प्रयास किया। उस ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ने भरे हुए थे। जैसे ही कार ने उसे क्रॉस करना चाहा, वैसे ही सामने से आ रही दूसरी कार के साथ उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में आग लग गई। वहीं, दूसरी कार भी पूरी तरह टूट गई। टक्कर लगने के साथ ही मौके से गुजर रहे लोग रुक गए और फौरन मदद के लिए दौड़े। उन्होंने आग लगी गाड़ी से फौरन सवारों को निकाला। वहीं, दूसरी कार से भी

**बाल-बाल बचे**

**दोनों गाड़ियों के 3 सवारों को हल्की चोटें आई थीं। उन्हें अस्पताल ले जाकर मरहम पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई**

सवारों को निकाला। इन दोनों कारों में कुल तीन लोग सवार थे। इनमें से केवल एक को गहरी चोट लगी थी। वहीं दो लोगों को मामूली चोटें आई थीं। लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। थोड़ी देर में पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाडि़यां मौके पर आईं। दमकलकर्मियों ने कार की आग बुझाई और पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। हालांकि कार की आग बुझने से पहले ही पूरी गाड़ी जल चुकी थी। टक्कर लगने से गाड़ी बीच सडक पर जली थी, जिससे रोड पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन को बुलाकर दोनों दुर्घटनाग्रस्त गाडि़यों को रोड से हटवाया और यातायात सुचारू करवाया। कुरुक्षेत्र सदर थाना के जांच अधिकारी नवीन ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी डायल-112 के माध्यम से प्राप्त हुई थी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में सवारों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस हादसे के कारण की जांच कर रही है।

# कपड़ों की दुकान में हुई चोरी, शटर टूटा देखकर चौकीदार ने दी सूचना

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** जिले में कपड़ों की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने 20 से 25 हजार रुपए के कपड़े चोरी हो गए। मार्केट के चौकीदार ने शटर खुला देखकर दुकानदार को इसकी सूचना दी। इसके बाद वह दुकान पहुंचा तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। दुकान मालिक राजकुमार ने बताया कि वह करनाल में कलंदरी गेट का रहने वाला है और ओल्ड सब्जी मंडी सुभाष मार्किट में उसकी दुकान है। वह मार्किट पूरी तरह से बंद भी नहीं हुई थी कि चोरी की घटना हो गई। वह साढ़े 8 बजे



अपनी दुकान को अच्छी तरह से बंद करके गया था। उसने बताया कि सवा दस बजे के करीब चौकीदार का फोन आया। उसने बताया कि शटर टूटा हुआ है। आनन-फानन में वह मौके पर पहुंचा और देखा कि दुकान के शटर को बीच से करीब 3 फुट उठाया हुआ है। चोर चोरी की घटना करके भाग चुके है। चोकर करीब 20 से 25 हजार रुपए के कपड़े चोरी करके ले गए। दुकानदार ने बताया कि दुकान पर कोई भी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए और मार्किट में जहां भी सीसीटीवी लगे हुए है, वे या तो बंद है या फिर चालू हालत में नहीं है।

# नो वेंडिंग जोन से नगर निगम ने हटाई सभी रेहड़ी-फड़ी : अशोक

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा के निर्देश पर शहर में घोषित हुए नो वेंडिंग जोन से रेहड़ी-फड़ी हटाने की कार्रवाई नगर निगम की टीम द्वारा शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई पिछले करीब 10 दिनों से चल रही आईईसी व मुनादी करवाने के बाद अमल में लाई गई है। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने बताया कि बुधवार को जोन नम्बर 2 में पड़े वाले पुराने कमेटी चौक से रणबीर हुड्डा चौक तक सडक पर लगी सभी रेहड़ी-फड़ी वालों को हटाया गया है। इसके साथ-साथ दुकानदारों द्वारा सडक पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाकर सामान को कब्जे में लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन दल द्वारा सभी दुकानदारों व



रेहड़ी-फड़ी वालों को दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत भी दी गई है। कार्रवाई के दौरान कमेटी चौक के समीप श्री श्याम 56 भोग के दुकानदार द्वारा सडक पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के साथ-साथ उसका सामान भी कब्जे में लिया गया, परंतु सम्बंधित दुकानदार द्वारा नगर निगम के वाहन से सामान को जबरन तरीके से उतारा जाने लगा। टीम सदस्यों द्वारा मना करने पर दुकानदार ने हाथापाई शुरू कर दी, परंतु टीम द्वारा उसे समझाया गया और सरकारी कार्य में बाधा न डालने की बात कही गई। अतिरिक्त निगमायुक्त ने ऐसे दुकानदार, जो सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश करेंगे, को चेतावनी देते स्पष्ट किया कि ऐसा करने पर उनके विरूद्ध प्रशासन द्वारा कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर की मुख्य सडकों से भीड़-भाड़ कम करने व यातायात व्यवस्थित करने के मकसद को लेकर चार मुख्य सडकों को नगर निगम करनाल द्वारा नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इन सडकों के किनारे, फुटपाथ या पटरी पर कोई भी रेहड़ी-फड़ी नहीं लगा सकता। यह सडकें हैं नो वेंडिंग जोन-अतिरिक्त निगमायुक्त ने बताया कि महाराजा अग्रसेन चौक से श्रीमद् भगवद् गीता द्वार तक, अम्बेडकर चौक से लोक निर्माण विश्राम गृह, पुराने कमेटी चौक से रणबीर हुड्डा चौक (कर्ण कैनाल पुलिया) तथा आई.टी.आई. चौक से सैक्टर-9 पुलिया तक सडकों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि आमजन की सहूलियत को देखते उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई सडक सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय

**कार्रवाई**

**इन सडकों के किनारे, फुटपाथ या पटरी पर कोई भी रेहड़ी-फड़ी नहीं लगा सकता**

लिया गया है। अतिरिक्त निगमायुक्त ने सभी रेहड़ी-फड़ी वालों से आग्रह करते कहा है कि उपरोक्त सडकों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। कोई भी व्यक्ति इन मार्गो के किनारे, फुटपाथ या पटरी पर अपनी रेहड़ी-फड़ी ना लगाए। अगर कोई व्यक्ति रेहड़ी-फड़ी लगाता पाया गया तो सम्बंधित व्यक्ति का सामान जब्त करने के साथ-साथ उसका चालान भी किया जाएगा।

## संपादकीय

# चुनावी शुचिता पर बेजा सवालों के तार्किक जवाब

**दिल्ली** विधानसभा के चुनावों की तारीखों के ऐलान के लिए चुनाव आयोग की तरफ से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। यूँ तो चुनाव कार्यक्रम की जानकारी चंद मिनटों में देकर इस बातचीत को समाप्त किया जा सकता था, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाते हुए उन तमाम सवालों का विस्तार से तार्किक जवाब देने की कोशिश की जिनके माध्यम से देश की चुनाव प्रक्रिया में खोट निकालने के प्रयास कुछ राजनैतिक दलों और सामाजिक कार्यकताओं द्वारा किए जा रहे हैं। अपने शायराना अंदाज में मुख्य चुनाव आयुक्त ने परोक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया पर बेजा सवाल उठाने वालों पर निशाना तो साधा ही, यह भी कहा कि देश में जीवंत लोकतंत्र है इसलिए सभी को सवाल पूछने की पूरी आजादी है और हमारा दायित्व है कि हर सवाल का जवाब लोगों को दिया जाए। पिछले कई चुनावों का एक सामान्य चलन हो गया है कि जब भी चुनाव के नतीजे गैर भाजपा दलों के पक्ष में नहीं आते, तब वे अपनी नाकामी का ठीकरा चुनाव आयोग और ईवीएम के सिर फोड़ते हैं। लगातार मतदाताओं द्वारा नकारे जाने के बाद कुछ राजनैतिक दल तो अब चुनाव के नतीजे आने से पहले ही ईवीएम का रोना, रोना शुरू कर देते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद तो ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर इन विपक्षी दलों के हमले और तीखे हो गए हैं। अब तक ईवीएम में खामी बताकर अपनी नाकामी पर पर्दा डालने वाले राजनैतिक दलों ने तो इस बार पूरी चुनाव प्रक्रिया को ही दूषित बताते हुए देश के मतदाताओं में भ्रम डालने का प्रयास किया। उन्होंने मतदाता सूचियों से बड़ी तादाद में नाम काटने या नाम जोड़ने, मतदान बंद होने के बाद मत प्रतिशत बढ़ने और ईवीएम हैकिंग को लेकर जिस तरह के सवाल उठाए उसने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े पूरे तंत्र को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया। संभवतया मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर आखिरी बार पत्रकारों से बातचीत करने के लिए आए राजीव कुमार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के अवसर पर इन तमाम सवालों का सिलसिलेवार ढंग से जवाब दिया और पत्रकारों को पूरी प्रक्रिया बताई। चुनाव को लेकर हाल फिलहाल सबसे गंभीर सवाल मतदाता सूचियों से किसी दल विशेष के समर्थकों के नाम काटने और किसी दल विशेष से समर्थकों के नाम जोड़ने को लेकर उठ रहे हैं। इसको लेकर सीईसी राजीव कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग हर साल मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य करता है। इसकी सूचना प्रत्येक राजनैतिक दल को दी जाती है। प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया जाता है। किसी भी मतदाता का नाम काटने या नाम बढ़ाने की एक निश्चित प्रक्रिया होती है जिसका पालन किया जाता है। राजनैतिक दल इन बूथों पर अपने अभिकर्ता बना सकते हैं। इसके अलावा इस सबकी सूचना सभी राजनैतिक दलों को नियमित रूप से दी जाती है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि कुछ लोग 50 हजार वोट काटे जाने के आरोप लगा रहे हैं, एक साथ किसी क्षेत्र में इतने वोट कम होना अव्यवहारिक है। उन्होंने मतदाता सूचियों में हेरफेर का आरोप लगाने वालों से अपील की कि यदि अगर उन्हें लगता है कि कहीं गड़बड़ी हुई है तो उसकी स्पष्ट शिकायत करें, उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। यूं ही आरोप लगाना ठीक नहीं है।

# जल संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाती जल सहेलियां

कुमार कृष्णन

> "नदी किनारे बसे किसान, कुम्हार, मछुआरे, ढीमर जैसे लोग इन नदियों से अपनी आजीविका चलाते थे, लेकिन अब नदी के जल स्तर में कमी आने के कारण उनकी स्थिति भी बिगड़ गई है। इससे न केवल जल संकट बढ़ा है, बल्कि पलायन भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इसके अलावा बुंदेलखंड क्षेत्र में चंदेल कालीन तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिनका निर्माण 9वीं से 12वीं शताब्दी के बीच हुआ था। चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण को प्राथमिकता दी थी और जल प्रबंधन के तहत कई हजारों तालाबों का निर्माण किया था। इन तालाबों का निर्माण विशेष रूप से जल संरक्षण के उद्देश्य से किया गया था। तालाबों के चारों ओर पहाड़, मिट्टी के टीले या प्राकृतिक चट्टानों का सहारा लिया गया था, जिससे पानी तीन दिशाओं से संरक्षित हो सके"

**वर्तमान में** भारत गहरे जल संकट के दौर से गुजर रहा है। भूजल स्तर निरंतर गिरता जा रहा है, नदियाँ सूखने की कगार पर हैं और तालाबों पर अतिक्रमण हो रहा है। पिछले कई वर्षों से पानी की प्रति व्यक्ति उपलब्धता में निरंतर गिरावट आ रही है। जल संसाधनों के अंधाधुंध और अव्यवस्थित उपयोग के परिणामस्वरूप, जल संकट बढ़ता जा रहा है। यह संकट न केवल पर्यावरणीय संकट बन चुका है, बल्कि हमारे लिए भविष्य की चिंता का सबब है। इसे समझा है बुंदेलखंड की महिलाओं ने और अब वे जल सहेलियां बनकर जल संरक्षण के लिए तैयार हो चुकी हैं।

अनुमानों के मुताबिक 2021 में सालाना प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता 1,486 क्यूबिक मीटर थी जो 2031 तक और गिरकर 1,367 क्यूबिक मीटर होने वाली है ये आंकड़ा डरावना है जो पानी की उपलब्धता के मामले में वैश्विक औसत 5,500 क्यूबिक मीटर प्रति व्यक्ति से काफी कम है। यह गंभीर जल संकट की तरफ संकेत देता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत में पानी की मांग इसकी आपूर्ति की तुलना में दोगुनी हो जाएगी। तेजी से बढ़ते आर्थिक विकास, शहरीकरण, जनसंख्या वृद्धि और जीवनशैली में बदलाव के कारण पानी की मांग विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ेगी। भारत में 70 फीसदी जल का उपयोग कृषि क्षेत्र में होता है, लेकिन हमारी जल उपयोग दक्षता अंतर्राष्ट्रीय मानकों की तुलना में बहुत कम (लगभग 30-35प्रतिशत) है। यदि जल उपयोग दक्षता में तेजी से सुधार किया जाए और जल बचाया जाए, तो यह पानी घरेलू क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जा सकेगा।

**बुंदेलखंड में नदियों एवं जल स्त्रोतों की स्थिति**

बुंदेलखंड, जो उत्तर और मध्य भारत के एक हिस्से के रूप में जाना जाता है,यह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के 7-7 जिलों से मिलकर बना है। बुन्देलखण्ड पानी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। यहाँ जल की उपलब्धता अत्यधिक कम है, और पानी के स्त्रोत सूखते जा रहे हैं। जो नदियाँ आज से दो दशक पहले 8 से 10 महीने प्रवाहमान रहती थी और लोगों की जीविकोपार्जन का साधन हुआ करती थी ,अब वही सूखी नदियाँ आज इस बात की गवाही दे रही हैं कि मानव द्वारा सुनियोजित खनन से इन नदियों का



प्राकृतिक प्रवाह और जीवन चक्र पूरी तरह से प्रभावित हुआ। बुन्देलखण्ड की दुर्दशा का सबसे प्रमुख कारण इस इलाके की जल संरचनाओं का जीर्णशीर्ण होना, छोटी नदियों का सूखना, तालाबों का अतिक्रमित होना एवं वन क्षेत्र का घटना है। जिससे जल संकट भी बढ़ा है। छोटी नदियाँ मृतप्राय हो चुकी हैं या होने के कगार पर हैं। गोपाल सिंह बताते है -"प्राकृतिक स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन से नदियाँ सूखने लगी हैं जब छोटी नदियाँ मरती हैं तो बड़ी नदियों के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है , उनका पारिस्थितिक प्रवाह भी कम होने लगता है जो आने वाले समय में गंभीर जल संकट की ओर आगाह कर रहा है"

नदी किनारे बसे किसान, कुम्हार, मछुआरे, ढीमर जैसे लोग इन नदियों से अपनी आजीविका चलाते थे, लेकिन अब नदी के जल स्तर में कमी आने के कारण उनकी स्थिति भी बिगड़ गई है। इससे न केवल जल संकट बढ़ा है, बल्कि पलायन भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इसके अलावा बुंदेलखंड क्षेत्र में चंदेल कालीन तालाबों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिनका निर्माण 9वीं से 12वीं शताब्दी के बीच हुआ था। चंदेल राजाओं ने जल संरक्षण को प्राथमिकता दी थी और जल प्रबंधन के तहत कई हजारों तालाबों का निर्माण किया था। इन तालाबों का निर्माण विशेष रूप से जल संरक्षण के उद्देश्य से किया गया था। तालाबों के चारों ओर पहाड़, मिट्टी के टीले या प्राकृतिक चट्टानों का सहारा लिया गया था, जिससे पानी तीन दिशाओं से संरक्षित हो सके। लेकिन समय के साथ, जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ी और औद्योगिकीकरण हुआ, इन तालाबों की स्थिति बिगड़ गई। अब, पानी की प्रबंधन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कई तालाबों में गाद और सिल्ट जमा हो गया है, जिससे जल संग्रहण की क्षमता घट गई है। इसके अतिरिक्त, तालाबों के आसपास अतिक्रमण होने से जल धारा अवरुद्ध हो गई है । आज के समय में बुंदेलखंड में 2000 से अधिक चंदेल कालीन तालाब हैं, लेकिन इनमें से केवल 500 तालाब ही उपयोगी हैं। इन तालाबों की संरचनाएँ कमजोर हो गई हैं, जिससे जल संरक्षण की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही, तालाबों का क्षेत्र भी कम हो रहा है, क्योंकि वे अतिक्रमण का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में गांवों में रहने वाली महिलाएं आगे आई हैं। उन्होंने परमार्थ समाज सेवी संस्थान की पहल पर एक समूह बनाया है, जिसका नाम है जल सहेली समूह।बुंदेलखंड के "जलपुरुष" के रूप में प्रसिद्ध संजय सिंह बताते हैं कि समूह के नाम के आधार पर समूह से जुड़ने वाली महिलाओं को जल सहेली कहते हैं, जो अपने गाँव के क्षेत्र में पानी की समस्या को दूर करने के लिए सभी प्रकार के प्रयास करती हैं। जल सहेलियां गाँव के लोगों को पानी से जुड़ी हर प्रकार की समस्या के समाधान बताती हैं इसमें पानी का संचयन करना , जल संरक्षण ,कुओं को गहरा करना ,जल संरचनाओं का पुनर्द्धार करना ,छोटे बाँध बनाना ,हैण्ड पंप को सुधारना , सरकार के साथ समुदाय की भागीदारी करवाना , प्रशासनिक अधिकारियों से मिलना और ज्ञापन देना तक शामिल हैं

जल सहेलियों के द्वारा किये जा रहे प्रयासों को प्रधानमंत्री जी ने अपनी मन की बात कार्यक्रम में भी सराहा है। बुंदेलखंड में इन जल सहेलियों ने 100 से अधिक गाँवों को पानीदार बनाने का काम किया है इसके साथ ही 100 से अधिक चंदेलकालीन तालाबों का सरकार के सहयोग से जीर्णोद्धार एवं 6 छोटी नदियों के पुनर्जीवन के प्रयास किये हैं । इन्ही प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए परमार्थ संस्था द्वारा 02 फरवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 तक बुंदेलखंड के पांच जिलों निवाड़ी, झांसी, ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर में ओरछा से लेकर जटाशंकर तक लगभग 300 किलोमीटर की पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा ओरछा से शुरू होकर उत्तर प्रदेश के बबीना विकासखण्ड, ललितपुर जनपद के तालबेहट विकासखण्ड से होते हुए टीकमगढ़ के जतारा ब्लॉक के मोहनगढ़,टीकमगढ़ एवं बडागांव पहुंचेगी । वहां से यह यात्रा छतरपुर जनपद के बड़ामलेहरा विकासखण्ड से होते हुए बिजावर तक जाएगी इस यात्रा का समापन जटाशंकर धाम, छतरपुर में होगा। यात्रा के दौरान जल संरक्षण, जलवर्धन और जल के पुनः उपयोग के उपायों पर जागरूकता फैलाने के साथ ही स्थानीय जल स्त्रोतों के चिन्हांकन और उनके पुनरुद्धार के लिए कार्य किए जाएंगे। इस यात्रा में जल सहेलियाँ और स्थानीय समुदाय गाँव-गाँव में यात्रा के मार्ग में स्थित जल चौपालों का आयोजन करेंगें, साथ ही श्रमदान जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे । संजय सिंह बताते हैं कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य बुंदेलखंड में चंदेल कालीन तालाबों का जीर्णोद्धार और विलुप्त हो रही छोटी नदियों के पुनर्जीवन हेतु सरकार, शासन एवं समाज को संवेदित एवं जागरुक करना एवं बुंदेलखंडवासियों को जल संरक्षण के महत्व को समझाना और उन्हें पानी के स्त्रोतों की रक्षा के लिए प्रेरित करना है। यात्रा के दौरान जल संरक्षण के उपायों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए संवाद, जल चौपाल, और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि लोग जल की कीमत समझें और इसके प्रति अपनी जिम्मेदारी को महसूस करें। बुंदेलखंड में चंदेल कालीन तालाबों का इतिहास बहुत पुराना है, लेकिन समय के साथ इन तालाबों की स्थिति खराब हो चुकी है।

## कविता

### हौसलों के इरादों से बनाए रखना

दिमाग कहता दुनियादारों से बनाए रखना,
दिल कहता फकीरों से बनाए रखना'

लोग सफलता को पचा नहीं पाते है ।
बस दूरी तुम अमीरों से बनाए रखना'

धूप बहुत तेज होती है सफर में हमारे,
तुम छायादार सजरों को सजाये रखना।

हादसों से हौसले पस्त तो होंगे ही
हौसलों के इरादों से बनाए रखना,

जिंदगी एक ख्वाब की तरह है दोस्त,
रिश्ता गम के किरदारों से बनाए रखना।

जो वादा करके भूल जाते हैं हमेशा,
दूरियां ऐसे नक्कारों से बनाए रखना।

दुनिया भी एक बड़ा रंगमंच है प्यारे,
तुम मंच के किरदारों से बनाए रखना।

गमों को जो भुला दे पल भर में संजीव,
तुम भी ऐसे मयखानों से बनाए रखना।

संजीव

# पठनीयता का अभाव,सोशल मीडिया और लघु साहित्यिक पत्र पत्रिकाएं

**विवेक रंजन**

**मुझे स्मरण है** , पहले पहल जब टी वी आया तब पत्रिकाओं और किताबों पर खतरा बताया गया था अब सोशल मीडिया का स्वसंपादित युग आ गया है। अतः यह बहस लाजिमी ही है कि इसका पत्रिकाओं पर क्या प्रभाव हो रहा है ।जो भी हो दुनियां भर में केवल प्रकाशित साहित्य ही ऐसी वस्तु हैं जिनके मूल्य की कोई सीमा नहीं है। इसका कारण है पुस्तकों में समाहित ज्ञान और ज्ञान तो अनमोल होता ही है। लघु पत्रिकाओं के वितरण का कोई स्थाई नेटवर्क नहीं है। वे डाक विभाग पर ही निर्भर हैं,अब सस्ते बुक पोस्ट की समाप्ति हो गई है। अतः मुद्रण से लेकर वितरण तक ये पत्रिकाएं भारी संकट से जूझ रही हैं। अब लघुपत्रिकाओं के लिए ई बुक, फ्लिप फॉर्मेट , पीडीएफ में सॉफ्ट स्वरूप मददगार साबित हो रहा है।

पठनीयता का अभाव , कागज और पर्यावरण की चिंता पुस्तकों के हार्ड कापी स्वरूप पर भारी साबित हो रही है। सचमुच एक कागज खराब करने का अर्थ एक बांस को नष्ट करना होता है यह तथ्य अंतस में स्थापित करने की जरूरत है।

प्रकाशन सुविधाओं के विस्तार से आज रचनाकार राजाश्रय से मुक्त अधिक स्वतंत्र है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार आज हमारे पास है। आज लेखन , प्रकाशन व वांछित पाठक तक त्वरित पहुँच बनाने के तकनीकी संसाधन कहीं अधिक सुगम हैं। लेखन और अभिव्यक्ति की शैली तेजी से बदली है ,माइक्रो ब्लागिंग इसका सशक्त उदाहरण है। पर इन सबसे अलग आज नई पीढ़ी में पठनीयता का तेजी से ह्रास हुआ है। साप्ताहिक साहित्यिक अखबार ई वर्जन में दूर दूर पहुंच जाते हैं, लेखक अपनी रचना के स्क्रीन शॉट सोशल मीडिया पर लगाकर धन्य अनुभव करता है। लेखन का पारिश्रमिक मिलना गुजरे जमाने की बात हो चुकी है। साहित्यिक किताबों की मुद्रण संख्या में कमी हुई है। आज साहित्य की चुनौती है कि पठनीयता के अभाव को समाप्त करने के लिये पाठक व लेखक के बीच उँची होती जा रही दीवार तोड़ी जाये। पाठक की जरूरत के अनुरूप लेखन तो हो पर शाश्वत वैचारिक चिंतन मनन योग्य लेखन की ओर पाठक की रुचि विकसित की जाये।

आवश्यक हो तो इसके लिये पाठक की जरूरत के अनुरूप शैली व विधा बदली जा सकती है ,प्रस्तुति का माध्यम भी बदला जा सकता है। इस दिशा में लघु पत्रिकाओं का महत्व निर्विवाद है। लघु पत्रिकाओं का विषय केंद्रित , सुरुचिपूर्ण पाठकों तक सीमित संसार रोचक है। समय के अभाव में पाठक छोटी रचना चाहता है,तो क्या फेसबुक की संक्षिप्त टिप्पणियों को या व्यंग्य की कटाक्ष करती क्षणिकाओं को साहित्य का प्रमुख हिस्सा बनाया जा सकता है ?

## विचार

# महिला सम्मान की उम्मीद और इनसे ?

निर्मल रानी

हमारे समाज में महिला हितों व उनके सम्मान की बातें यदि किसी वर्ग द्वारा सबसे अधिक की जाती हैं तो वह है देश का राजनैतिक वर्ग। इन्हीं के मुंह से समय समय पर महिला सम्मान में ऐसे ऐसे लुभावने शब्द गढ़े व निकाले जाते हैं जिन्हें सुनकर एक बार तो यही धोखा होता है कि भारतीय पुरुषों विशेषकर राजनेताओं से अधिक महिला सम्मान की चिंता तो शायद पूरी दुनिया में किसी को भी नहीं होगी।कभी कन्या पूजन,कभी देवी कभी पूज्या कभी लाडली बहना,कभी लखपति दीदी तो कभी प्यारी दीदी कभी आधी आबादी जैसे अनेक लोकलुभावन नामों से पुकारा जाता है तथा उनके हित में ऐसे ही नामों की योजनायें भी चलाई जाती हैं। परन्तु सही मायने में यह सभी राजनैतिक प्रपंच केवल महिलाओं के वोट बैंक साधने मात्र के लिए ही किये जाते हैं। इस पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की वास्तव में क्या इज्जत है इसे समझने के लिये केवल एक ही तर्क पर्याप्त है कि भारत में प्रचलित लगभग सभी गलियां महिलाओं को ही केंद्रित कर गढ़ी गयी हैं। मां बहन की गालियां तो लोग देते ही हैं परन्तु यदि सबसे हल्की गाली यानी कोई किसी को 'साला ' भी कहता है तो भी वह उसकी बहन को ही गरिया रहा होता है। सदियों से ऐसे ही धारणा पाले हुये इस पुरुष प्रधान समाज से महिलाओं द्वारा मान सम्मान आदर सत्कार सुरक्षा या संरक्षण की उम्मीद करना कतई बेमानी है और यह महिलाओं द्वारा केवल अपने को धोखे में रखना है।

काफी दिनों से एक प्रवृति यह भी देखी जा रही है कि पहले लोग अपनी विकृत सोच को अपने जहरीले बोल के द्वारा बाहर निकलते हैं। उसके बाद जब उन की बदकलामी के चलते उनपर दुनिया थूकने लगती है तो बड़ी ही चतुराई से यह सधे हुये शब्दों में मुआफी मांगकर 'बगुला भगत ' बन जाते हैं। जैसे अभी पिछले दिनों दिल्ली भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा किया गया। रमेश बिधूड़ी 2014 व 2019 में दो बार दक्षिणी दिल्ली से सांसद रह चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें लोकसभा प्रत्याशी तो नहीं बनाया था परन्तु इस बार बिधूड़ी को भाजपा ने कालकाजी विधानसभा सीट से संभवतः अपना प्रत्याशी तो बनाया है परन्तु उनकी बदजुबानी के चलते उन्हें चुनावी मैदान से हटाये जाने की खबरें सुनाई देने लगी हैं। पिछले दिनों रमेश बिधूड़ी ने अपने चुनाव क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि- 'लालू ने वादा किया था कि बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा।' दूसरी सभा में विधुड़ी ने अपने विरुद्ध आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के सरनेम को लेकर इसी तरह की ओछी टिप्पणी करते हुये उनके बुजुर्ग पिता तक को अपनी घटिया टिप्पणी में शामिल कर लिया। उसके बाद बड़ी ही शातिराना अंदाज में मुआफी मांगकर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की परन्तु तब तक उनके भीतर का विकार बाहर निकल चुका था। अपनी व अपनी पार्टी की घोर फजीहत के बाद विधुड़ी ने यह कहकर अपना मुंह छुपाने की कोशिश की कि - "मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूँ।"

इसी भाजपा के दिल्ली के नेता प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान शाहीन बाग के आंदोलन का जिक्र करते हुये यहाँ तक कह दिया था कि -'दिल्ली के लोगों को सोच-समझकर फैसला लेना होगा। ये लोग आपके घरों में घुसेंगे, आपकी बहन-बेटियों को उठाएंगे, रेप करेंगे, उनको मारेंगे'। इसी तरह भाजपा के बंगलुरु से फायर ब्रांड सांसद तेजस्वी सूर्य ने 2015 में ट्वीट कर अपना अधकचरा ज्ञान सांझा करते हुये कहा था कि - 95 प्रतिशत अरब महिलाएं ऐसी हैं जिन्?होंने पिछले कई वर्षों में ऑर्गजेम (कामोत्तेजना की चरम अवस्था ) का अनुभव नहीं किया है। हर मां


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# दिल्ली का आपदा प्रबंधन

**पंकज शर्मा**

**वैसे देखा जाए** तो इस भावी विकसित भारत देश में अभी भी कई समस्याओं को वर्तमान केंद्र सरकार ने चिन्हित किया है। जिसे आए दिन यशस्वी प्रधानमंत्री जी चुनावी रैलियों में बड़े ही जोशीले अंदाज में कहते पाए जाते हैं कि डबल इंजिन की सरकार बनाओ तभी तुम्हारे प्रदेश को भी विकसित भारत में शामिल कर लेंगे। कुछ राज्यों के अति शिक्षित मतदाता माननीय मोदी जी की बात समझ जाते हैं और अपना अमूल्य वोट उन्हीं को देना सुनिश्चित कर देते हैं। कुछ कम पढ़े लिखे लोग जिनके दिमाग में जन्म से ही पंजे का भूसा भरा होता है तो इनकी बात उनके न तो गले में उतरती है और न भेजे में!

कुछ रमेश बिधूड़ी टाइप के लोग इन दिनों दिल्ली के चुनाव घोषणा की पूर्व संध्या पर आप के गुड़ को गोबर बताने पर अपनी ऊर्जा को झोंकते पाए गए । सड़कों को महिला नेत्री के गालों जैसी चिकनी बनाने के झूठे वादे करते पकड़े गए और खेद प्रकट कर मयार्दा पुरुषोत्तम बनते नजर आए।जैसे चोर चोरी करते पकड़ा जाता है तो माफी मांग लेता है और छूट जाता हो?

जब से दिल्ली में चुनाव का कोहरा छाया है सब विपक्षियों ने अपने अपने बंगलों से बाहर आकर प्रदूषण का लेबल और बढ़ा दिया है।कोई जमुना जी को मैली कर उसे साफ नहीं करवाने का आरोप लगा रहा है और अगली सरकार उनकी बनी तो वे इसे गंगा जैसी पवित्र कर देने का वादा कर दावा ठोक रहे हैं।कोई चुनाव जीतने के लिए अपने अपने गाने बनवा कर सुना रहे हैं तो कोई फिल्मी स्टाइल में पोस्टर बना कर एक दूसरे को चोर,झूठा, मक्कार बता रहे हैं।

कहने को दिल्ली में केंद्र सरकार के साथ ही दुनिया भर के दूतावास बने हुए हैं । केंद्र सरकार के मंत्री, संतरी ,सांसद, राष्ट्रपति निवास करते है जिनके बंगले भी शाही साज सज्जा से लथपथ हैं। हो भी क्यों न आखिर दिल्ली देश की राजधानी है जिसकी सड़कें हमने आपने सबने देखी हैं। हम सभी देशवासियों को भी दिल्ली पर गर्व है। मगर न जाने क्यों माननीय प्रधानमंत्री जी आज कल अपनी दिल्ली को आपदा ग्रस्त बता रहे हैं?आप की सरकार तो पिछले कई सालों से आम आदमी की जागीर बनी हुई है।

# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को मात दे पायेगा भारत ?

डॉ. सत्यवान सौरभ,

मानव मेटान्यूमोवायरस एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढाँचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस एक महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है।

वायरस का प्रभाव क्षेत्रों में बढ़ने के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। चीन में, बढ़ी हुई निगरानी ने मानव मेटान्यूमोवायरसमामलों में वृद्धि का खुलासा किया है, विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में, जो पता लगाने की दरों में वृद्धि का संकेत देता है। हालाँकि पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस ने दुनिया भर में बढ़ते श्वसन संक्रमण के कारण ध्यान आकर्षित किया है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि मानव मेटान्यूमोवायरस वैश्विक स्तर पर अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों का 3%-10% हिस्सा है, जिसमें पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वायरस अक्सर फ्लू के मौसम में तेजी से फैलता है, जिससे श्वसन संक्रमण में वृद्धि होती है, जिससे यह मौसमी स्वास्थ्य खतरा बन जाता है। चीन में, फ्लू का मौसम मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के साथ मेल खाता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मीडिया कवरेज में वृद्धि होती है। वर्षों से प्रचलन में होने के बावजूद, भारत सहित कई देशों में मानव मेटान्यूमोवायरस के लिए व्यापक और किफायती परीक्षण बुनियादी ढांचे का अभाव है।

## न्यूज फ्लैश

### शिक्षाविद प्रेमचंद शर्मा का बीमारी के चलते निधन



**गन्नौर।** दातौली गांव के रहने वाले शिक्षाविद प्रेमचंद शर्मा का बीमारी के चलते निधन हो गया। प्रेमचंद शर्मा 79 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। शिक्षाविद प्रेमचंद शर्मा जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त पढ़ाने के साथ-साथ उनकी दसवीं कक्षा तक की फीस भी देते थे। शाम को अपने घर पर निशुल्क साक्षरता अभियान चलाते थे। उन्होंने गरीब व जरूरतमंद बच्चों का दसवीं तक की शिक्षा का खर्च उठाया।

### पार्षदों ने आदेशों की अवमानना की हाईकोर्ट में डाली याचिका

**गन्नौर।** नगरपालिका उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर 3 जनवरी को आयोजित की गई बैठक में एसडीएम के न पहुंचने पर पार्षदों ने हाईकार्ट में एक और याचिक डाल दी है। पार्षदों ने प्रशासन पर हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना के संबंध में यह याचिका डाली है। याचिका पर 9 जनवरी को सुनवाई होगी, हालांकि प्रशासन द्वारा अविश्वास को लेकर दूसरी बैठक को लेकर 10 जनवरी निर्धारित कर रखी है। वार्ड 11 के पार्षद सतबीर शर्मा ने कहा कि एसडीएम ने बैठक में नहीं पहुंच कर हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना की, जिसके चलते हाईकार्ट में आदेशों की अवमानना करने पर अपील की गई है।

### समर्थ केयर द्वारा भारत की पहली वरिष्ठ नागरिकों के लिए क्लिनिक चेन की शुरूआत

**हर** क्लिनिक आम स्वास्थ्य केंद्रों से कई मायनों में अलग है: यहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों, फिजियोथेरेपिस्ट, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, न्यूट्रीशनिस्ट और नर्सिंग स्टाफ की एक संपूर्ण मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम उपलब्ध है। क्लिनिक्स में लैब टेस्ट और रेडियोलॉजी की भी सुविधा है। मुख्य सेवाओं और उपचारों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, फेफड़ों की समस्याएँ, तीव्र दर्द, वजन प्रबंधन, फिजियोथेरेपी, वयस्क टीकाकरण, घर पर विजिट और देखभाल शामिल हैं। क्लिनिक की विशेषताओं में मेमोरी केयर, हेल्दी एजिंग का व्यापक मूल्यांकन, और बायोलॉजिकल एज एनालिसिस शामिल हैं, जो मरीजों की स्थिति का सटीक आकलन और प्रगति पर नजर रखने में मदद करते हैं। डॉक्टरों का ध्यान रोगियों के पूरे स्वास्थ्य और रोकथाम पर केंद्रित होता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और आपातकालीन स्थितियों की संभावना कम की जाती है। मरीजों को सभी सेवाएँ एक ही स्थान पर सुविधाजनक रूप से मिलती हैं। बीमा और अस्पताल समन्वय, 24७7 एंबुलेंस सेवा, और घर से डॉक्टर तक परिवहन की भी सुविधा भी क्लिनिक द्वारा उपलब्ध है। शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए साप्ताहिक गतिविधियाँ भी आयोजित की जाती हैं। लॉन्च के अवसर पर समर्थ केयर और समर्थ क्लिनिक्स के संस्थापक और सीईओ, आशीश गुप्ता ने कहा, वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवा का असली समाधान अस्पताल में नहीं, बल्कि उन्हें अस्पताल से बाहर रखने में है। पिछले 8 वर्षों में 110 से अधिक शहरों में हजारों बुजुर्गों के साथ हमारे काम में हमने देखा है कि अक्सर लोग अनावश्यक जांच, अत्यधिक प्रक्रियाओं और दवाओं से चिंतित रहते हैं। वे एक ऐसा डॉक्टर चाहते हैं जो आसानी से उपलब्ध हो, उन्हें ध्यान से सुनें और भरोसेमंद हों, और उन्हे बार बार एक डॉक्टर से दूसरे पर न भागना पड़े। हमारे क्लिनिक इस आवश्यकता को पूरा करते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारे पास सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ हैं और एक क्लिनिकल एडवाइजरी बोर्ड है जो हमें डाईरेक्शिन देता है।

### सीग्रम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने ग्लोबल सेंसेशन नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

**रोहतक** : सीग्रम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज 'स्क्विड गेम' के दूसरे सीजन के साथ साझेदारी की घोषणा की है। 'स्क्विड गेम' के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की 'लिव इट लार्ज' फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है। ऐसे में यह सहयोग ब्रांड को युवाओं के जुनून का हिस्सा बनने, उनसे जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है।

# भोगीपुर गांव में तालाब की नव निर्मित रिटर्निंग वॉल में पहले ही बरसात में आई दरार

## दरार के बाद रिटर्निंग वाल का प्लास्टर भी गिरा, लोगों ने लगाया गठिया निर्मासामग्री का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव भोगीपुर में बरने वाले तालाब की हाल ही में बनाई गई लाखों रुपए की लागत से रिटर्निंग वॉल में पहले ही बरसात में दरार आ गई है और प्लास्टर भी झड़कर गिरने लगा है लोगों ने रिटर्निंग वालों के निर्माण में गडरिया निर्माण सामग्री का आरोप लगाते हुए विजिलेंस जांच व सैंपल भरवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के नजदीक तालाब होने के कारण सरकार द्वारा लाखों रुपए की लागत से तालाब की रिटर्निंग वॉल बनाने के लिए ठेकेदार को टेंडर दिया था। रिटर्निंग वॉल के निर्माण के बाद जब पहली बरसात हुई तो पहले ही बरसात में रिटर्निंग वॉल में दरार आ गई और प्लास्टर भी झड़ने के बाद गिर गया। गांव के लोगों ने बताया कि रिटर्निंग वालों के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री लगी है न था



ना तो दरार आनी चाहिए थी और ना ही प्लास्टर गिरना चाहिए था। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग वॉल में लगाई गई निर्माण सामग्री की उपायुक्त द्वारा जांच करवाई जानी चाहिए। इसके अलावा रिटर्निंग वॉल के साथ में न ही मिट्टी डाली गई है जिससे रात के समय हादसे का भी वह बना रहता है। रिटर्निंग वॉल का निर्माण होते ही संबंधित अधिकारियों को तालाब के साथ गुजरती गली के साथ में रिटर्निंग वॉल की तरफ मिट्टी डलवानी चाहिए थी ताकि रात के समय हादसे का खतरा न हो। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों लाखों रुपए की लागत से तालाब की रिटर्निंग वालों का निर्माण करवाया गया था।

**गांव वालों ने ट्रैक्टर की टक्कर मारी है इसी कारण आई है दरार : सरपंच**

इस बारे में गांव के सरपंच सरवन ने बताया कि रिटर्निंग वॉल में किसी ट्रैक्टर ने टक्कर मारी है जिस कारण रिटर्निंग वालों में दरार आई है। अब उसको जल्द ही ठेकेदार को बोलकर ठीक करवाया जाएगा।

**शिकायत मिलने पर जांच करवाई जाएगी : बीडीपीओ**

डीपीओ पूनम चंद ने बताया कि रिटर्निंग वॉल में घटिया निर्माण सामग्री लगाने की उनके पास शिकायत नहीं आई है।
शिकायत आने के बाद निर्माण करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और निर्माण सामग्री की भी जांच करवाई जाएगी।

# एमएचयू के विद्यार्थी एक साथ ले सकेंगे दोहरी डिग्री : डा. सुरेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल ने कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा के नेतृत्व में वैस्ट्र्न सिडनी यूनिवर्सिटी आस्ट्रेलिया के साथ एक करार कर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। समझौते में दोनों ही विश्वविद्यालयों में पढने वाले विद्यार्थी दोहरी डिग्री हासिल सकेंगे, स्वैच्छिक विकल्प चुनने वाले विद्यार्थी ही दोनों यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर पाएंगे। इसके लिए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय को वैस्ट्र्न सिडनी यूनिवर्सिटी आस्ट्रेलिया से समझौते को लेकर पुष्टि पत्र मिल चुका हैं। कुलपति डॉ. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि एमएचयू शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढ़ रही है, पिछले वर्ष एमएचयू ने 4 अलग-अलग ख्याति प्राप्त देशों के साथ समझौते करने की ओर अग्रसर हुआ। इसी कड़ी में वैस्ट्र्न सिडनी यूनिवर्सिटी आस्ट्रेलिया के साथ




अनुसंधान एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने पर समझौता हुआ है, जिसकी सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, आस्ट्रेलिया से समझौते की पुष्टि हो चुकी है। समझौते के परिणाम स्वरूप दोहरी डिग्री योजना के रास्ते खुले हैं।
बागवानी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान को बढ़ावा देने एवम उच्च गुणवत्ता वाले स्नातकोत्तर एवं पीएचडी में विभिन्न कार्यक्रम शुरू करने का विकल्प निकलकर सामने आए। मधुमक्खी, बॉयो टैक्नोलॉजी, संरक्षित खेती पर होगी रिसर्च शुरू।

### समाधान शिविर में आई शिकायतों का मौके पर ही किया जा रहा है समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला में लघु सचिवालय सहित सभी उपमंडल कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे ही शिविर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में नीलोखेड़ी, इन्द्री, असंध और घरौंडा में भी आयोजित किए गए।

# नसों की बीमारियों से बचने के लिए पौष्टिक आहार : डा. दीप्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** विर्क सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में न्यूरोलोजी विशेषज्ञ तथा जीबी पंत होस्पीटल दिल्ली में पूर्व सहायक प्रोफेसर डा. दीप्ति ग्रोवर ने कहा है कि नसों की बीमारियों से बचने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि सिर में लंबे समय तक लगातार दर्द हो, बोलने में कठिनाई हो तो इसे हलके में नहीं लें। तत्काल आपातकालीन विभाग में डाक्टर्स को दिखाएं। वह करनाल में विर्क सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में आयोजित तीन दिवसीय न्यूरोलोजी तथा न्यूरोसर्जरी मैडीकल चैकअप कैंप में मरीजों को सलाह दे रही थी। इसका समापन आज किया गया। इस कैंप



में सौ से अधिक मरीजों को देखा। उन्होंने कहा कि सर्दियों में अधरंग ब्रेन हमेरेज स्ट्रोक का खतरा अधिक रहता है। उठने-बैठने और गलत पोस्चर्स से कमर में दर्द जैसी बीमारी हो सकती है। शिविर में वे सिर दर्द, मिर्गी दौरे, आधे चहरे पर दर्द होना, अधरंग, चेहरे गर्दन व आंख की मांस पैशियों में खिचाव सर्वाइकल, साइटिका, दिमागी बुखार, हाथ तथा पांव में सुन्नपल अचानक आंखों की रोशनी जाना, चक्कर आना, भूलने की बीमारी होना, नींद कम आना, शरीर में अकडन, ऐंठन, धामी पडना, पार्किंसन के मरीज पहुंचे। उन्होंने कहा कि इलाज से अधिक बचाव और सावधानी जरूरी है। उन्होंने

**परामर्श**

**यदि सिर में लंबे समय तक लगातार दर्द हो, बोलने में कठिनाई हो तो इसे हलके में नहीं लें**

कहा कि दिमाग से संबधित बीमारियों के प्रायइमरी लक्षणों को हलके में नहीं लेना चाहिए। असावधानी कभी जानलेवा भी बन सकती है। उन्होंने कहा कि तनाव से दूर रहें। झाड़ फूंक से दूर रहें। उन्होंने कहा कि हर दिमाग का रोगी पागल नहीं होता हैं। मानसिक अवसाद से दूर रहें। शिविर में पहले दिन 35 मरीज देखे गए, जबकि आज 28 मरीज देखे गए।

### सड़क मार्ग बना तालाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** जलभराव की निकासी का स्थाई समाधान न होने के कारण आसपास के घरों में आ रही सील सुंदरह से महेंद्रगढ़ जाने वाले सड़क मार्ग पर गांव सुंदरह में भरा हुआ गंदा व दूषित पानी तालाब का रूप धारण किए हुए है। जिसके कारण राहगीरों ओर वाहन चालकों के लिए इस सड़क मार्ग से सर्दी के इस मौसम में निकलना भारी मुसीबत बना हुआ है। इस जलभराव के कारण सड़क मार्ग पर मकान बनाकर रह रहे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि लगातार इस जल भराव के कारण उनके घरों में सीलन पहुंच रही है। यह मुख्य सड़क मार्ग सर्दी के इस मौसम में काफी दूर तक तालाब का रूप धारण किए हुए हैं। इस सड़क मार्ग से हर रोज सैकड़ो की संख्या में वाहन निकलते हैं। गंदा पानी इकट्ठा होने से हर समय दुर्घटनाओं का सदैव अंदेशा बना हुआ है, वही सड़क मार्ग पर मकान बनाकर रह रहे लोग भी गंदे व बदबूदार पानी से बेहद परेशान है। प्रवक्ता जगराम यादव, अनिल, बबलू, सुरेश, बसंत, सरोज देवी, सविता, कमलेश, कर्ण सिंह, महावीर, अशोक, दलजीत आदि ग्रामीणों ने बताया कि इस जलभराव की समस्या काफी पुरानी है। ग्राम पंचायत के साथ-साथ संबंधित विभाग को भी इस समस्या के समाधान के लिए अनेक बार गुहार लगा चुके हैं।

# समाधान शिविर में पेंशन व गन्दे पानी से सम्बंधित दो शिकायतें दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** तहसीलदार सुमन लता के नेतृत्व में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुना गया। शिविर में कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें एक पेंशन व दूसरी शिकायत गन्दे पानी से सम्बंधित है। तहसीलदार ने दोनों शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग को जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए। सुमन लता ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की



समस्याओं का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना है। इस दौरान अधिकारियों ने शिकायतकताओं को उनकी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया और समय सीमा के बारे में जानकारी दी।

### पत्नी के साथ मिलकर भाई पर किया हमला

**टीम एक्सन इंडिया**
**गन्नौर।** खण्ड के गांव नया बांस में भाई ने पत्नी के साथ मिलकर अपने सगे भाई पर हमला कर चोटिल कर दिया। पीड़ित ने थाना गन्नौर में शिकायत दी। पीड़ित रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर सो रहा था तभी मेरे भाई मोहित व उसकी पत्नी ने मेरे घर का मैन गेट का शीशा तोडकर मेरे घर मे घूस गए और उसके साथ मारपीट करने लगे, उसके बाद गला दबाकर मुझे जान से मारने की कोशिश की। शोर सुनकर मेरे परिवार के लोग आ गए जिन्होंने उसको उनसे बचाया। जाते हुए उसके भाई की पत्नी ने केस में फसाने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि हमले के दौरान उसके हाथ व गले पर चोटें आई है परिजनों ने इलाज के लिए उपमंडल अस्पताल गन्नौर में लेकर गए। आरोप है कि उसका भाई मोहित, उसकी पत्नी उसका ससुर व उसका साला मोनू व अन्य तीन चार आदमियों ने वहाँ पर भी उसके साथ मारपीट की। डॉक्टरों ने उसको मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# सूर्य नमस्कार है सर्वोत्तम व्यायाम- वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण

**लक्ष्य स्वस्थ** सोनीपत समिति द्वारा विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करने व उनका मनोबल बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज समिति के प्रधान व सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण अपनी टीम के सदस्यों के साथ अकबरपुर बारोटा स्थित वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे कार्यक्रम में पहुंचे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि सूर्यनमस्कार एक संपूर्ण व्यायाम है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर सदैव निरोगी व स्वस्थ रहता है। सूर्यनमस्कार के अभ्यास के साथ साथ यदि नियमित आसनों और



प्राणायामों का अभ्यास भी किया जाए तो विद्यार्थियों का पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में भी खूब मन लगता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। नियमित योगाभ्यास से शरीर की सुप्त शक्तियां जाग्रत होती है। योग से शरीर बलवान तो होता ही है अपितु मन की शक्ति बढ़ने से एकाग्रता व दृढ़ता भी बढ़ती है, आशावादी दृष्टिकोण बढ़ता है, ईर्ष्या, द्वेष, ग्लानि, अपराधबोध, व व्यर्थ का डर जैसी मानसिक बीमारी और भावनाओं से मुक्ति मिलती है। स्नायु तंत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### टीबी प्रोजेक्ट के तहत मरीजों को दी गई निशुल्क न्यूट्रिशन राशन किट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह तथा भारतीय रेडक्रास हरियाणा के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल के निदेर्शानुसार जिला रेडक्रास सोसाइटी करनाल की तरफ से टीबी प्रोजेक्ट के तहत बुधवार को टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन राशन किट निशुल्क प्रदान की गई। जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक के नेतृत्व में रेडक्रॉस टीम द्वारा चयनित बाँसो गेट, लाडो बगड़ी, चाँद सराय के टीबी ग्रस्त मरीजों को न्यूट्रिशन युक्त राशन किट वितरित की गई। उनसे उनकी बीमारी संबंधित समस्याओं के बारे में चर्चा की गई।

# बुजुर्गों के लिए सपोर्ट बनेगी सोनू सूद की फिल्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** समाज में आ रहे बदलाव को नई फिल्म फतेह में दशार्या गया है। यह फिल्म दस जनवरी को समूचे देश में रिलीज हो रही है। देश में मानवता और सेवा का प्रतीक बन चुके अभिनेता सोनू सूद की नई फिल्म फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। कोविड-19 के कठिन दौर में जब पूरा देश थम गया था, उस समय सोनू सूद ने अपने नेक कार्यों से मानवता की मिसाल पेश की और सिनेमा के पर्दे से निकलकर लोगों के दिलों में अपनी अलग जगह बनाई।
फतेह एक




समाज को जागरूक करने वाली फिल्म है, जो देश में बढ़ती साइबर सुरक्षा जैसी समस्या पर आधारित है। करनाल निवासी और सोनू सूद के कार्यों से अत्यधिक प्रेरित प्रवेश गाबा ने यह निर्णय लिया है कि वे अपनी संस्था सुख-दुख दे साथी सभा और परिवार के सभी सदस्यों के साथ मिलकर यह फिल्म देखेंगे। साथ ही, उन्होंने देशभर के संस्थानों के मालिकों, संगठनों और देशवासियों से अपील की है कि वे भी इस फिल्म को सफल बनाने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म से होने वाली कमाई का बड़ा हिस्सा वृद्धाश्रमों में दान किया जाएगा।

**जिम्मेदारी**

**अभिनेता सोनू सूद की नई फिल्म फतेह 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है**

यह पहल न केवल मनोरंजन को समाज सेवा से जोड़ती है, बल्कि यह दशार्ती है कि सोनू सूद अपनी हर पहल में समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। इस अवसर पर शिव शर्मा समर्थ डावर, हरसिमरन वधवा, मोहित कुमार, प्रवेश गाबा, सतीश कौच, राहुल कौशिक, मोहित चावला उपस्थित रहे।

# भाजपा में देश प्रेम की विचारधारा सर्वोपरि : धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा की आंतरिक लोकतंत्र प्रणाली भी सबसे बेहतर है। भाजपा में व्यक्ति नहीं विचारधारा सर्वोपरि है। भाजपा की विचारधारा में देश प्रेम, फिर दल और बाद में व्यक्ति को महत्व मिलता है। भाजपा देश की संस्कृति को बढ़ावा देने का काम करती है और देश की संस्कृति को अपनी संस्कृति मानती है। पिछले साढ़े दस वर्षों में केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार के कार्य सभी देखे हैं, जैसा कि आपने राम मंदिर का निर्माण होते देखा, कश्मीर से धारा 370 को




हटते देखा, देश की सेनाओं को मजबूत होते देखा। देश का ढांचागत विकास, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल निखार को देखा।
धनखड़ ने कहा कि भाजपा में संगठन पर्व चल रहा है। बूथ अध्यक्ष से राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया चल रही है। सामान्यतः भाजपा में सर्वसम्मत

**अभियान**

**भाजपा की विचारधारा में देश प्रेम, फिर दल और बाद में व्यक्ति को महत्व मिलता है: राष्ट्रीय सचिव धनखड़**

निर्णय होते हैं। उन्होंने कहा कि बादली हलके के चारों मंडल नामतः बादली, सुबाना, कुलाना दादरी तोए के सभी 198 बूथों पर बूथ अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। बूथ अध्यक्ष सक्रिय सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सभी मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया है। अब मंडल अध्यक्ष चुने जाएंगे। उन्होने कहा कि बादली हलका सक्रिय सदस्य बनाने में अग्रणी रहा है, वहीं हलके में पार्टी के 48 हजार सदस्य बन चुके हैं, और यह अभियान अभी जारी है।
राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने कहा कि पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस विधान सभा चुनाव से पहले भाजपा के संगठन पर कटाक्ष करती थी और पन्ने फाडने की बात कहती थी। अब चुनाव हारने के बाद उनकी भी भाषा बदल गई है और उनको भी भाजपा के संगठन की ताकत का पत्ता लग गया है।
एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए भाजपा राष्ट्द्रीय सचिव ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार पूर्ण बहूमत बनने जा रही है। दिल्ली की जनता लोकसभा चुनाव की तर्ज पर भाजपा को जिताने का मन बना चुकी है।

# दिनेश बक्शी ने आज फिर मानवता की भलाई के लिए किए प्लेटलेट्स दान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** लक्ष्य जनहित सोसाइटी के फाउंडर एंव समाजसेवी दिनेश बक्शी ने आज एक बार फिर मानवता की भलाई के लिए प्लेटलेट्स दान किए। उल्लेखनीय है कि आज दिनेश बक्शी को एक फोन कॉल कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल से आई। उन्होंने कहा कि हमें एक मरीज के लिए बी पोजीटिव प्लेटलेट्स की जरूरत है और मरीज के प्लेटलेट्स 5000 रह गए है। उसे जल्द प्लेटलेट्स चढाने होंगे। जिसके बाद दिनेश बक्शी ने बिना देर किए कल्पना



चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल के ब्लड सेंटर में जाकर अपने प्लेटलेट्स दान किए। ज्ञात रहे कि दिनेश बक्शी जो कि रक्तदान व पर्यावरण के लिए काफी समय से काम करते हैं और राज्यपाल के साथ-साथ कई नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं। उनके द्वारा अब तक 134 ब्लड व 83 बार प्लेटलेट्स दान किए गए है। दिनेश बक्शी का कहना है कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति 3 महीने के अंतराल पर ब्लड डोनेट कर सकता है, जबकि प्लेटलेट्स देने के 72 घंटे बाद दोबारा प्लेटलेट्स दान कर सकता है तथा महीने में 2 से 3 बार प्लेटलेट्स दान कर सकता है। इससे शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती।

# संजौली में सामुदायिक भवन और कॉम्प्लेक्स जनता को समर्पित, विधायक ने किया उद्घाटन

**मिशन**

**▶▶स्मार्ट सिटी मिशन के तहत दो करोड़से निर्मित सामुदायिक भवन जनता को समर्पित कर दिया है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** शहर के संजौली क्षेत्र में एक ही छत के नीचे कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत दो करोड़ दस लाख से निर्मित सामुदायिक भवन जनता को समर्पित कर दिया है। शहरी विधायक हरीश जनारथा




बुधवार को सामुदायिक भवन के साथ कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन है।जिसमे एक छत के निचे युवाओं वरिष्ठ नागरिकों को कई सुविधाए मिलेगी। सामुदायिक भवन में संजौली और साथ लगते वार्डों के लोगों को शादी समारोह समेत अन्य कार्यक्रम करवाने के लिए सामुदायिक केंद्र की सुविधा मिलेगी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीनियर सिटीजन क्लब खोला जाएगा। इसमें बुजुर्ग लोग बैठकर किताबें, अखबार आदि पढ़ सकेंगे।इसके अलावा इंडोर खेलों की सुविधा भी यहां दी जाएगी।

साथ ही युवाओं के लिए रीडिंग रूम की व्यवस्था की जा रही है। इसमें नगर निगम युवाओं के लिए किताबें और बैठने के लिए टेबल कुर्सियों की सुविधा देगा। शहरी विधायक हरीश जनारथा ने कहा कि इस सामुदायिक भवन में वरिष्ठ नागरिकों सहित युवाओं को के लिए सुविधाएं दी जा रही है साथ ही शादी समारोह के लिए इस क्षेत्र में कोई बैंक्विट हॉल नहीं था यहां पर संविधान भवन में बड़े हॉल रखे गए हैं जहां पर लोग शादी समारोह के कार्यक्रम भी कर सकते हैं इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए यहां पर व्यवस्थाएं की जा रही है। इस पर दो करोड़ दस लाख खर्च हुआ है। इसके अलावा संजौली चौक पर शॉपिंग कंपलेक्स का भी उद्घाटन किया गया है यहां पर बिजली और पानी के बिलों की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि लोगों को बिल जमा करवाने के लिए माल रोड पर न जाना पड़े।

# बंजार में तहसीलदार व नायब तहसीलदार के पदों का रिक्त होना दुर्भाग्यपूर्ण : शौरी

**खुला पत्र**

**▶▶पहली बार हुआ है जब प्रशासनिक महता का इतने बड़े पद बंजार में इतने लंबे समय तक खाली रहे हो।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने वर्तमान कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल में बंजार विधानसभा क्षेत्र ने रुके व बंद पड़े विकास कार्यों को लेकर सरकार के खिलाफ एक खुला पत्र जारी किया है। कांग्रेस सरकार की बंजार विधानसभा क्षेत्र में की जा रही कारगुजारियों पर विधायक शौरी ने जनता का ध्यान आकर्षित



करने का इस पत्र के माध्यम से प्रयास किया है। विधायक शौरी ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि आए दिन बंजार क्षेत्र में आपदा के नए मामले सामने आ रहे हैं। विभिन्न आपदाओं से राहत व पुनर्वास कार्यों में राजस्व विभाग व विभाग के प्रशासनिक प्रमुख तहसीलदार व नायब तहसीलदार की अग्रणी भूमिका से सभी परिचित हैं। परंतु आज दो माह से भी अधिक समय से बंजार में तहसीलदार व नायब तहसीलदार के पद खाली चल रहे हैं जिसके कारण आज बंजार क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों सहित आपदा में राहत एवँ पुनर्वास कार्यों में जनता को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त कानूनगो के पद भी रिक्त चल रहे है। विधायक ने कहा है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब प्रशासनिक महता का इतने बड़े पद बंजार में इतने लंबे समय तक खाली रहे हो। तहसीलदार-नायब तहसीलदार के अति महत्वपूर्ण पदों को ऐसे समय में खाली रखने के पीछे सरकार की जनता का उत्पीड? करने की मंशा साफ झलकती है। सरकार के स्थानीय नुमाइंदे भी इस विषय पर आँखे मूँदे बैठे हैं। बंजार विधानसभा क्षेत्र की इस तरह से अनदेखी बेहद खेदपूर्ण है।

## सम्भल के मंदिर-मस्जिद विवाद के मुकदमे की सुनवाई पर रोक

**प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया**
इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल के मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर वहां चल रहे मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगा दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने संभल की शाही जामा मस्जिद की इंतजामियां कमेटी की निगरानी याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को दिया। कोर्ट ने याचिका पर सभी पक्षकारों से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने और याची से उसके दो सप्ताह बाद प्रत्युत्तर शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 25 फरवरी की तारीख लगाई है।

# भाषण प्रतियोगिता में कशिश ने हासिल किया प्रथम स्थान

**कार्यशाला**

**▶▶ किशोरावस्था एवं नशा मुक्ति अभियान पर खंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** राजकीय उत्कृष्ट कन्या विद्यालय ऊना में किशोरावस्था एवं नशा मुक्ति अभियान पर एक दिवसीय खंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं से 12वीं की छात्राओं में पेंटिंग, भाषण एवं कविता उच्चारण प्रतियोगिता भी करवाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ




प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चरणों में ज्योति प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यशाला में किशोरावस्था सलाहकार डॉ रुचि शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को किशोरावस्था के दौरान मानसिक व शारीरिक तौर पर आने वाले बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में युवाओ में नशे का बढ़ता प्रचलन एवं इससे बचाव पर भी जानकारी सांझा की। भाषण प्रतियोगिता में स्थानीय विद्यालय की कशिश खान ने पहला, जीएसएस रैंसरीसे दिव्या ने दूसरा और जीएसएस देहलां से खुशप्रीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में जीएसएस जखेड़ा से शिव कुमार ने प्रथम स्थान, जीएसएस नंगड़ा से हिमानी तथा कोमल ने क्रमशः दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं कविता गायन प्रतियोगिता में जीएसएस बसाल से वंदना ने प्रथम, जीएसएस नंगड़ा से सिमरन ने दूसरा तथा जीएसएसएस संतोषगढ़ से काजल ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### बिलासपुर लेखक संघ की मासिक कविगोष्ठी व पुस्तक विमोचन विमोचन समारोह 11 जनवरी को

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं कवि गोष्ठी 11 जनवरी 2025 दूसरे शनिवार को प्रातः 11 बजे घुमारवीं के आईपीएच आफिस के नजदीक स्थित पेलियो म्यूजियम में होगी। यह जानकारी देते हुए संघ के महासचिव रवींद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस बैठक में संघ के सदस्य सेवानिवृत प्रधानाचार्य व लेखक केशव शर्मा के काव्य संग्रह जीवन तरंग का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रसिद्ध कहानीकार कृष्ण चंद महादेविया होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रवींद्र ठाकुर करेंगे जबकि डॉ. लेख राम शर्मा वशिष्ठ अतिथि होंगे। कार्यक्रम के पहले सत्र में साहित्यिक चर्चा, पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम होगा, जबकि द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी होगी। जिसमें साहित्यकार अपनी नवीनतम प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने सभी साहित्यकारों से अनुरोध किया है कि इस बैठक में अवश्य शामिल हों।

### दो बाईकों में टक्कर में तीन जख्मी, दो गंभीर हालत में पीजीआई रेफर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस थाना हरोली के अंतर्गत कर्मपुर में दो मोटरसाईकलों की आमने-सामने टक्कर हो गई है। हादसे में दोनों बाईकों पर सवार तीन युवक जख्मी हुए हैं। इनमें से दो को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। वहीं हरोली पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में रजनीश कुमार निवासी हरोली ने बताया कि गत रात्रि मोहिंद्र सिंह निवासी अप्पर बढेड़ा के साथ बाईक पर सवार होकर टाहलीवाल काम पर जा रहे थे। कर्मपुर बाग के नजदीक पहुंचने पर टाहलीवाल की साईड़ से एक मोटर साईकल उल्टी दिशा में आकर सामने से टक्कर मार दी। हादसे में रजनीश कुमार व मोहिंद्र सिंह के अलावा दूसरी बाइक पर सवार राजीव को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की सहायता से तीनों को हरोली अस्पताल पहुंचाया, जहां से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में डॉक्टरों ने मोहिंद्र और राजीव को पीजीआई रेफर किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि हादसा गलत दिशा में व नशे में बाईक चलाने के कारण हुआ। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शिक्षा उपनिदेशक के लिए पदोन्नती सूची से हटाई जाए एक वर्ष की शर्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊनाः** हिमाचल प्रदेश डीपीई संघ ऊना ने बुधवार को शिक्षा उपनिदेशक के पर पदोन्नती के लिए एक वर्ष के कार्यकाल की शर्त को हटाने की मांग की है। डीपीई संघ के प्रधान जगजीत सिंह, महासचिव भूपेंद्र सिंह, जिला वित्त सचिव रविंद्र कुमार सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों ने बुधवार को जारी संयुक्त ब्यान में कहा कि जिन प्रधानाचार्य की सेवानिवृत्ति का एक वर्ष से कम समय बचा था। उन्हें शिक्षा उपनिदेशक पदोन्नति की सूची से बाहर रखा गया है। डीपीई संगठन इसे अनुचित मानता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ प्रधानाचार्य शिक्षा के क्षेत्र में स्वर्ण पदक विजेता राजेंद्र कौशल, जोकि जिला ऊना का मार्च 2024 से शिक्षा उपनिदेशक का कार्य संभाल रहे थे। उनके नेतृत्व में जिला ऊना शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भी प्रदेश भर में अव्वल रहा है। लेकिन उन्हें पदोन्नति सूची से बाहर रखा गया। हिमाचल प्रदेश डीपीई संघ जिला ऊना शिक्षा विभाग की इस प्रक्रिया को अनुचित मानता है। संघ ने सरकार और विभाग से आग्रह किया है कि एक वर्ष कार्यकाल की शर्त को हटाया जाए और हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ प्रधानाचार्य को शिक्षा उपनिदेशक की पदोन्नति सूची में शामिल किया जाए।

# विधायक लोकेन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग 305 के निर्माण के लिए 531.41 करोड रुपए की रखी मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**मांग**

**▶▶ इस सडक से संबंधित सारे कागजात केंद्रीय कार्यालय के लिए प्रेषित किए जा चूके हैं**

**कुल्लू :** आनी के विधायक लोकेन्द्र कुमार ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मन्त्री नितिन जयराम गडकरी के समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग-305 के तहत सैंज-लूहरी-औट के विस्तारीकरण एवं भू-अधिग्रहण की विस्तृत परियोजना की कुल लागत के लिए 531.41 करोड़ रुपए की मांग रखी । विधायक लोकेन्द्र ने बताया कि इस सडक से संबंधित सारे कागजात केंद्रीय कार्यालय के लिए प्रेषित किए जा चूके हैं बस बजट का प्रावधान होना बाकि है उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें पूरा आश्वासन दिया है कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए जल्द बजट की स्वीकृति प्रदान की जाएगा । विधायक लोकेन्द्र कुमार ने कहा कि यह राजमार्ग प्रदेश का एक प्रमुख मार्ग है जिसका लाभ प्रदेश के अधिकांश जिलों की जनता को मिलेगा। साथ ही उन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय राजमार्ग-305 के तहत प्रस्तावित जलोड़ी पास सुरंग की एलाइनमेंट की स्वीकृति प्रदान करने के लिए केंद्रीय २मंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया और केंद्रीय मंत्री से इस प्रोजेक्ट मे तेजी लाने का भी आग्रह किया ।

विधायक लोकेन्द्र कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र आनी कि विभिन्न सडकों, पुलों परियोजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श कर उनके लिए जल्द से जल्द राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया।

## महाकुम्भ में गृहस्थ लोगों को शाही स्नान के बाद ही करना चाहिए स्नान

**महाकुम्भ नगर//टीम एक्शन इंडिया**

महाकुंभ में संगम स्नान, गंगा स्नान, दान का विशेष महत्व है। इस अवसर पर मान्यता है कि गृहस्थ लोगों को शाही स्नान के बाद ही स्नान करना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें पुण्य फलों की प्राप्ति होती हैं। महाकुम्भ में 10 जनवरी से कल्पवासियों के कल्पवास का श्री गणेश हो जाएगा।

महाकुम्भ मेले में साधु-संतों का विशेष स्थान है। इसलिए शाही स्नान में साधु-संतों के स्नान करने के बाद ही गृहस्थ लोगों को संगम ,गंगा नदी में स्नान करना चाहिए। संगम स्नान के बाद सूर्यदेव को जल अर्घ्य देना चाहिए

# वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों का ग्रामीण बैंक पांगणा का शैक्षिक भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**
**मंडीः**

**शैक्षिक भ्रमण**

**▶▶इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।**

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा के वाणिज्य संकाय ( कॉमर्स) के विद्यार्थियों को ग्रामीण बैंक पांगणा का शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट वर्क को प्रैक्टिकल रूप से समझने और पूरा करने में मदद प्रदान करना था। इस भ्रमण के दौरान विद्यालय के कॉमर्स लेक्चरर श्याम कपूर और खेमराज ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र की विभिन्न प्रक्रियाओं और गतिविधियों से परिचित होने के महत्व को समझाया। बैंक शाखा प्रबंधक संजय कुमार नेगी ने विद्यार्थियों को बैंकिंग की बुनियादी जानकारियों से अवगत कराया। इनमें खातों के प्रकार, फिक्स्ड डिपॉजिट, लोन, चेक क्लियरेंस, और बैंकिंग संचालन की अन्य महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं पर चर्चा की गई।विद्यार्थियों ने बैंकिंग की वास्तविक कार्यप्रणाली को करीब से देखा। बैंक प्रबंधन द्वारा एटीएम संचालन, इंटरनेट बैंकिंग, और डिजिटल लेनदेन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बताया कि यह शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट वर्क को वास्तविक और व्यावहारिक दृष्टिकोण से समझने में अत्यंत मददगार साबित होगा

# कांग्रेस में शामिल हुई मंडी की जबना चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमलाः** देश की सबसे कम उम्र की चर्चित मंडी जिला की पंचायत प्रधान रही जबना चौहान कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गई है। जबना चौहान लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष प्रकाश करड की अध्यक्षता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह से पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में मिली जहां इन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने फूलमाला व पार्टी का पटका पहनकर जबना चौहान का पार्टी में शामिल किया। इस अवसर पर प्रतिभा सिंह ने कहा कि जबना चौहान सेलिब्रिटी रही है। जिन्होंने समाज के उत्थान के



लिए बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जबना युवाओं व महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है तथा कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से निश्चित तौर पर पार्टी को और मजबूती मिलेगी। कांग्रेस में शामिल होने पर जबना चौहान ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष प्रकाश करड व कांग्रेस के सिर्फ नेतृत्व का आभार प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि वह पूरी ईमानदारी व लगन के साथ एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए कार्य करेगी तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए जाएंगे उसके आधार पर पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का प्रयास करेगी।

उन्होंने कहा कि बतौर पंचायत प्रधान रहने हुए अपनी पंचायत में शराब बंदी व स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाए है। पीएम मोदी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री सम्मानित कर चुके हैं साथ ही फिल्म स्टार अक्षय कुमार ने भी स्वच्छता में बेहतर कार्य करने पर जबना को अपनी फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा की प्रमोशन के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया था।

वर्तमान समय जबना चौहान ओरिएंटल फाउंडेशन के नाम से एनजीओ चला रही है।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहे हैं दयोली के सुरेश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** दयोली गांव के प्रेम लाल के पुत्र सुरेश कुमार (50) और उनकी पत्नी बीना देवी ने आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। हर मौसम के अनुसार अपनी फसलें बेचकर हर महीने बीस से तीस हजार रुपए तक की कमाई कर अपनी और परिवार की आजीविका कमा रहे हैं। वे बताते हैं कि इस वक्त वे प्याज के पौधों की पनीरी बैरी, घागस, बरमाणा चैक पर बेच रहे है। जिसे उन्होंने अक्टूबर-नवंबर में बोया था। उनकी मेहनत और निरंतरता का परिणाम यह है कि




वे अपने सात सदस्यीय परिवार का पालन.पोषण कर रहे हैं और बच्चों को भी अच्छी शिक्षा दे रहे हैं। सुरेश कुमार का कहना है कि वे हर सीजन में कोई न कोई चीज बेचते हैं और इसके लिए हर महीने अपनी योजना बनाते हैं। आगामी महीनों में वे गन्ने का रस, मक्की के भुट्टे, खीरे, भिंडी, लौकी, प्याज, लहसुन जैसी मौसमी सब्जियां उगाकर बेचने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अगर सरकार या किसी विभाग से प्रशिक्षण और मदद मिलती है, तो वे अपनी कमाई को और बढ़ा सकते हैं। सुरेश कुमार ने बताया कि वे नौकरी की लालसा छोडकर, अपने परिवार के सहयोग से आत्मनिर्भर बने हैं। उनका मानना है कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है, चाहे वह नौकरी हो या व्यापार। वे कहते हैं कि कभी भी किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। जब व्यक्ति अपने काम में ईमानदारी से लगा रहता है तो ईश्वर भी उसकी मदद करता है। सुरेश कुमार ने युवा पीढ़ी से अपील की है कि वे पैसे कमाने के लिए शॉर्टकट अपनाने के बजाय मेहनत और ईमानदारी से काम करें। उन्होंने कहा कि आजकल कई युवा नशे की लत में पडकर अपनी जिन्दगी बर्बाद कर रहे हैं।

उन्होंने यह साझा किया कि युवा नौकरी की तलाश छोडकर आत्मनिर्भर बनने का फैसला लें, जिसमें कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। उनका कहना है कि चाहे नौकरी हो या कारोबारए कभी भी किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहिए और ईमानदारी से काम करने पर भगवान भी मदद करते हैं।

# मंडी में 9 से 13 जनवरी तक होगा अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम-भारती मोंगरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र मंडी भारती मोंगरा ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 9 से 13 जनवरी तक संस्कृति सदन मंडी (कांगनीधार) में पांच दिवसीय अंतर-राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईवाईपीई) का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य के पांच जिलों से 2 अनुरक्षकों के साथ 25 युवा भाग ले रहें हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय



एकीकरण को और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, भारत भर के लोगों के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत करना, विभिन्न राज्यों की समृद्ध विरासत और संस्कृति को प्रदर्शित करना और राज्यों के बीच सीखने के लिए माहौल बनाना है।

भारती मोंगरा ने बताया कि अंतर राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान श्रमदान और साफ सफाई, युग्मित राज्यों की भाषा को सीखना, समूहों के बीच में सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पाक-शैली और अन्य खाद्य पदार्थ सांझा करना और सीखना, वेशभूषा, राज्यों की फिल्मों की स्क्रीनिंग, स्थानीय खेलें, जीवन शैली से संबंधित पहलू, निबंध, वाद-विवाद, परिचर्चा के साथ क्षेत्रीय भ्रमण आयोजित किये करना प्रस्तावित किया गया है।

# थाना सदर पुलिस टीम ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी, एक आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** एसपी पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। टैंपो चालक की हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर की पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार आरोपित की पहचान सतपाल उर्फ खैरू वासी नांगल सिरोही के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को जाटवास मोड महेंद्रगढ़ से गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ उसके मामा



**काबू**

**कार्रवाई करते हुए थाना सदर की पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया**

की हत्या करने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में गहनता से छानबीन करते हुए आरोपितों का पता लगाकर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपितों ने नकदी छीनकर हत्या करने की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता गौरव निवासी अटेली मंडी ने थाना सदर में शिकायत दी कि 18 नवंबर 2024 को समय करीब 8 पीएम को उसकी मौसी अंजू देवी का उसके पास फोन आया और कहा कि तेरे मामा अनिल कुमार का टैंपो नागंल सिरोही बाईपास पर खराब हो गया है, तो वहां जाकर उन्हें लेके आजा।

# सतपाल राणा व रविंद्र शर्मा की अध्यक्षता में केजरीवाल से मिले

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पानीपत** ग्रामीण हल्के का एक प्रतिनिधिमंडल सर्वजातीय पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष सतपाल राणा व रविंद्र शर्मा की अध्यक्षता में दिल्ली के पुर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सुबह-सुबह मिला और उसके बाद हरियाणा आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सुशील गुप्ता से भी मुलाकात की , इनसे आने वाले पानीपत नगर निगम के चुनाव बारे में विस्तृत चर्चा की गई इस चर्चा में नगर निगम चुनाव में सीटों के बंटवारे पर चर्चा हुई जिसमें सर्वजातीय पंचायत ने निगम की 10 सीटों और मेयर की सीट पर दावेदारी पेश की, कार्यकारी अध्यक्ष सतपाल राणा ने विस्तृत चर्चा होने के बाद फैसला हुआ कि जल्द पुर्व मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल के निवास स्थान पर दिल्ली चुनाव से पहले एक प्रेस कांफ्रेंस करके और आम आदमी पार्टी पानीपत की इकाई को भी शामिल करके इस पर विचार विमर्श होगा। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के नेता पानीपत जिला टीम के प्रदीप कंसल भी मौजूद रहे इस अवसर पर सतपाल राणा ने कहा है की सीट बंटवारे पर बहुत ही सौहार्द पुर्व माहौल में बातचीत हुई राणा ने कहा है कि जल्द दिल्ली चुनाव से पहले दिल्ली में केजरीवाल के निवास स्थान पर सर्वजातीय पंचायत का 15 सदस्य मंडल और आम आदमी पार्टी की पानीपत इकाई भी शामिल होगी।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीय दिवस पर अपनी पुस्तक का विमोचन किया

**नोएडा ।** प्रख्यात लेखिका और शिक्षाविद् डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने अपनी पीएचडी शोध पर आधारित पुस्तकफिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879-1947) का विमोचन प्रवासी भारतीय दिवस के शुभ अवसर पर किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 जनवरी, 2025 को किया जाएगा। गौरतलब है कि डॉ. रेखा चतुवेर्दी स्वर्गीय पंडित बनारसी दास चतुवेर्दी (राज्यसभा सांसद) की पोती हैं। पंडित बनारसी दास चतुवेर्दी ने प्रवासी भारतीयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने कहा, फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879 झ्र) भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के जीवन और उनके संघर्षों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। साल 2025 के प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर इस ऐतिहासिक पुस्तक का प्रकाशन भारतीय प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा को हाइलाइट करती है। प्रवासी भारतीय दिवस पर इस पुस्तक का विमोचन इसके महत्व को दशार्ता है और साथ ही यह प्रवासी समुदाय के योगदान और संघर्षों को सम्मान देने की एक सार्थक कोशिश है। गिरमिटिया मजदूरों को उस समय के ब्रिटिश शासन के दौरान कुली के नाम से जाना जाता था। यह भारत के औपनिवेशिक इतिहास का एक दर्दनाक और शर्मनाक हिस्सा है। दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, त्रिनिदाद, गुयाना और फिजी जैसे देशों में इन गिरमिटिया मजदूरों को अमानवीय परिस्थितियों में कठोर और अत्यंत कठिन कार्य करने के लिए मजबूर किया गया। सस्ता साहित्य मंडल द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक फिजी द्वीप पर इन गिरमिटिया मजदूरों की सेवाओं, उनकी पीड़ा और उनके जीवन की अमानवीय परिस्थितियों को उजागर करती है।



### कॅम्पस ने नोएडा सेक्टर 15 में नया स्टोर खोलकर अपनी रिटेल उपस्थिति का विस्तार किया

**नोएडा।** भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेजर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कॅम्पस ने नोएडा सेक्टर 15 के बसोया कॉम्प्लेक्स में एक शानदार नया स्टोर खोला है। यह कदम ब्रांड की अपने ग्राहकों तक पहुंच बढ़ाने और उन्हें एक बेहतर और रोमांचक शॉपिंग अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। 612 वर्ग फीट में फैला हुआ यह स्टोर कॅम्पस के स्टाइलिश और आरामदायक फुटवियर का लेटेस्ट कलेक्शन शामिल हैं। यहां पर पुरुषों और महिलाओं के लिए स्नीकर्स, परफॉर्मेंस शूज और वार्नर ब्रदर्स के लिमिटेड एडिशन जैसे बैटमैन और सुपरमैन से प्रेरित डिजाइन भी उपलब्ध हैं। ग्राहक लॉन्च के मौके पर आकर्षक ऑफर जैसे एक खरीदें, 30% छूट पाएं और दो खरीदें, 40% छूट पाएं का लाभ उठा सकते हैं। यह एक बेहतरीन मौका है, जहां आप कॅम्पस के हाई-फैशन और ट्रेंडिंग फुटवियर को शानदार कीमत पर पा सकते हैं। इस अवसर पर श्री निखिल अग्रवाल, सीईओ, कॅम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा, नोएडा सेक्टर 15 में हमारा नया स्टोर खोलना हमारे लिए हमारे ग्राहकों तक पहुंचने, अपना ग्राहक आधार बढ़ाने और उन्हें एक आसान और शानदार शॉपिंग अनुभव देने का हमारा प्रयास है। कॅम्पस की ओर लोगों का बढ़ता प्यार और आकर्षण देखकर, हम भारत के पसंदीदा स्पोर्ट्स और एथलीजर फुटवियर ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए विकास योजनाओं का लगातार और शीघ्रता से विस्तार कर रहे हैं। यह नया स्टोर हमारे ओमनी-चैनल अनुभव को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो हमें हमारे प्रिय ग्राहकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस स्टोर के खुलने के साथ, कॅम्पस के एक्सक्लूसिव रिटेल आउटलेट्स की संख्या अब देशभर में 292 हो गई है, जो ब्रांड की तेज और रणनीतिक वृद्धि को दशार्ता है। हाल के प्रमुख बाजारों में खोले गए स्टोर से ब्रांड की पहुंच को काफी बढ़ावा मिला है और अधिक ग्राहकों तक आसानी से पहुंचने की क्षमता मिली है।

### मोबाइल फोन व रुपये छीनने की वारदात में शामिल तीन गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** राई थाना सोनीपत पुलिस ने मारपीट कर मोबाइल फोन व रुपये छीनने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आशीष उर्फ मोनू निवासी झरोठ, नरेंद्र उर्फ छोटा व सुंदर उर्फ कार्तिक निवासी राठधाना का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया।

# मार्केट कमेटी सचिव व नगर पालिका सचिव को मांग पत्र दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, (कमाल हुसैन )** हरियाणा के पानीपत जिले में समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा ने सब्जी मंडी के पार्किंग एरिया व जीटी रोड़ फ्लाई ओवर के नीचे से अवैध कब्जे हटवाने के लिए मार्केट कमेटी सचिव व नगर पालिका सचिव को मांग पत्र दिए। मांगें जल्द पूरी न होने पर दोनों विभागों के अधिकारियों के खिलाफ लोकायुक्त कोर्ट में केस दर्ज कराने की चेतावनी भी दी है।

**राजस्व को लगा रहे चूना**

संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने आरोप लगाया कि नई सब्जी मंडी में पार्किंग एरिया पर अवैध कब्जे करके करीब दो दर्जन लोग बिना लाइसेंस लिए सब्जी फ्रूट की अवैध आढ़त का



कारोबार कर राजस्व को चूना लगा रहे हैं। मार्केट कमेटी कर्मचारियों की मिलीभगत से नई सब्जी मंडी में बने व्यवसायिक बूथों में प्रतिबंध के बावजूद सब्जी की अवैध आढ़त का धंधा धडल्ले से जारी है। जिस कारण नई सब्जी मंडी के मान्यता प्राप्त दुकानदार बर्बाद हो चुके हैं। आरोप लगाया कि मार्केट कमेटी के अधिकारियों के भ्रष्टाचार के कारण यह अवैध कब्जे नहीं हटाए जा रहे। इसी तरह जीटी रोड़ फ्लाई ओवर के नीचे अवैध कब्जे करके कुछ दबंग लोग गरीब रेहड़ी पटरी वालों से मोटे किराए लेकर शोषण कर रहे हैं। यहां दूसरे शहरों से सब्जी फ्रूट लाकर अवैध आढ़त का कारोबार भी चल रहा है। रेहड़ी पटरी वालों के कारण सारा दिन जीटी रोड़ पर व फ्लाई ओवर के नीचे ट्रैफिक जाम लगा रहता है, बदबू फैली रहती है। आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है और अक्सर दुर्घटनाएं होती है।

संघर्ष मोर्चा ने मार्केट कमेटी सचिव सविता जैन व पालिका सचिव मनीष रेडू को मांग पत्र देकर तुरंत नई सब्जी मंडी पार्किंग एरिया से अवैध कब्जे हटवाने, फ्लाई ओवर के नीचे से सभी रेहड़ी पटरी मार्केट वालों को नई अनाज मंडी शेड में शिफ्ट करने, अवैध आढ़तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने व फ्लाई ओवर के नीचे सार्वजनिक शौचालय बनाने की मांग की है।

# अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार सहित तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: एसएजी** यूनिट सेक्टर-9 ने अलग-अलग अवैध हथियार की वारदात में शामिल तीन आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नीरज निवासी जाजल व सुमित निवासी पलड़ी व सागर निवासी मुरथल का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित सुमित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर अन्य दो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक यशवीर की टीम गश्त के दौरान गढ़ मिर्कपुर बस अड्डे के पास मौजूद थी। उसी दौरान रेड करते हुए दो युवको को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देशी पिस्तौल व दो जिंदा रौद बरामद हुए। मामले को लेकर बहालगढ़ थाना सोनीपत पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। सिपाही अमित की टीम ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से सुमित को एक दिन के पुलिस रिमांड व दूसरे को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

वहीं टीम में शामिल सिपाही प्रदीप की टीम ने गोहाना बाईपास मोड़ जीटी रोड से संदिग्ध हालत में युवक को काबू किया। उसके पास से तलाशी के दौरान एक पिस्तौल व दो जिंदा रौंद बरामद हुआ। मामले में मुरथल थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# सतीश रावत बने अखिल भारतीय हिंदू महासभा के



**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद कसाना**

**नांगल चौधरी।** अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा द्वारा महेंद्रगढ़ जिले के नांगल सोडा निवासी सतीश रावत को अखिल भारतीय हिंदू महासभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, सतीश रावत व साथियों से में अपेक्षा करता हूं अखंड हिंदू राष्ट्र के निर्माण में एक सिपाही की तरह काम करेंगे।रावत ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने जो मुझ में विश्वास व्यक्त करते हुए हरियाणा प्रदेश की जिम्मेदारी दी है सभी संगठनों को साथ लेकर

# घर से सोने-चांदी के जेवरात व हजारों की राशि चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से चोरी की दो वारदातें सामने आई है। चोरों ने न्यु बाबा कॉलोनी स्थित मकान से सोने-चांदी के जेवरात व पचास हजार रुपये की राशि चोरी कर ली। वहीं डेयरी संचालक ने श्रमिक पर 95 हजार रुपये की राशि चोरी करने की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने इस संबंध में चोरी के मुकदमे दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। न्यू बाबा कॉलोनी निवासी प्रभा ने पुलिस को बताया कि वह

**मांग**

**पुलिस चोरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है**

अपनी सास और बच्चों के साथ महलाना रोड पर देवर के घर चली गई थी। वहां से वापस आए तो घर के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर जांच की तो 50 हजार रुपये, सोने की दो अंगूठी, चांदी का मंगलसूत्र, चांदी की तागड़ी, तीन जोड़ी पायजेब, गले का सेट और चांदी के सिक्के गायब थे। शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की जाएगी। जल्द चोरों का पता लगाकर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डेयरी संचालक के 95 सौ रुपये चोरी कर ले गया श्रमिक महलाना रोड स्थित डेयरी संचालक सितेंद्र ने बताया कि वह डेयरी के ऊपर बने कमरे में गए तो अलमारी खुली हुई थी। जांच की तो अलमारी में रखे 95 सौ रुपये गायब थे। सतेंद्र ने पुलिस को बताया कि बिहार के बेगूसराय के राजा को कुछ समय पहले काम पर रखा था।

# शहर में तीन मकानों के टूटे ताले, लाखों के जेवरात व नगदी चोरी

**जींद।** जिले में ठंड बढने के साथ ही चोरी की वारदातें भी बढने लगी हैं। बीती रात चोरों ने तीन अलग-अलग स्थानों पर मकानों के ताले तोड़ कर सोना, चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। चोरी की एक वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें चोर मुंह ढांपे हुए हैं और चोरी करने के औजार हाथ में लिए हुए हैं। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवपुरी कालोनी निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार समेत बाहर गया हुआ था।

# वार्षिक चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी व सहायक अधिकारी नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए है। पवन दहिया को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। साथ ही जिला बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ने के लिए जमा होने वाली सिक्योरिटी राशि में वृद्धि की गई है। अब प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को 25 हजार रुपये जमा कराने होंगे। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अनिल ढुल ने बताया कि 28 फरवरी को होने वाले चुनाव को लेकर बैठक बुलाई थी। जिसमें सर्वसम्मति से एक चुनाव अधिकारी के अलावा 5

**वृद्धि**

**जिला बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ने के लिए जमा होने वाली सिक्योरिटी राशि में वृद्धि की गई है।**

अधिवक्ताओं को सहायक चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव प्रक्रिया शीघ्र शुरू करते हुए नामांकन, छंटनी व मतदान के संबंध में तैयारियां की जाएगी। वरिष्ठ अधिवक्ता पवन दहिया को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। वह इससे पहले दो बार गुरुग्राम बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी रह चुके हैं। इसके अलावा सहायक चुनाव अधिकारियों में इंद्रजीत खोखर, वीरेंद्र नैन, विकास कुंडू, गौरव शर्मा व कुलभूषण चौधरी शामिल हैं। बार एसोसिएशन में अधिवक्ताओं की संख्या 15 सौ से अधिक हो चुकी है। ऐसे में चुनाव शांतिपूर्ण व अच्छे से संपन्न कराने के लिए आरओ व पांच एआरओ नियुक्त किए हैं।

**पदों के लिए सिक्योरिटी राशि को बढ़ाया-** जिला बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ने के लिए सिक्योरिटी राशि में वृद्धि की गई है। अब प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को 25 हजार रुपये, उप प्रधान व सचिव का चुनाव लड़ने वाले को 15-15 हजार रुपये व खंजाची और संयुक्त सचिव का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार को आठ-आठ हजार रुपये सिक्योरिटी राशि जमा करानी होगी। पहले यह राशि प्रधान पद के लिए 10 हजार, उप प्रधान व सचिव के लिए आठ हजार व खंजाची और संयुक्त सचिव के लिए पांच हजार रुपये थी।

मतदाता सूची तैयार हो चुकी है, आगामी 27 जनवरी को सूची को चस्पा दिया जायेगा। किसी को कोई आपत्ति है तो एक फरवरी तक दर्ज करवा सकता है। उसके बाद 7 फरवरी को चुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया जायेगा। उम्मीदवार के लिए सिक्योरिटी राशि में सहमति लेकर वृद्धि की गई है।

# जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने धारूहेड़ा में की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** स्वास्थ्य विभाग की टीम व पीसीपीएनडीटी रेवाड़ी की टीम ने धारूहेड़ा रेवाड़ी में छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान टीम ने गर्भपात करने के दो आरोपितों को रंगे हाथों काबू किया है। वहीं वारदात में शामिल आरोपित चिकित्सक फरार हो गया। आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाना पुलिस को शिकायत दी है। इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी अतिरिक्त भार डा. जयंत आहूजा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी। जिस पर सोनीपत की टीम तैयार करके व पीसीपीएनडीटी रेवाड़ी को शामिल करके छापेमारी की गई। टीम को नेतृत्व डा. सुमित कौशिक को सौंपा गया। टीम ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जोकि कथित तौर से अवैध गर्भपात के कारोबार में शामिल है। आरोपितों ने आठ हजार रुपये में सौदा तय किया था।

इस अवैध गतिविधि के मास्टरमाइंड डा. रोहित धारीवाल ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी के लिए 8000 रुपये लिए। वह एसएल अस्पताल, बास रोड, धारूहेड़ा में यह अवैध कारोबार चला रहा है। टीम ने मौके से वारदात में प्रयुक्त औजार, दवाईयां व मशीन को सील किया है।

# दुकानदारों ने सीवर के दूषित पानी का समाधान को लेकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** शहर के गोहाना रोड व सारंग रोड को जोड़ने वाले रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे से लोगों को गुजरना दुर्भर हो गया है। रेलवे लाइन से दोनों तरफ लगती दुकानें व मार्केट के दुकानदार नरकीय जीवन जीने पर मजबूर है। सालों से आ रही समस्या का समाधान न होने के कारण दुकानों पर ताले लटकने लगे है। दुकानदार दुकाने छोड़कर दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके है, बाकि मार्केट में बचे दुकानदार शहर से विधायक व जिला प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगाकर थक चुके है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। गोहाना रोड व रेलवे अंडर ब्रिज के साथ लगती मार्केट के दुकानदारों ने मंगलवार को इकट्ठा होकर जिला प्रशासन व शहर विधायक के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। दुकानदारों ने रोष-प्रकट करने के लिए ढोल बजाया। कर्ण सिंह मार्केट के दुकानदार अमित, दीपक, अशोक, राजकुमार, संजीव लाकड़ा, इमाम, प्रदीप, बिजेंद्र, आजाद, कृष्ण, विरेंद्र ने बताया कि कई सालों से रेलवे विभाग की जमीन पर सीवर का दूषित पानी भर जाता है। रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे से हर रोज हजारों की संख्या में दो-पहिया व चार-पहिया वाहन गुजरते है। वहीं मार्केट में अलग-अलग दुकानों पर सामान लेते है। काफी सालों से सीवर का दूषित पानी पांच फीट तक भर जाता है। ग्राहकों ने उक्त रास्ते से आना तक बंद कर दिया है। इस संबंध में जिला प्रशासन व शहर से विधायक निखिल मदान को समस्या को लेकर गुहार लगा चुके, लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाता है।

**कूड़े का समय पर नहीं हो पाता उठान, दिन भर फैली रहती है सड़कों पर गंदगी:** दुकानदारों ने बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों को जगाने व समस्या का हल करवाने के लिए ढोल बजाकर नारेबाजी की। जिसमें शहर विधायक निखिल मदान व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ रोष-प्रदर्शन किया गया। दुकानदारों ने बताया कि दिन भर सड़क पर दूषित पानी व कूड़े के ढेर लगे रहते है। जिस दिन पानी भर जाता है, उस दिन दूषित पानी की बदबू व बाकि दिनों कूड़े के ढेरों की बदबू ने जीना मुश्किल कर दिया है। दुकाने व मार्केट छोड़कर कई दुकानदार जा चुके है। शहर की पुरानी मार्केट बंद होने की कगार पर पहुंच चुकी है।

**दूषित पानी में खराब हो रहे वाहन, लाइन पार करते समय हो चुकी है मौत:** अंडर ब्रिज के नीचे से गुजरना वाहन चालक व पैदल चालकों को मुश्किल हो रहा है। पांच दिन से करीब पांच फीट तक दूषित पानी ब्रिज के नीचे भरा हुआ था, जोकि दुकानों में घुस गया था। पानी का लेवल तो कम हुआ, लेकिन पूर्ण रूप से सफाई नहीं हुई है। वहीं पानी भरने पर वाहन खराब हो जाते है। वहीं सारंग रोड की तरफ स्थित कॉलोनी की महिलाएं पेयजल के लिए गोहाना रोड की तरफ जाती है।

गत दिनों पहले घर से निकली महिला अंडर ब्रिज के नीचे दूषित पानी भरा होने के कारण लाइन पार करने लगी। उसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। सीवर की पाइप लाइन का कार्य चल रहा था। जिसका कार्य पूरा हो चुका है। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने गंदगी व कूड़े के उठान को लेकर मिलकर कार्य करना चाहिए। इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए जा चुके है। जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाकर अंडर ब्रिज के नीचे की गंदगी का उठान होगा।

# महिंद्रा ने प्रीमियम ईवी प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा ।** महिंद्रा ने अपने अनलिमिटेड इंडिया टेक डे पर अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी- बीई 6 और एक्सईव्ही 9ई के टॉप-एंड (पैक थ्री) वेरिएंट की कीमतों की घोषणा की। यह घोषणा 26 नवंबर, 2024 को आयोजित अनलिमिटेड इंडिया इवेंट की सफलता पर आधारित है, जहाँ बीई 6 और एक्सईव्ही 9ई का अनावरण किया गया था।

महिंद्रा का प्रीमियम तकनीक के लोकतंत्रीकरण का दृष्टिकोण पैक थ्री के साथ केंद्र में है, जो लक्जरी, अत्याधुनिक सुविधाओं और बेजोड़ प्रदर्शन के उच्च अंत का प्रतिनिधित्व करती है। प्रीमियम ईवी के प्रति ग्राहकों के बढ़ते झुकाव को ध्यान में रखते हुए, महिंद्रा पहले चरण में बीई 6 और एक्सईव्ही 9ई दोनों के लिए विशेष रूप से पैक थ्री लॉन्च करेगी। पैक थ्री को और अधिक सुलभ बनाने के लिए, महिंद्रा ने एक अनूठा कार्यक्रम "थ्री फॉर मी" पेश किया है। महिंद्रा फाइनेंस द्वारा लाया गया यह कार्यक्रम सुनिश्चित करता है कि पैक थ्री वेरिएंट को पैक वन के समान मासिक ईएमआई पर खरीदा जा सकता है, जिसमें छह साल के अंत में एक बैलून भुगतान होता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव सेक्टर के अध्यक्ष और महिंद्रा इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक वीजय नाकरा ने कहा, हमारे इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी को लेकर प्रतिक्रिया अभूतपूर्व रही है, ग्राहकों ने उच्च तकनीक और प्रीमियम सुविधाओं के प्रति मजबूत झुकाव दिखाया है।

इसके जवाब में, हम 14 फरवरी, 2025 को बीई 6 और एक्सईव्ही 9ई दोनों के लिए 79 'हँ में केवल फीचर-लोडेड पैक थ्री के लिए बुकिंग शुरू करेंगे, जो वैलेंटाइन डे है।


# स्वच्छता अभियान के तहत गुलाब सिंह राठौर ने चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सफाई अभियान के तहत बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने जहांगीर पुरी इलाके में सफाई अभियान के तहत क्षेत्र में व निगम के पार्कों में साफ-सफाई करवाई। इस दौरान निगम के उद्यान विभाग के कर्मचारियों ने निगम के पार्कों की सफाई कर पेड़ों-पौधों की छटाई भी करवाई गई।

इस दौरान गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि क्षेत्र की साफ-सफाई के लिए ही मेरें क्षेत्रवासियों ने मुझे चुनकर पार्षद बनाया है इसलिए अब उन लोगों की समस्याओं को सुनना व उसका निदान करना भी मेरा नैतिक कर्तव्य है। मेरे द्वारा क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर निरंतर सर्वे भी किया जाता रहता है। इसके साथ ही मैं क्षेत्र के लोगों के साथ निरंतर संपर्क में भी रहता हूं, जिससे की मेरे क्षेत्र के लोगों को साफ-सफाई सहित कई अन्य समस्या होने पर उनको इधर-उधर न भटकना पड़ें और सीधा ही मेरे से संपर्क कर सके। राठौर ने कहा कि बुराड़ी क्षेत्र में विधायक संजीव झा द्वारा कोई भी कार्य नहीं करवाया है, जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को बहुत परेशानियां हो रही है, तो वहीं क्षेत्र के कई लोग ऐसे भी है जिन्हें तो यह तक नहीं पता है कि विधायक कौन है और उनका क्या नाम है, इसकी वजह बस यही है कि विधायक संजीव झा क्षेत्र में कभी नज़र ही नहीं आए है और अब चुनाव आते ही घर-घर जाकर बेशर्मी से वोट मांग रहे है।





# रिठाला में मुशायरे व कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के रिठाला में भव्य मुशायरे व कवि सम्मेलन का आयोजन शिव मंदिर, अवंतिका में किया गया। जिसकी अध्यक्षता "निखिल कुमार" ने की। जबकि मुख्य अतिथि प्रख्यात व वरिष्ठ शायर सरफराज अहमद फराज देहलवी रहे। विशिष्ट अतिथि कवयित्री तुल्लिका सेठ मौजूद रहीं। आमंत्रित वरिष्ठ कवि गण में कवि एवं चित्रकार संजय कुमार गिरि,अजय मिश्रा दबंग, सोनिका पंवार सवेरा, दीपक वाशण और कई कवियों ने अपना सुंदर काव्य पाठ कर श्रोताओं का मन मोह लिया।

कवि सम्मेलन का संचालन भी प्रख्यात शायर 'सरफराज अहमद फराज देहलवी' ने बहुत खूबसूरत अंदाज में किया। भारी संख्या में श्रोता ने कवि सम्मेलन का आनंद लिया। शायर व कवि, कवयित्रियों को माला, शाल व संचार न्यूज व यूट्यूब चैनल की ओर से अवार्ड देकर भी नवाजा गया।




# आम आदमी पार्टी के कई नेता भाजपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में जनकपुरी विधानसभा से महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अधिवक्ता रीना मेहरा और गीता कॉलोनी वार्ड से 2022 के निगम चुनाव की आप प्रत्याशी कवलंजीत कौर सहित जनकपुरी क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता आज भाजपा में शामिल हुए। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित प्रेसवार्ता में भाजपा नेता एवं जनकपुरी से प्रत्याशी आशीष सूद और कृष्णा नगर से प्रत्याशी डॉ अनिल गोयल भी उपस्थित थे। आज भाजपा में शामिल होने वालों में आम आदमी पार्टी ट्रेड विंग उपाध्यक्ष शमशेर चहर, आप पदाधिकारी एवं जनकपुरी की विभिन्न धार्मिक एवं व्यापारिक संस्थाओं से जुड़े मनीष भसीन, हरपाल सिंह, जुगल किशोर बहल, लवन्या भगत, रेखा सिंह, प्रेमा सिंह, कृष्णा नगर से अश्वनी चौहान, कमलेश तिवारी, सनी चौहान, जॉनी, राहुल वशिष्ठ सहित लगभग 100 आप कार्यकर्ताओं का नाम शामिल है। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी के युवा कार्यकर्ता हैं जिन्होंने केजरीवाल के झांसे में आकर पार्टी को ज्वाइन किया था, अनेकों ने नौकरी या व्यापार खो दिया लेकिन इन लोगों को आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल ने मूवमेंट अगेंस्ट करप्शन के नाम पर ठगने का काम किया है।




# राजघाट पर आयोजित 16वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम हुआ संपन्न





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मेरा युवा भारत, नेहरू युवा केंद्र संगठन उत्तर-पश्चिमी दिल्ली द्वारा युवाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से दिनांक 2 जनवरी से 8 जनवरी 2025 तक गांधी स्मृति और दर्शन समिति राजघाट दिल्ली में किया गया। जिसमें 200 युवा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली, झारखंड के सिंहभूम, मध्य प्रदेश के बालाघाट और छत्तीसगढ़ के सुकमा और मोहल्ला मानपुर, राजनंदगांव जिलों से भाग ले रहे है। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी द्वारा किया गया था। जिसमें नेहरू युवा केंद्र संगठन और गृह मंत्रालय के पदाधिकारी भी शामिल हुए। सात दिवसीय चलने वाले इस कार्यक्रम में युवाओं का मार्गदर्शन सीआरपीएफ की 31 बटालियन, मदर डेयरी दुग्ध प्लांट दिल्ली, विजय गोयल, उपाध्यक्ष गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, आशीष कुमार, जेल अधीक्षक मंडावली जेल, अविनाश कुमार आईएएस और कई प्रवक्ताओं ने किया।

# आतिशी बतायें 17 ए.बी. मथुरा रोड़ किसको आवंटित बंगला हैः सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दोपहर कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों के साथ नई दिल्ली में सर्वोच्च न्यायालय के समीप स्थित 17 ए.बी. मथुरा रोड़ बंगले पर पहुंचे और कहां की यह बंगला मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना को आवंटित बंगला हैं और इसमे मुख्यमंत्री स्वंय कभी नहीं रही हैं और सत्ता के दुरुपयोग कर अपने कुछ राजनीतिक साथियों को बंगले में रखा है।

प्रदेश अध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र सचदेवा के साथ प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर के अलावा विक्रम मित्तल, शुभेन्दू शेखर अवस्थी आदि भी थे।




दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हम यहां मुख्यमंत्री आतिशी से मिलने आये थे और वो यहां नही हैं तो उनसे 4 सवाल करते हैंः आतिशी मालेर्ना बतायें 17 ए.बी. मथुरा रोड़ किसको आवंटित बंगला है? दिल्ली जानना चाहती है की क्या यह सच नहीं की 17 ए.बी. मथुरा रोड़ से तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित ने 1998 से 2004 तक सरकार चलाई थी तो आतिशी मालेर्ना क्यों नही चला सकतीं ?

आतिशी बतायें 2015 से 2024 तक अरविंद केजरीवाल मुख्य मंत्री थे तो फिर 6 फ्लैग स्टाफ रोड़ को मुख्यमंत्री आवास घोषित क्यों नहीं किया? आतिशी मालेर्ना बतायें की 17 ए.बी. मथुरा रोड़ बंगला जो उनको आवंटित है उसमे कौन रहता है? वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह खेदपूर्ण हैं की ओछी राजनीति में माहिर आम आदमी पार्टी नेता शीशमहल बंगले की बदनामी से बचने के लिए प्रधानमंत्री आवास पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# 'जीवन रक्षा योजना' 25 लाख तक दिल्लीवासियों का इलाज मुफ्तः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव की मौजूदगी में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिल्ली में कांग्रेस की दूसरी गारंटी जीवन रक्षा योजना के तहत 25 लाख रुपये के तहत मुफ्त इलाज की घोषणा करके दिल्ली की लगभग 3 करोड़ जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जिम्मेदारी निभाने का वादा किया। जीवन रक्षा योजना कांग्रेस की दूसरी गारंटी है जबकि पहली प्यारी दीदी योजना के तहत हम दिल्ली की हर महिला को 2500 रुपये प्रतिमाह देंगे।

संवाददाता सम्मेलन में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा योगानन्द शास्त्री, प्रो. किरण वालिया और डा. नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक और सदर विधानसभा प्रत्याशी अनिल भारद्वाज, नेशनल कॉआर्डिनेटर अभय दूबे भी मौजूद थे। अशोक गहलोत ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस सरकार बनने पर दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी का काम सरकार उठाऐगी। हम राजस्थान की चिरंजीवी योजना की तर्ज पर जीवन रक्षा योजना को दिल्ली के लिए लाये है। यह एक यूनिवर्सल बीमा योजना होगी, जिसमें बच्चा जन्म से वृद्धावस्था तक हर उम्र, हर वर्ग को इस योजना का हकदार बनाया जाऐगा। जीवन रक्षा योजना में सभी सरकारी और प्राईवेट अस्पताल शामिल होंगे जिसमें हर दिल्लीवासी को मुफ्त मिलेगा। यह एक क्रांतिकारी कदम है और दिल्ली में सरकार बनने के तुरंत बाद हम दिल्लीवासियों को राजस्थान की तर्ज पर स्वास्थ्य का अधिकार देंगे। उन्होंने कहा कि जीवन रक्षा योजना गेम चेंजर साबित होगी। या जाएगा और सत्ता परिवर्तन में लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

अशोक गहलोत ने बताया कि राजस्थान में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत 55 लाख लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस योजना के तहत 25 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज कराने का प्रावधान रखा गया। इस योजना को शहर के सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में लागू किया गया था।




## एलआईसीः एक महीने के भीतर 50 हजार से अधिक पंजीकरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सार्वजनिक क्षेत्र की इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बीमा सखी योजना में एक महीने के भीतर 50 हजार से ज्यादा पंजीकरण हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तीकरण के जरिए विकसित भारत की दिशा में एक पहल के तौर पर इस योजना की शुरूआत की थी। एलआईसी ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि उद्घाटन के एक महीने बाद बीमा सखियों के लिए कुल 52,511 पंजीकरण हुए हैं। कंपनी ने कहा कि 27,695 बीमा सखियों को पॉलिसी बेचने के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। वहीं, 14,583 बीमा सखियों ने पॉलिसी को बेचना शुरू कर दिया है। इस अवसर पर एलआईसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि "हमारा उद्देश्य एक वर्ष के भीतर देश की प्रत्येक पंचायत को कम से कम एक बीमा सखी से कवर करना है।

॥ हर हर महादेव ॥
शांति शांति

॥ तेहरवीं एवं रस्म पगड़ी ॥
अत्यंत दुख के साथ सुचित किया जाता है कि मेरी पूज्य माताजी वैकुण्ठ वासी श्री मति प्रेमलता शर्मा धर्म पत्नी निरंजन प्रसाद शर्मा का स्वर्ग वास
सोमवार 30 दिसंबर 2024 को हो गया था ।
इस निमित - शुक्रवार दिनांक 10 जनवरी 2025
हवन ........ प्रात : 10 बजे
ब्रहमभोज ........ दोपहर : 12.00 बजे
रस्म पगड़ी ........ शाम 3.00 बजे
स्थान : प्राचीन शिव मन्दिर
केवल पार्क (आजादपुर) दिल्ली - 110033
शोकाकुल परिवार :-
निरंजन प्रसाद शर्मा (पति)
मंगत राम शर्मा (पुत्र)
आशू शर्मा (पुत्र)
आनंद शर्मा (पुत्र)

## न्यूज फ्लैश

### संगम की रेती पर भगवान शिव की भक्ति में लीन हैं नौ वर्षीय नागा साधु गोपाल गिरी

**महाकुंभनगर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 का आरंभ हो चुका है। यह सृष्टि पर्व 13 जनवरी 2025 से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। महाकुंभ में इन दिनों देशभर के अखाड़ों से साधु-संत पहुंच रहे हैं।
बड़ी संख्या में नागा साधु भी आए हैं। नागा साधुओं में सबसे छोटे नागा साधु गोपाल गिरी जी भी संगम की रेती पर भगवान शिव की भक्ति में लीन हैं। उनकी उम्र महज 9 साल है। इतनी छोटी उम्र में तन पर राख लगाकर धुणी रमाए नागा साधु गोपाल गिरी महाकुंभ 2025 में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।
नागा संन्यासी गोपाल गिरी महाराज हिमाचल के चंबा में रहते हैं और महाकुंभ पर्व में भाग लेने के लिए प्रयागराज पहुंचे हुए हैं। तीन वर्ष की आयु में ही उनके माता-पिता गुरु दक्षिणा में नागा संन्यासी को सौंप दिए थे। गोपाल गिरी श्री शंभू पंचदशनाम आवाहन अखाड़ा के नागा संन्यासी हैं। उनके गुरु थानापति सोमवार गिरी महाराज हैं। उनके गुरु भाई कमल गिरी बताते हैं कि गोपाल मूल रूप से बरेली के अकबरपुर गांव के रहने वाले हैं। वह चार भाईयों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार की बड़े लोगों में गिनती होती है। बचपन से ही वह भगवान शिव के भक्त थे। ऐसे में उन्होंने अपना पूजा जीवन भगवान महादेव के नाम कर दिया।
इस कड़ाके की ठंड में गोपाल गिरी निर्वस्त्र अपने गुरु भाइयों के साथ शरीर पर भस्म लगाए महादेव जी की भक्ति लीन रहते हैं। माता-पिता के बारे में पूछने पर वह कहते है कि गुरु ही उनके माता-पिता हैं। उनकी सेवा और प्रभु की भक्ति करने में ही उन्हें परमानंद की अनुभूत होती है। उन्हें अपने परिवार के बारे में कुछ नहीं पता है। वहीं कम उम्र में बेटे को संन्यासी बनाने के सवाल पर कमल गिरी महाराज कहते है कि एक बच्चा दान करने पर उस परिवार को सात जन्मों का पुण्य मिलता है। उनकी सात पीढ़ी के पाप तर जाते हैं।
गोपाल गिरी के गुरु भाई कमल गिरी बताते हैं कि कम उम्र के नागा संन्यासियों को आश्रम में सुबह से लेकर शाम तक पूजा-आरती, संस्कार और तलवार भाला जैसे अस्त्र-शस्त्र चलाने की शिक्षा दी जाती है। वह अन्य बच्चों की तरह खेलकूद नहीं करते हैं। वह अपना पूरा जीवन गुरु व भगवान प्रेम को समर्पित कर देते हैं। नागा गोपाल गिरी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि उन्होंने अपना पूजा जीवन सनातन के नाम कर दिया है। हमें मुझे किसी ने बहकाया नहीं। साधु को कोई बहका नहीं सकता। मैं अपने मन से साधु बना हूं। संत बनने की मेरी मर्जी थी। भगवान के भजन-कीर्तन के लिए साधु बना हूं।
गोपाल गिरी ने आगे कहा, खेलना-कूदना तो छोटे-छोटे बच्चों का काम है। मैं तो खेलने में नहीं बल्कि भजन में मगन रहता हूं। भगवान शिव, सूर्यदेव के भजन करता हूं। मेरे तीन गुरु महाराज भी तन पर भभूत लगाकर समाधि लेकर भगवान के पास चले गए। मेरा स्कूल में नाम भी लिखवाया था, मगर मैं गुरुकुल में शिक्षा लेना चाहता था। इसलिए साधु बन गया। मैं कोई स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई के डर से घर से भागकर नहीं आया हूं। गुरुकुल में बच्चों को मार पीटकर नहीं बल्कि प्यार से शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा हमारे मन और दिल दोनों में भगवान बैठा है। ताउम्र साधु ही रहूंगा। मर जाऊंगा तब भी साधु ही रहूंगा।
छोटे नागा साधु को ठंड नहीं लगती के जवाब में उन्होंने कहा तुम सर्दी से बचने के लिए जैकेट पहनते हो। हम सिर्फ भगवान को पहनते हैं। भगवान हमारे मन में रहते हैं। फिर ठंड किस बात की। ध्यान लगाओ। ध्यान लगाओ। ह्रीओम नमःशिवायह जपो! भगवान खुद आपके सामने आएंगे। यकीन नहीं हो रहा तो किसी वन में जाकर तपस्या करके देख लो। मैं भी शेर-चीता वाले किसी वन में जाकर तपस्या करूंगा। ये जंगली जानवर हमें खाएंगे नहीं क्योंकि भगवान हमारे साथ हैं। मैं तो चाहता हूं मुझे हमेशा के लिए शमशान में भेज दो ताकि जिंदगी भर के लिए वहां भगवान का मंदिर बना दूंगा। मुझे भगवान से प्यारा कोई नहीं लगता।
संत ने नग्न रहने के प्रश्न पर कहा, गंगा में डुबकी लगाकर आओ। आपको ठंड लगेगी और शर्म भी आएगी। आप अपने परिवार के सामने नागा नहीं रह सकते जबकि मैं रह सकता हूं। भगवान शिव भी तो शादी करने गए तब उन्होंने कोई भी कपड़ा नहीं पहन रखा था। उन्हें नागा देख पूरा संसार शर्माया मगर, भोलेनाथ नहीं शर्माए। ना माता पार्वती शर्माई।
हनुमान गढ़ी अयोध्या के नागा साधु शिवकुमार दास ने बताया कि नागा साधु, हिन्दू धर्म के वो साधु होते हैं जो हमेशा नग्न रहते हैं और युद्ध कला में माहिर होते हैं। ये नागा साधु अखाड़ों में रहते हैं और धार्मिक संगठनों का हिस्सा होते हैं।

# जनकल्याण से संबंधित कार्यों को गंभीरता से लें अधिकारी: नेगी

**त्रैमासिक बैठक**

**चन्द्र प्रभा नेगी ने आज यहां बचत भवन में जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता की।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** जिला परिषद अध्यक्ष चन्द्र प्रभा नेगी ने आज यहां बचत भवन में जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी सदस्यों द्वारा जनकल्याण से संबंधित कार्यों की पैरवी की जाती है इसलिए सभी अधिकारी इन प्रस्तावों को गंभीरता से लें ताकि लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों, खासकर जिनसे सम्बन्धित मुद्दे बैठक में उठाये जाते हैं, को जिला परिषद की बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।
जिला परिषद के कोरम से सांसद और विधायकों को किया जाये बाहर
बैठक में सभी सदस्यों ने जिला परिषद के कोरम से सांसद और विधायकों को बाहर करने का प्रस्ताव रखा और इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बात करने का सुझाव दिए। उल्लेखनीय है कि जिला परिषद की बैठक में न ही कभी सांसद उपस्थित होते हैं और न ही विधायक जिससे बैठक का कोरम पूरा नहीं हो पता और मामलों को अनुमोदित करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा के पेपर लीक मामले में शामिल अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के प्रस्ताव में बताया गया कि इस मामले को लेकर हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष से चर्चा हुई है और इसे विधानसभा में रखा जाएगा। जिला परिषद सदस्य सुभाष कैंथला के



विशेषज्ञों, कारीगरों के व्यवसाय शिल्प आधारित कार्य का पंजीकरण और प्रमाण पत्र जारी करने बारे प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए बताया गया प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विशेषज्ञ एवं कारीगर आवेदन कर सकते हैं जिसके तहत उन्हें प्रशिक्षण के साथ-साथ टूलकिट लेने के लिए आर्थिक सहायता भी दी जाती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मिस्त्री और कामगार का प्रशिक्षण नहीं होता है जिसका सीधा नुकसान काम करवाने वाले को उठाना पड़ता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने से कामगार के कार्य की गुणवत्ता बेहतर होगी और लोगों के पैसे की बचत भी होगी। सुभाष कैंथला के उप-तहसील कोटगढ़ में पुलिस चौकी खोलने बारे प्रस्ताव पर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि जिला परिषद की अगली बैठक में इसकी अनुपालना सुनिश्चित कर दी जाएगी। जिला परिषद सदस्य नीमा जस्टा ने चौपाल क्षेत्र में ग्राम पंचायत सराहं में पौध संरक्षण उप-केंद्र अथवा उद्यान प्रसार केंद्र खोलने बारे प्रस्ताव पर बताया गया कि इसकी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को भेजी गई है और इसमें विभिन्न पद भी सृजित करने होंगे। इसके अतिरिक्त, उनके ग्राम पंचायत धबास के कुहल गांव में ट्रांसफार्मर लगवाने बारे प्रस्ताव बारे बताया गया कि ट्रांसफार्मर आगामी मार्च माह तक लगा दिया जायेगा। जिला परिषद सदस्य विशाल ने कहा कि मनरेगा में 70 प्रतिशत कार्य सार्वजनिक व 30 प्रतिशत कार्य व्यक्तिगत होते हैं। उन्होंने कहा कि मरेगा का 20 प्रतिशत बजट जल संरक्षण के लिए रखा जाना चाहिए। जिला परिषद सदस्य कुमारी भारती जनारथा के विकास खण्ड रोहड़ू की विभिन्न पंचायतों में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल करवाने के प्रस्ताव पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से मॉक ड्रिल के लिए बजट उपलब्ध करवाने के विकल्प तलाशने के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाएं अधिक होती है इसलिए वहां समय-समय पर मॉक ड्रिल करवाना आवश्यक है ताकि लोगों को आगजनी की घटनाओं से निपटने में सक्षम बनाया जा सके और संभावित नुकसान को भी कम किया जा सके। जिला परिषद सदस्य त्रिलोक भलूणी के प्रस्ताव रामपुर के संगोली से नैहरा सड़क में बजट प्रावधान बारे बताया गया कि इस कार्य की एएनडीएस हो चुकी है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 10 लाख रुपए की राशि भी उपलब्ध करवा दी गई है। त्रिलोक भलूणि ने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का धन्यवाद करते हुए बताया कि इस सड़क के बन जाने से उस क्षेत्र के लोगों का 40 किलोमीटर का सफर कम होगा।

## सड़क के निर्माण कार्य के लिए धन की व्यवस्था का मिला आश्वासन



**टीम एक्शन इंडिया**
गत दिवस को विधायक करसोग दीपराज केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से ततापानी से बखरौट सड़क के उन्नयन कार्य के लिए पूर्ण दस्तावेज पेश किए जिसके लिए नेता प्रतिपक्ष और विधायक करसोग जनता से वचनबद्ध है। लोकसभा चुनाव के दौरान करसोग विधानसभा में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गटकरी ने सड़कों की घोषणा की थी और आज माननीय विधायक दीपराज के अथक प्रयासों से इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए धन की व्यवस्था का आश्वासन मिल गया है।
बहुत ही जल्द जमीनी स्तर में यह कार्य दिखेगा। इस सड़क कार्य के पूर्ण होने पर करसोग पर्यटन के साथ-साथ आम जनता को बेहतरीन सुविधा प्रदान होगी।

## धोखाधड़ी करने वाला ठग बाबा गिरफ्तार, ७ लाख रुपये के सोने के जेवरात बरामद

**बरेली/टीम एक्शन इंडिया**
बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बरेली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए धोखाधड़ी के आरोपी ठग बाबा को गिरफ्तार किया और करीब ७ लाख रुपये कीमत के सोने के जेवरात बरामद किए। इस पूरे घटनाक्रम में आरोपी ने वादी और उनके परिवार के सदस्यों को मृत्यु का भय दिखाकर पूजा करने के नाम पर धोखाधड़ी कर उनके सोने के जेवरात चुरा लिए थे। ०४ जनवरी २०२५ को वादी शोभित शंखधार निवासी ग्राम नरियावल, थाना बिथरी चैनपुर ने थाना में तहरीर दी, जिसमें बताया गया कि आरोपी व्यक्तियों ने उनकी माता, पत्नी और भाभी को धोखा देकर उनके सोने के जेवरात ले लिए।

## सुन्नी छात्र संघ एवं युवा संगठन द्वारा आयोजित दूसरे लोकनृत्य कार्यक्रम में विक्रमादित्य ने की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**
**शिमला:** शिमला स्थित ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सुन्नी छात्र संघ एवं युवा संगठन द्वारा आयोजित दूसरे वार्षिक लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए।
इस दौरान संगठन द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। वहीं, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों को सुचारू रूप से आय कैसे मिले और टूरिज्म में बढ़ावा कैसे हो चाहे वे सिराज का इलाका हो या चौपा का इलाका हो या अन्य इलाका हो उस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने सुन्नी के लोगो को बधाई देते हुए कहा कि बहुत सी सड़कों का निर्माण कार्य इन दो सालों के कार्यकाल में किया गया है।

## महाकुंभ में सबसे नया है किन्नर अखाड़ा, ट्रांसजेंडर राइट्स के लिए कर रहा काम

**किन्नर अखाड़ा**

**सनातन धर्म से जुड़े 13 प्रमुख अखाड़े हैं। इसमें से एक अखाड़ा किन्नर अखाड़ा भी है जो सबसे नया अखाड़ा है**

**महाकुम्भ नगर/टीम एक्शन इंडिया** सनातन धर्म से जुड़े 13 प्रमुख अखाड़े हैं। इसमें से एक अखाड़ा किन्नर अखाड़ा भी है जो सबसे नया अखाड़ा है। महाकुंभ में किन्नर अखाड़ा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह अखाड़ा किन्नरों के धार्मिक और सामाजिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए भी कार्य करता है। किन्नर अखाड़ा ने



भारतीय समाज में अपनी पहचान बनाई है और यह अखाड़ा अपनी अद्भुत पहचान के कारण ध्यान आकर्षित करता है। इस अखाड़े के इष्ट देव अर्धनारीश्वर और बउचरा हैं जिनके पूजा के उपरांत ही किन्नर संत कोई कार्य शुरू करते हैं।
बता दें, किन्नर अखाड़े की स्थापना 2016 के सिंहस्थ कुंभ से पहले अक्टूबर 2015 में हुई थी। तब से किन्नर अखाड़ा लगातार बढ़ रहा है। हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने वाले दर्जनों किन्नरों को भी किन्नर अखाड़े ने फिर से अपने साथ जोड़ा है। किन्नर अखाड़े ने अब तक कई महामंडलेश्वर और मंडलेश्वर भी बनाए हैं। इसके अलावा, किन्नर अखाड़े ने 2019 के कुंभ से पहले संन्यासी परंपरा के सबसे बड़े अखाड़े श्री पंचदश नाम जूना अखाड़े के साथ लिखित समझौता किया था। जूना अखाड़े के संरक्षक महंत हरि गिरि के साथ किन्नर अखाड़ा भी इस बार महाकुम्भ में आया है।
भारतीय समाज में किन्नरों को माना जाता है शुभ भारतीय संस्कृति में किन्नरों को शुभ माना जाता है और उनकी उपस्थिति को शुभ माना जाता है। समाज में किन्नर समुदाय को एक विशेष स्थान प्राप्त है। इन्हें प्राचीन भारतीय संस्कृति में धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से एक अलग दर्जा दिया गया है। हिंदू धर्म में किन्नरों को भगवान शिव के उपासक और विशेष रूप से किन्नर समुदाय को शुभकामनाएं देने वाले और आशीर्वाद देने वाले के रूप में देखा जाता है।
अध्यात्म, समर्पण और परम्पराओं का प्रतीककुम्भ में किन्नरों की विशेष और ऐतिहासिक भूमिका होती है। किन्नर अखाड़ा अध्यात्म, समर्पण और परंपराओं का प्रतीक है। किन्नर अखाड़े की स्थापना का उद्देश्य किन्नर समुदाय को समाज में सम्मान और धार्मिक स्थान दिलाना है। कुंभ के दौरान किन्नर अखाड़ा विभिन्न धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेता है, शाही स्नान में शामिल होता है, और अपने अखाड़े की विशेष परंपराओं का पालन करते हैं।
ट्रांसजेंडर राइट्स को लेकर सक्रियता किन्नर अखाड़े की संस्थापक और आचार्य महामण्डलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा, एक समय था, जब समाज में किन्नरों को हीन दृष्टि से देखा जाता था।

## दिहाड़ी मजदूर की ईंट से कूंचकर हत्या, ग्रामीणों में आक्रोश



**रायबरेली/टीम एक्शन इंडिया**
दिहाड़ी मजदूर की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी गई और एक दुकान के सामने फेंक कर हत्यारे फरार हो गए। बुधवार सुबह को लोगों ने देखा तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के पास चाकू भी बरामद किया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मार्ग जाम कर दिया।
सलोन थाना क्षेत्र के उमरन गांव निवासी रामखेलावन (50) पुत्र बदलू गांव में ही रहकर मजदूरी करते थे। परिजनों के अनुसार मंगलवार की शाम वह गेहूं की सिंचाई कर घर लौटे थे। कुछ देर बाद बाजार जाने की बात कहकर घर से निकले फिर वापस नहीं लौटे। बुधवार सुबह उमरन बाजार में एक दुकान के सामने उनका खून से लथपथ शव पड़ा मिला। शव खून से सना था,सिर पर ईंट से कई वार किए गए थे। शव के ऊपर एक चाकू भी रखा मिला। जानकारी होने पर पुलिस ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी लेकिन घटना से नाराज ग्रामीणों ने सलोन - ऊंचाहार मार्ग पर जाम लगा दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस पर हत्या की घटनाओं में कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। सलोन के पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि हत्या की सूचना मिली है। हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही इसका खुलासा कर लिया जाएगा।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा एक की मौत, पांच घायल

**जालौन/टीम एक्शन इंडिया**
जालौन में मंगलवार देर रात को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक कार में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, वहीं पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के 185.6 किलोमीटर पर हुआ। बताया गया है कि चित्रकूट के रहने वाले रिंकू उम्र 45, अपने साथ अभिषेक 42 वर्ष, शौर्य 8 वर्ष, चांदनी 40 वर्ष और दो अन्य लोगों के साथ मथुरा वृंदावन गए थे, मंगलवार शाम को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के रास्त वापस चित्रकूट के लिए आ रहे थे, वह बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के 185.6 किलोमीटर के पास पहुंचे तभी औरैया की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें कार सवार रिंकू की मौत हो गई।

## रामनगर भीटी में तड़के मुठभेड़ में पुलिस ने लूटेरे को दबोचा

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
रामनगर थाना क्षेत्र के भीटी गांव के समीप बुधवार तड़के पुलिस टीम ने मुठभेड़ में लूटेरे को दबोच लिया। मुठभेड़ की जानकारी पाते ही मौके पर एडीसीपी काशी सरवणन टी और एसीपी भेलूपुर डॉ. ईशान सोनी मौके पर पहुंच गए। घायल बदमाश को पुलिस टीम ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घायल बदमाश की पहचान चंदौली जनपद के रामगढ़ गांव निवासी मुकुल शर्मा के रूप में हुई। बदमाश कुछ दिन पूर्व कमच्छा क्षेत्र में



सर्राफ कारोबारी और उसके बेटे के साथ हुई लूट की घटना में शामिल रहा था। एडीसीपी काशी सरवणन टी के अनुसार पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर पूरे जनपद के विभिन्न जगहों पर भोर में ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत वाहन चेकिंग अभियान चल रहा था। इसी अभियान के तहत रामनगर पुलिस भीटी और हाइवे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। अभियान के बीच भोर में पुलिस की चेकिंग देख एक संदिग्ध व्यक्ति बाइक मोड़ कर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया तो उसने फायर करना शुरू कर दिया, जवाब में पुलिस टीम ने भी बदमाश पर गोलियां चलाईं। एक गोली बदमाश के पैर में लगी और वह बाइक समेत गिर पड़ा। यह देख पुलिस टीम ने घेरकर उसे दबोच लिया। बदमाश पर वाराणसी और चंदौली में पहले से ही अपराधिक केस दर्ज है। मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाश के पास से बाइक,पिस्टल और मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस बदमाश से उसके गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ में जुटी हुई है।

## संत रविदास अखाड़ा को प्रयागराज महाकुंभ में नहीं मिली जमीन

**महाकुंभ**

**प्रयागराज महाकुंभ में विविध मत पंथ व सम्प्रदाय के संतों का आगमन हो चुका है**


**महाकुंभनर/टीम एक्शन इंडिया**
वहीं अधिकांश अखाड़ों का मेला क्षेत्र में प्रवेश भी हो चुका है। विभिन्न अखाड़ों व आश्रमों से जुड़े साधु संतों ने अपनी धूनी भी रमा ली है। वहीं अखिल भारतीय संत रविदास अखाड़ा को अभी तक प्रयागराज महाकुंभ में जमीन ही नहीं मिल पायी है। इसलिए



देश के विभिन्न हिस्सों से आये दलित समाज के संत भीषण ठंड में दर-दर भटकने को मजबूर हैं।
अखिल भारतीय रविदास अखाड़ा के प्रमुख सदाजप महाराज ने बताया कि संत रविदास अखाड़ा 1980 से लेकर उज्जैन कुंभ, हरिद्वार कुंभ और नासिक के कुंभ में शिविर लगाकर संत समाज की सेवा करता आया है। नासिक, उज्जैन व हरिद्वार में लगे कुंभ में रविदास अखाड़ा को जमीन के अलावा अन्य सुविधाएं मिलती रही हैं।
संत सदाजप महाराज ने बताया कि प्रयागराज मेला प्राधिकरण को जमीन मुहैया कराने के लिए आवेदन किया था। इसके लिए एक सप्ताह से अधिक समय तक हम प्रयागराज मेला प्राधिकरण का चक्कर काट रहे हैं।
मेलाधिकारी विजय किरन आनन्द ने हमारा आवेदन यह कह कर लौटा दिया कि जमीन नहीं है।
अशोक सिंहल की प्रेरणा से बना रविदास अखाड़ा
रविदास अखाड़ा के प्रमुख सदाजप महाराज विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े हैं। राम मंदिर आन्दोलन में उन्होंने काम किया है।
विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष रहे अशोक सिंहल की प्रेरणा से अखिल भारतीय रविदास अखाड़ा की स्थापना 1980 में उज्जैन में उन्होंने की थी। उज्जैन में कई रविदास मंदिरों का निर्माण अखाड़ा ने कराया है।
समाज में सामाजिक समरसता के निर्माण व दलित समाज में हिन्दू धर्म व हिन्दू संस्कृति के प्रति स्वाभिमान जाग्रत करने के उद्देश्य से इस अखाड़े के संत काम करते हैं।
अखाड़े से जुड़े हैं दस हजार से अधिक संतअखिल भारतीय रविदास अखाड़ा से देशभर में दस हजार से अधिक साधु संत जुड़े हुए हैं। जमीन न मिल पाने की वजह से अभी तक रविदास अखाड़ा का शिविर नहीं लग सका है।
२महाकुंभ में कल्पवास करने दलित समाज के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में आते हैं। रविदास अखाड़ा का शिविर न लग पाने की वजह से दलित समाज के कल्पवासी असमंजस में हैं।

## झांसी रेल मंडल : दिसम्बर-2024 में माल लदान से 80 करोड़ रुपये की आय अर्जित

**झांसी/टीम एक्शन इंडिया**
मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) नीरज भटनागर के नेतृत्व में झांसी मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसंबर माह में माल लदान से उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इस अवधि में मंडल द्वारा 79.84 करोड़ रुपये की आय अर्जित की गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में हुई 72.10 करोड़ रुपये की आय से 10.74% अधिक है। दिसंबर माह में झांसी मंडल ने 7



लाख 58 हजार 349 मीट्रिक टन माल ढुलाई की। प्रमुख वस्तुओं में पेट्रोलियम पदार्थों से लगभग 27 करोड़ रुपये, सीमेंट से लगभग 12 करोड़ रुपये, और खाद्यान्न से लगभग 11 करोड़ रुपये की आय हुई। रेलवे ने व्यापार करने में आसानी के साथ-साथ प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सेवा वितरण में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। कम कीमत पर बढ़िया सेवा देने का प्रयास किया गया है । कुशल नीति निर्माण द्वारा समर्थित ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण और व्यवसाय विकास इकाइयों के कारण रेलवे को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने में मदद मिली है। यह उपलब्धि मंडल की दक्षता, बेहतर योजना और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण का परिणाम है। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने इस सफलता के लिए मंडल के सभी कर्मचारियों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह प्रगति जारी रहेगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## योजनाओं का जनता को मिल रहा लगातार लाभ: रावत

टीम एक्शन इंडिया

**गोपेश्वर।** निकाय चुनाव के मतदान की तिथि नजदीक आते ही चुनाव प्रचार ने भी तेजी पकड़नी शुरू कर दी है। बुधवार को नगर पालिका परिषद गोपेश्वर के भाजपा उम्मीदवार संदीप रावत के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री डा. धनसिंह रावत ने गंगोल गांव सगर में एक जनसभा की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारें लगातार जनता के हित में कार्य कर रही है। जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है और आने वाले समय में भी जनता को सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिलता रहेगा। नगर पालिका चमोली गोपेश्वर के गंगोल गांव सगर में आयोजित जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार वर्तमान समय में लगातार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रही हैं सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ लगातार आम जनमानस को मिल रहा है जिसके चलते आम जनता का मन भी सरकार के साथ है उन्होंने कहा कि अगर केंद्र राज्य के साथ-साथ नगर निकाय में भी भाजपा के सरकार में बैठेगी तो इसका सीधा प्रभाव विकास के साथ रहेगा और जिसका लाभ आम जनमानस को मिलेगा।

## दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों में विशेषज्ञ स्टॉफ तैनाती की मांग

टीम एक्शन इंडिया

नैनीताल: हाईकोर्ट ने उत्तराखंड के जिलों में स्थापित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों में विशेषज्ञ स्टॉफ की तैनाती की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से 14 फरवरी तक प्रगति रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने यह निर्देश दिया है कि केंद्र सरकार की दिव्यांगजन के लिए जारी योजनाओं को लागू करने के लिए राज्य सरकार ने क्या नीति अपनाई है, इसका विवरण प्रस्तुत किया जाए। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य सचिव, सचिव समाज कल्याण, और गढ़वाल-कुमाऊं के मंडलायुक्त दीपक रावत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। स्वास्थ्य सचिव ने माना कि दिव्यांगजनों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अभी पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है और इन्हें प्रभावी रूप से लागू करने के लिए समय की आवश्यकता है। याचिका रोशनी नामक संस्था की ओर से दायर की गई थी। इसमें कहा गया कि केंद्र सरकार के फंड से राज्य के जिलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# महाकुम्भ भव्य, दिव्य के रूप में जाना जाएगा: सीएम

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति कर रहा है- योगी

वैश्विक छाप

▸▸ महाकुम्भ अपनी आस्था और आधुनिकता के नए समागम के रूप में वैश्विक का पटल पर नई छाप छोड़ेगा




टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के निवासियों का सौभाग्य है कि उन्हें भारत की आध्यात्मिक विरासत को महाकुम्भ के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाकुम्भ में भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में भारत अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व कर रहा है। मुख्यमंत्री एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित डिवाइन उत्तर प्रदेश: द मस्ट विजिट सेक्रेड जर्नी कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का परिचायक है। यह आयोजन देश और दुनिया के लोगों को अपनी प्राचीन परंपराओं पर गर्व करने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन भी प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें संतों के सानिध्य में इस आयोजन को सफल और सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं।

**आधुनिकता और आध्यात्मिकता का समागम है महाकुम्भ 2025**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बार का महाकुम्भ एक भव्य, दिव्य और डिजिटल आयोजन होगा। 10,000 एकड़ क्षेत्रफल में आयोजित यह महाकुम्भ स्वच्छता, सुरक्षा और आधुनिकता का आदर्श प्रस्तुत करेगा।

### महाकुम्भ के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि महाकुम्भ के आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। गंगा और यमुना नदी में किसी भी प्रकार के सीवर या कचरे का निर्वहन नहीं किया जाएगा। इसके लिए अत्याधुनिक एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) और बायो-रिमिडिएशन पद्धतियों का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही 1.5 लाख से अधिक शौचालयों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे पूरी तरह से स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल हों। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में भारत अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व कर रहा है। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या, और प्रयागराज के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि का परिणाम है कि आज ये स्थान वैश्विक स्तर पर आकर्षण के केंद्र बन गए हैं।

**श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए हैं विस्तृत प्रबंध:** महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 25 सेक्टरों में विभाजित क्षेत्र में 30 पेंटून ब्रिज, 5000 एकड़ में पार्किंग की व्यवस्था और 8000 से अधिक बसें संचालित की जाएंगी। इसके अलावा, बैटरी संचालित वाहन और सटल बस सेवा भी उपलब्ध होगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुम्भ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और आध्यात्मिक एकता का प्रतीक है।

## आगामी अभियानों को लेकर चंडीगढ़ में मंथन: बड़ौली



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** बुधवार को चंडीगढ़ मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा ने आगामी एक साल के कार्यक्रमों पर मंथन किया। यहां प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को प्रदेश अध्यक्ष ने बुलाया और उनके साथ होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया की मौजूदगी में दिल्ली चुनाव में किन-किन भाजपा नेताओं की ड्यूटी लगाई जानी है इस पर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने साफ किया कि दिल्ली चुनाव में हरियाणा के लगभग 100 नेताओं की ड्यूटी लगेगी। मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को जब चुनाव का परिणाम आएगा तब हरियाणा की तरह ही दिल्ली में भी जलेबी बंटेगी। श्री बड़ौली ने आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी दुनिया की सबसे भ्रष्ट और झूठ बोलने वाली पार्टी है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह किया, इसलिए अब जनता का भी मन भाजपा की सरकार बनाने का बन चुका है। श्री बड़ौली ने कांग्रेस को भी घेरा और कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के अंदर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का सिलसिला चल रहा है। जमीनी स्तर पर कांग्रेस ने कोई काम नहीं किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का संगठन पर्व चल रहा है। संगठन पर्व के निमित आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ सीएम आवास पर भाजपा के जिला अध्यक्षों और प्रदेश महामंत्रियों की बैठक हुई है। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और योजना को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि अब तक हरियाणा में 43 लाख लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से 42 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला था, लेकिन हमने उसे बढ़ाकर 50 लाख किया। श्री बड़ौली ने कहा कि जल्द ही हम 50 लाख के लक्ष्य को भी पूरा करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चार-पांच दिन में प्रदेश के 20 हजार 629 बूथों पर संगठन का काम पूरा हो जाएगा। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सभी मंडलों में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। हर बूथ पर 12 सदस्यों की कमेटी बनाई जाएगी।

रोडमैप

▸▸ पूरे साल होंगे सुशासन और संविधान को लेकर कार्यक्रम : पंडित मोहन लाल बड़ौली

दिल्ली चुनाव में हरियाणा के 100 से अधिक नेताओं की लगेगी ड्यूटी : मोहन लाल बड़ौली

## फरीदाबाद में छह लोगों को मिली भारत की नागरिकता



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के फरीदाबाद में बुधवार को अफगानिस्तान के 5 लोगों और पाकिस्तान की एक महिला को भारत की नागरिकता प्रदान की गई। इन लोगों को उपायुक्त विक्रम सिंह ने भारतीय संविधान की अनुपालना की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में अफगानिस्तान से रूविल देवी, नीलम, साधना देवी, रजेश कुमार, जोगिंदर सिंह और पाकिस्तान से कमला देवी शामिल हैं। उपायुक्त ने नागरिकता मिलने पर सबको बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत का नागरिक होना गर्व और सम्मान की बात है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। पाकिस्तान से आई कमला ने बताया की वह 2010 में अपने भाई राकेश और बहन विमला के साथ भारत आई थी, लेकिन उसके कागजों में कुछ कमी रह गई थी। इसके चलते उसे नवंबर 2023 में भारत की नागरिकता नहीं मिली। उसके भाई राकेश और बहन को भारत की नागरिकता मिल गई थी। अब उसे भारत की नागरिकता मिली है। वे भारत सरकार का नागरिकता प्रदान करने के लिए तहे दिल से धन्यवाद करते हैं। कमला ने बताया कि भारत की नागरिकता मिलने का लंबे समय से इंतजार था। 6 महीने पहले ही उन्होंने भारत की नागरिकता पाने के लिए आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि उनकी माता राधाबाई और पिता ओमप्रकाश उनके लगभग 6 साल बाद भारत आए थे।

इंतजार खत्म

▸▸ 6 महीने पहले ही उन्होंने भारत की नागरिकता पाने के लिए आवेदन किया था

## परिवहन निगम कमांड सेंटर से 24*7 मिलेगी सुविधा

टीम एक्शन इंडिया

**महाकुम्भ** पुण्य भूमि प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाजनक परिवहन सेवायें मुहैया कराने के लिए उ0प्र0 परिवहन निगम कटिबद्ध है। 13 जनवरी, 2025 से शुरू हो रहे मुख्य स्नान से पूर्व परिवहन निगम द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक बसें श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए उपलब्ध होंगी। परिवहन निगम 07 हजार ग्रामीण बस एवं 350 शटल बसों का संचालन महाकुम्भ क्षेत्र में करेगा।

## प्रदेश में नहीं हो रहा अवैध खनन: कृष्ण

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विपक्ष द्वारा अवैध खनन के संबंध में की जा रही बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं खनन क्षेत्रों का दौरा किया है और कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है। विपक्ष के बयान तथ्य से परे और निराधार हैं। कृष्ण लाल पंवार आज यहां हरियाणा सिविल सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि उन्होंने फिरोजपुर झिरका की उस पहाड़ी का भी दौरा किया। उस जगह से 10 फुट की दूरी पर राजस्थान का खसरा नंबर-62 है, जहां पर माइनिंग चल रही है। उस पहाड़ के अंदर ब्लास्ट होने से हमारी तरफ के पहाड़ भी खिसक सकते हैं, तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। मंत्री ने कहा कि उन्होंने दादरी जिले के बाढ़डा क्षेत्र के पिचौपा गांव का भी दौरा किया। उस गांव में माइनिंग पूरी तरह से बंद है। माइनिंग जोन में कोई खनन नहीं हो रहा है। उस क्षेत्र में एक स्टोन क्रैशर है, जहां शिव शक्ति स्टोन क्रैशर की बेल्ट से एक पत्थर स्लिप होकर एक सुभाष नाम के मजदूर के पैर में लगा, जिससे उसके पैर पर मामूली चोट आई। उसका ईलाज करवा दिया गया। इसके अलावा, दादरी जिले के कलियाणा गांव में खसरा नंबर-216 में एसबीपीआईएल माइनिंग कम्पनी के द्वारा सरकार का लगभग 30 करोड़ रुपया जमा नहीं करवाया था। इस फर्म को सस्पेंड करने के आदेश दिए गए।

नकारा

▸▸ स्वयं खनन क्षेत्रों का दौरा किया है और कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है: कृष्ण लाल पंवार



हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज गुरुग्राम बस स्टैंड का औचक निरीक्षण करते हुए।

## पलवल के विकास को लेकर मनोहर लाल से मिले गौरव गौतम

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को पलवल के विकास कार्यों को लेकर दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्री श्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पलवल में मेट्रो प्रोजेक्ट सहित विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई।

नींव — शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से प्रारंभ यह योजना निश्चित ही स्वर्णिम भविष्य की नींव तैयार करेगी

## मुख्यमंत्री ने किया नई योजना पार्थ का किया शुभारंभ



टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल के तात्या टोपे नगर स्टेडियम में आयोजित 'राज्य स्तरीय युवा महोत्सव' के समापन समारोह में सहभागिता की एवं प्रदेश के ऊजार्वान युवाओं के लिए "मध्यप्रदेश युवा प्रेरक अभियान" व "पार्थ" योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना के साथ ही भारतीय सेना, पुलिस, पैरा मिलिट्री आदि में भर्ती के लिए शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से प्रारंभ यह योजना निश्चित ही स्वर्णिम भविष्य की नींव तैयार करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेरे युवा साथियों, आप सभी हृदय प्रदेश का गौरव हैं। आपकी शक्ति व गति 'मध्य प्रदेश के उज्ज्वल कल' का प्रतिमान है। हम आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्पित हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में युवाओं द्वारा तैयार मॉडल्स का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के साथ सेल्फी भी ली। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग समेत अन्य नेता और विद्यार्थी मौजूद रहे।

**क्या है पार्थ योजना?**

मध्य प्रदेश के युवाओं को पुलिस एवं आर्मी में रोजगार तथा देश प्रेम की भावना जागृत करने के लिये पार्थयोजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत युवाओं को युवाओं को भारतीय सेना, पुलिस, पैरा मिलिट्री आदि में रोजगार उपलब्ध कराने के लिये प्रशिक्षण दिया जाएगा। व्यक्तित्व विकास के लिये प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जाएगा।

शारीरिक दक्षता (फिजिकल टेस्ट) के लिये निश्चित मानदेय पर रखे जाने वाले प्रशिक्षक की न्यूनतम अर्हता बीपीएड/बीपीई/एनआईएस डिप्लोमा एवं राज्य स्तर का एथलेटिक खेल का खिलाड़ी होना अनिवार्य है।

